स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
19 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 297 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कमर की चोट के साथ विश्व चैम्पियनशिप खेलना सही फैसला नहीं था : नीरज चोपड़ा








# 'भारत के लिए AI का मतलब ऑल इंक्लूसिव'

**पेरिस।** फ्रांस के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी उत्सव 'विवाटेक 2026' के 10वें संस्करण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया।

- **पेरिस में बोले मोदी-एफिल टावर पर चल रहा यूपीआई, तकनीक से बदल रहा देश**



इस साल इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में भारत 'ढ्ढ कंट्री पार्टनर' के रूप में शामिल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बड़े बदलाव के दौर में तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर किसी के काम आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहा कि भारत के लिए 'ढ्ढ' का सीधा मतलब 'ऑल इंक्लूसिव' यानी सबका समावेश और सबका कल्याण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को दोनों क्षेत्रों के भविष्य के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि साल की शुरुआत में संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि दोनों अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के नए रास्ते भी खोलेगा। यह टैलेंट (प्रतिभा), टेक्नोलॉजी (तकनीक) और टूरिज्म (पर्यटन) के आदान-प्रदान के लिए कई नए रास्ते तैयार करेगा। इस साल 'भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष' की शुरुआत के साथ फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभा रहा है, जो भारत और पूरे यूरोप के टेक इकोसिस्टम को एक-दूसरे के बेहद करीब ला रहा है। वैश्विक निवेशकों और टेक कंपनियों को भारत में आमंत्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है, जहां सरकार नियमों को आसान बनाकर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। इनोवेशन से लेकर प्रोडक्ट को मार्केट में उतारने तक के सफर के लिए भारत सरकार प्राइवेट सेक्टर को 50 अरब डॉलर से अधिक के प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे किफायती डाटा और सबसे सस्ती ग्रीन एनर्जी भी उपलब्ध करा रहा है। पीएम मोदी ने पिछले एक दशक में तकनीक के दम पर भारत में आए महा-बदलाव का खाका भी पेश किया। उन्होंने बताया कि भारत आज तकनीक का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर कर रहा है। आज दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन का आधा हिस्सा अकेले भारत में होता है। भारत की यह ताकत अब फ्रांस में भी दिखाई दे रही है, जहां लोग पेरिस के मशहूर एफिल टावर और पेरिस एयरपोर्ट पर भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर पा रहे हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म, समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में 111 दिन से जारी तनाव खत्म होने के ठोस संकेत मिले हैं। जी7 देशों के सम्मेलन के लिए फ्रांस दौरे पर गए अमेरिकी

- **ट्रंप और पेजेशकियन की तस्वीरों ने लगाई मुहर**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांसीसी समकक्ष मैक्रों की मौजूदगी में वर्साय में जंग खत्म करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईरान की तरफ से राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हस्ताक्षर किए। हालांकि, पेजेशकियन तेहरान में ही मौजूद रहे और इस प्रक्रिया को डिजिटल तरीके से पूरा किया गया। जिस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, इसमें 14 बिंदु शामिल हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कदम का स्वागत करते हुए इसे स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा और जरूरी कदम बताया है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खोला जाएगा। इससे दुनिया भर में तेल और ऊर्जा की कीमतों में कमी आने और वैश्विक बाजार को राहत मिलने की पूरी उम्मीद है। इसको लेकर, व्हाइट हाउस ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें ट्रंप को मैक्रों के साथ बैठकर दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते देखा जा सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस 14-सूत्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# राज्यसभा चुनाव- झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि देर शाम तक निर्वाचन आयोग की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन मतगणना से जुड़े सूत्रों ने दोनों उम्मीदवारों की जीत की पुष्टि कर दी। मतगणना से मिली जानकारी के अनुसार, एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को 30 वोट प्राप्त हुए, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। वहीं झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम भी राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। इस तरह राज्यसभा की दो सीटों में एक सीट झामुमो और दूसरी सीट एनडीए के खाते में गई। झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज करने वाले एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी ने अपनी जीत पर झारखंड की जनता, विधायकों और भारतीय जनता पार्टी का आभार जताया।

# प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब दुनिया वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही

- **योगी ने रसायनों के दुष्प्रभावों से किया आगाह**

थी, तब भारत मजबूती के साथ खड़ा रहा। अनेक देशों में महंगाई बेकाबू हुई, लेकिन भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हालात को नियंत्रित रखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक खेती



कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का अन्नदाता किसान समृद्ध और स्वस्थ होगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की व्यवस्था लागू की। इसके साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती की लागत बढ़ने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं।

# नीट री-एक्जाम तय समय पर ही, व्यापक इंतजाम

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को नीट-यूजी 2026 के उम्मीदवारों को भरोसा दिलाया। 21 जून को होने वाली दोबारा

- **अफवाहों पर ध्यान न दें अभ्यर्थी : एनटीए**
- **गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई**

परीक्षा से पहले एजेंसी ने छात्रों से शांत रहने, परीक्षा टलने की अफ़वाहों पर ध्यान न देने और अपनी तैयारी पर भरोसा रखने को कहा, क्योंकि परीक्षा में अब बहुत कम दिन बचे हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए एक मैसेज में एजेंसी ने सीधे उम्मीदवारों से बात की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अब सिर्फ़ तीन दिन बचे हैं और उन्हें सलाह दी कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अफ़वाहों के बजाय अपने परफ़ॉर्मेंस पर ध्यान दें। इसमें कहा गया कि परीक्षा तय समय पर ही होगी। परीक्षा टलने की अफ़वाहों या सोशल मीडिया पर चल रही बातों पर ध्यान न दें। सिर्फ़ एनटीए की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। एनटीए ने दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए किए जा रहे व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक इंतज़ामों पर भी ज़ोर दिया। यह परीक्षा 3 मई को पेपर लीक होने के बाद रद्द की गई परीक्षा की जगह पर आयोजित की जा रही है। एजेंसी ने कहा कि हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# तीन-भाषा नीति पर अंतरिम रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, 14 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की नई तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यह नीति शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए लागू की जानी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस मामले को पहले से लंबित समान याचिकाओं के साथ टैग कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट



कहा कि इस मामले पर पहले भी विस्तृत बहस हो चुकी है, इसलिए फिलहाल किसी प्रकार की अंतरिम सुरक्षा या रोक का आदेश नहीं दिया जा सकता। यह याचिका फ्रेंड्स ऑफ पीपुल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी नामक गैर-सरकारी संगठन ने दायर की है। संगठन की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि वे तीन-भाषा नीति का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके क्रियान्वयन के तरीके को चुनौती दे रहे हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने संगठन के नाम को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या ऐसा नाम अदालत या लोगों के मन में भय पैदा करने के लिए रखा गया है।

# शिक्षा-रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस का नया अभियान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और नौकरी की तलाश कर

- **राहुल गांधी की अपील-एकजुट हों युवा**

रहे युवाओं के लिए 'छात्रों की गूंज' अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। राहुल गांधी का कहना है कि इस अभियान का मकसद शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़ी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाना है। सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि अगर किसी छात्र ने पेपर



लीक, परीक्षा में नकल या बहुत ज्यादा फीस का दर्द सहा है, तो यह अभियान उनके लिए है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था ने कई युवाओं के सपनों को तोड़ा है। कई परिवारों ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चों की पढ़ाई में लगा दी है। ऐसे में छात्रों की गूंज उन सभी युवाओं की आवाज बनेगा।

# एनडीए बना 'नेशनल डिफेक्टर अलायंस' : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री विपक्षी दलों में फूट

- **लगाया पार्टियों को तोड़ने का आरोप**

डालने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने एनडीए को नेशनल डिफेक्टर अलायंस यानी राष्ट्रीय दल-बदलु गठबंधन का नाम दिया है। उनका कहना है कि सरकार यह सब विपक्षी दलों का मनोबल तोड़ने के लिए कर रही है। जयराम रमेश ने 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हुई घटना का हवाला दिया। उस दिन सरकार ने संविधान संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए पेश किया था। संविधान संशोधन विधेयक पर हुई वोटिंग में सरकार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। सरकार के पक्ष में 298 वोट पड़े, जबकि विपक्ष ने इसके खिलाफ 230 वोट डाले। रमेश के अनुसार, इस हार ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बहुत परेशान कर दिया है। उन्होंने इसे गृह मंत्री का अपमान बताया क्योंकि वे अपनी पूरी ताकत लगाने के बाद भी जरूरी आंकड़ा नहीं जुटा पाए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अब सरकार अपनी संख्या बढ़ाने के लिए दूसरे दलों को तोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री मानसून सत्र से पहले दो-तिहाई बहुमत चाहते हैं ताकि वे संसद का विशेष सत्र बुला सकें। रमेश ने कहा कि 16 अप्रैल को भी इसी उम्मीद में विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन विपक्ष की एकता की वजह से सरकार को केवल 298 वोट ही मिल सके। उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला करार दिया। रमेश ने गृह मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि जिस कुर्सी पर कभी सरदार पटेल बैठते थे, आज वहां बैठकर ऐसी राजनीति की जा रही है।

# मानव विशेषज्ञों ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने हाल के वर्षों में गणितीय समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता से दुनिया को चौंकाया है, लेकिन शोध स्तर की कठिन गणितीय चुनौतियों पर उसकी सीमाएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। एक



अत्यंत कठोर परीक्षण में शीर्ष एआई प्रणालियां अनुभवी गणितज्ञों के प्रदर्शन की बराबरी नहीं कर सकीं। फर्स्ट प्रूफ नामक इस पहल के तहत एआई मॉडल्स को ऐसे गणितीय प्रश्न दिए गए जो पहले

- **एआई मॉडल्स को दिए गए अनदेखे गणितीय प्रश्न**
- **कई का समाधान नहीं खोज सके सिस्टम**

कभी प्रकाशित नहीं हुए थे और जिनका मूल्यांकन संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ गणितज्ञों ने किया। परिणामों में दिखा कि एआई में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद मानव विशेषज्ञता अभी भी बढ़त बनाए हुए है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट प्रूफ परियोजना का उद्देश्य यह परखना है कि एआई जटिल और शोध-स्तरीय गणितीय समस्याओं को किस हद तक हल कर सकता है।

यह अध्ययन ऐसे समय सामने आया है जब एआई गणित में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर चुका है। हाल ही में ओपनएआई के एक चैटबॉट ने प्रसिद्ध गणितज्ञ पॉल एर्डोश द्वारा प्रस्तावित लगभग 80 वर्ष पुरानी गणितीय चुनौती का समाधान खोजकर शोध समुदाय का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बावजूद फर्स्ट प्रूफ के नतीजे बताते हैं कि शोध स्तर पर एआई की क्षमता अभी भी असमान है। परियोजना से जुड़े शोधकर्ताओं का मानना है कि भविष्य में ऐसे परीक्षण यह समझने में मदद करेंगे कि गणितज्ञों के लिए एआई कितना उपयोगी सहायक बन सकता है।

## एयर फोर्स अफसर की पत्नी से रेप में मौलाना गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर में एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप, काला जादू और जबरन धर्मांतरण मामले में एक मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 साल की महिला ने 12 जून एफआईआर में आरोप लगाया था कि उसे नशीला पदार्थ देकर रेप और ब्लैकमेल किया गया। फिर जबरन शादी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। हजरत नाम के मौलाना पर महिला के ऊपर काला जादू और धर्मांतरण करने का आरोप है। आरोपी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया का रहने वाला है। मौलाना की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। दबाव बढ़ने पर बुधवार रात उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा।

## उद्धव गुट के 6 सांसदों ने शिंदे को माना अपना नेता

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) के लिए स्थिति और भी खराब होती दिख रही है। क्योंकि उसके नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने गुरुवार को यहां संसदीय दल की बैठक में भाग नहीं लिया। जिससे यह संकेत मिलता है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना में औपचारिक रूप से शामिल होना केवल समय की बात हो सकती है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत, अनिल देसाई और राजभाऊ वाजे, पार्टी के इकलौते राज्यसभा सांसद संजय राउत के साथ बैठक में शामिल हुए। शेष छह सांसदों की अनुपस्थिति ने पार्टी के संसदीय खेमे में विभाजन की पुष्टि कर दी। बैठक में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में नागेश अष्टिकर, संजय देशमुख, संजय जाधव, संजय दीना पाटिल, ओमप्रकाश राजेनिम्बलकर और भाऊसाहेब वाकचौरे शामिल हैं।

## दिल्ली में नौकरानी की बेरहमी से हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। माउंट कैलाश इलाके की एक इमारत की छत पर 45 वर्षीय महिला का शव खून से सना हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही अमर कॉलोनी थाने की टीम, कालकाजी एसीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के दौरान बिल्डिंग की छत पर महिला का शव बरामद हुआ। महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था। मृतका की पहचान मीना (45) के रूप में हुई है।

**पहल** छींटाकशी से खेल छोड़ रही थीं लड़कियां, मेघा की कोशिश से 40000 जुड़ीं

# दुनियाभर में सकारात्मक बदलाव ला रहे दूरदर्शी लीडर्स

**न्यूयॉर्क।** 'टाइम' मैगजीन ने पहली बार 'विजनरीज' की सूची जारी की है, जिसमें अमेरिकी बच्चों के उज्जवल भविष्य और उनकी क्षमता को निखारने के लिए काम कर रहे लीडर्स को शामिल किया है। सूची में लड़कियों के खेल अधिकारों के लिए लड़ रहीं भारतवंशी मेघा समेत शिक्षा व मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने वाले 14 चेहरे शामिल हैं। इनमें कुछ चुनिंदा लीडर्स ये हैं।



**मेघा रामनाथन - खेल में जेंडर असमानता दूर करने का मिशन**

को-एड तैराकी टीम में लड़कों की लैंगिक टिप्पणियों से परेशान साथी लड़कियां स्पोर्ट्स छोड़ने लगीं, तो मेघा ने इसे बदलने की ठानी। उन्होंने 'GirlsySports' की नींव रखी, जो खेल क्षेत्र में जेंडर असमानता के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा युवा-नेतृत्व वाला संगठन है। मेघा की इस पहल से भारत समेत 23 देशों की करीब 40 हजार लड़कियां खेलों से जुड़ पाईं।

**सारा शेल्के - 25 हजार साथियों के जरिए तनाव से जंग**

परिवार के एक सदस्य को डिप्रेशन से जूझते देख सारा ने मानसिक स्वास्थ्य संकट पर काम शुरू किया। उनका संगठन 71 देशों में 25 हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स के साथ काम कर रहा है।

**ब्रायन गैरेट - वंचित युवाओं को कॉरपोरेट जगत से जोड़ रहे**

अपनी गैर लाभकारी संस्था से वंचित समुदायों के स्कूली छात्रों को जेपी मॉर्गन और टारगेट जैसी कंपनियों में पेड इंटर्नशिप दिला रहे हैं। इनकी संस्था जेनेसिस वर्क्स 14 हजार से ज्यादा युवाओं की जिंदगी बदल चुकी है। यहां से निकले 90 प्रतिशत छात्र कॉलेज जाते हैं और आम अमेरिकी युवाओं से बेहतर सैलरी पाते हैं। अब लक्ष्य एआई के दौर में मौके बढ़ाना है।

**चाड हाउसर - अनूठे कैफे से बदली 1700 युवाओं की जिंदगी**

जेल से छूटे किशोरों के लिए अनोखा गैर-लाभकारी रेस्त्रां 'कैफे मोमेंटम' शुरू किया है। यहां इन्हें एक साल पेड इंटर्नशिप के साथ कुकिंग, मेंटल हेल्थ व पढ़ाई से जुड़ी मदद दी जाती है। इससे किशोरों का दोबारा अपराध से जुड़ने का ग्राफ 50 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। 1700 युवाओं की जिंदगी बदलने पर 'ह्यूमैनिटेरियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से भी नवाजे गए हैं।

**एंजेला फेरेल - बंदूक हिंसा के खिलाफ एकजुट करने में जुटीं**

अमेरिका में बच्चों की मौत की सबसे बड़ी वजह बंदूक हिंसा है। इसके खिलाफ देशव्यापी अभियान 'मॉम्स डिमांड एक्शन' चला रही हैं। इनकी कोशिशों से कोर्ट के जरिए अवैध और बिना लाइसेंस वाली 'घोस्ट गन' बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बंद हुई। वे स्थानीय स्तर पर लोगों को गन के सुरक्षित रखरखाव के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

# ई-पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, रजिस्ट्री कार्यालय में जड़ा ताला

## ज्ञापन सौंपकर शासनादेश वापस लेने की मांग, आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं और स्टांप वेंडरों ने बैठक कर शासन के निर्णय को स्वरोजगार और विधि व्यवसाय के लिए नुकसानदायक बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शासनादेश वापस लेने की मांग की गई।बार एसोसिएशन सभागार में अध्यक्ष राजेश्वर यादव की अध्यक्षता और महामंत्री राहुल देव सागर के संचालन में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं ने चार जून को जारी शासनादेश के तहत लागू ऑनलाइन ई-पंजीकरण व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि बिना पर्याप्त प्रचार-प्रसार और प्रभावों का अध्ययन किए इस व्यवस्था को लागू कर दिया गया है, जिससे अधिवक्ताओं, स्टांप वेंडरों और डीड राइटरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।अधिवक्ताओं का कहना था कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होने से वर्षों से इस कार्य से जुड़े हजारों लोगों का रोजगार प्रभावित होगा। साथ ही आम लोगों को भी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने शासन से निर्णय पर पुनर्विचार करने और ऑनलाइन ई-पंजीकरण व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की।बैठक के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि जब तक शासनादेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक अधिवक्ता प्रतिदिन विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।ज्ञापन सौंपने के बाद अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर विरोध स्वरूप कार्यालय में ताला जड़ दिया और धरना-प्रदर्शन किया।इससे रजिस्ट्री संबंधी कार्य पूरी तरह प्रभावित रहे। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा सौंपा गया ज्ञापन शासन को भेजा जाएगा, ताकि उनकी मांगों और आपत्तियों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सके।वहीं रजिस्ट्रार नवीन राय ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था शासन के आदेश के तहत लागू की गई है और भविष्य में पंजीकरण संबंधी कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएंगे।अधिवक्ताओं के विरोध के चलते रजिस्ट्री कार्यालय का कामकाज प्रभावित रहा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता। जय ओम गंगवार, कुलदीप गुप्ता, अक्षय यादव,इमरान अख्तर, वरुण कुमार, सुधीर गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और स्टांप वेंडर मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा



# गृह निर्माण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

## पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। ग्राम मझिला स्थित एम/एस जय मां वैष्णो ट्रेडर्स परिसर में गुरुवार को अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशंस के तत्वावधान में गृह निर्माण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत खुदागंज के पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय मिस्त्रियों, ठेकेदारों, ग्राहकों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। अल्ट्राटेक की क्षेत्रीय टीम के फील्ड ऑफिसर देवराज ने उपस्थित लोगों को सीमेंट एवं अन्य निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता, उनके सही उपयोग तथा टिकाऊ एवं सुरक्षित भवन निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर मेंघ प्रतिभागियों को भवन निर्माण सामग्री के चयन, लागत का अनुमान, तकनीकी परामर्श, वास्तु संबंधी सुझाव एवं आधुनिक निर्माण तकनीकों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग से मजबूत और दीर्घकालिक निर्माण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक पंकज सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य लोगों को भवन निर्माण से जुड़ी सही और उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना है, जिससे वे बेहतर और सुरक्षित निर्माण कार्य कर सकें। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, मिस्त्रियों एवं ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। इससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री की पहचान करने तथा अपने सपनों का मजबूत और सुरक्षित घर बनाने में मदद मिलती है। शिविर के दौरान ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार, प्रश्नोत्तरी एवं मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक की क्षेत्रीय टीम, स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# ट्रांसफार्मर खराब, एक सप्ताह से बिजली गुल

स्वतंत्र भारत पुवायाँ शाहजहांपुर। लखोंहा गांव में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित है। गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली गुल है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने एसडीओ राजू कुमार को एक प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलवाने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पहले उनके गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। भीषण गर्मी में बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के लिए दिन-रात काटना मुश्किल हो गया है। उन्होंने पहले भी शिकायत की थी, जिस पर अधिकारियों ने जल्द ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने हल्का लाइनमैन पर वसूली का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि मामूली खराबी आने पर भी लाइनमैन पैसों की मांग करता है। इस बार ट्रांसफार्मर खराब होने पर भी लाइनमैन ने ग्रामीणों से चंदा इकट्ठा कर उसे देने को कहा था, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साल भीट्रांसफार्मर दो बार खराब हुआ था। एसडीओ राजू कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि समस्या का जल्द समाधान कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। प्रार्थना पत्र देने वालों में पंकज, नीरज कुमार, वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र, बबलू, पप्पू राठौर, आदेश कुमार, संतराम शुक्ला, शिव शंकर, शिवकांत, अजीत, सचिन, जसवंत, निखिल, वीरपाल, उपेंद्र मौर्य, आशीष कुमार, राम निवास, प्रेमपाल, अरुण, सर्वेश कुमार मौर्य, निवेश कुमार और संतराम सहित कई ग्रामीण शामिल थे।



# अज्ञात कारणों के चलते महिला ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर।** अज्ञात कारणों के चलते महिला ने अपने ही दुपट्टे से घर के कमरे में फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली । पुलिस मामले को तलाश में जुटी हुई है । बंडा के गांव प?रिया दलेलपुर निवासी तारा की 25 वर्षीय पत्नी रूमानी देवी ने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार शाम करीब छः बजे कमरे के अंदर अपने दुप्पटे से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली । तारा के घर की हालत बेहद दयनीय है जिसके चलते लोगों के घर घर जाकर वह भीख मांगकर अपने घर का भरन पोषण करता था । बुधवार शाम को जब वह देर से लौटकर घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी रूमानी को फांसी पर लटका हुआ देखा और उसके मायके वालों को घटना की जानकारी दी । तारा और रूमानी दोनों विकलांग होने के चलते जैसे तैसे अपने बच्चों का पेट पालते थे। मायके वालों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । वहीं मृतका के इकलौती छः वर्षीय पुत्री की तबियत खराब होने के चलते उसके ससुर जंगली और सास माया देवी उसकी दवाई लेने के लिए शाहजहांपुर गए और अपनी बहू को बच्ची को दवाई खिलाने के लिए भी दे दी जिसके बाद वह दोनों भी भीख मांगने के लिए पूरनपुर के लिए चले गए थे । देर रात जब उन्हें मामले की सूचना मिली तो मृतका के ससुर और सास वापस घर लौट आए । फिलहाल पुलिस को मामले की कोई भी तहरीर नहीं दी गई है और पुलिस उसकी मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है।

# मिल कर्मचारियों ने की योग साधना

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। तिलहर चीनी मिल अतिथि गृह में प्रातः 7.30 बजे योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल एवं मिनी शर्मा ने मिल कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार, ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, त्रिकोण आसन, ता? आसन, वृक्ष आसन एवं प्राणायाम में अनुलोम-विलाम, कपालभांति, भ्रामरी, भस्तरका सहित अन्य योग साधना करायी, जिसे चीनी मिल अधिकारियों-कर्मचारियों ने आत्मसात किया तथा प्रतिदिन योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल ने कहा कि प्रतिदिन 30 मिनट से 01 घंटा तक योग एवं प्राणायाम करने से शरीर लचीला, स्फूर्तिवान एवं ऊर्जा से भरा रहता है, जिससे रात को नींद भी अच्छी आती है। योग प्रशिक्षिका मिनी शर्मा ने कहा कि मिल के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह में योग करना चाहिये, क्योंकि सुबह का योग एवं प्राणायाम प्रतिदिन की दिनचर्या को व्यवस्थित करता है एवं योग एवं प्राणायाम करने भूख एवं नींद ब?िया होती है। प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों से योग एवं प्राणायाम को आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया तथा मुख्य रसायनविद् रामलखन प्रजापति एवं मुख्य अभियंता महेन्द्र यादव ने योग एवं प्राणायाम को ईश्वरीय वरदान बताया तथा इससे होने वाले लाभ एवं बीमारियों से मुक्त रखने के बावत अवगत कराया। इस दौरान प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना, मुख्य रसायनविद् रामलखन प्रजापति, मुख्य अभियंता महेन्द्र यादव, उप मुख्य रसायनविद् अजंनी कुमार प्रसाद, रसायनविद् अनुज कुमार, जितेन्द्र मौर्या, अभियंता नितिन श्रीवास्तव, आशीष रस्तोगी, शीरा इन्स्पेक्टर शिवकान्त यादव, शीरा लिपिक प्रदीप सक्सेना, कैशियर कमलेश कुमार वर्मा, स्टेनो-टू-जीएम विकास बाबू शर्मा, कम्पाउन्डर रणधीर सिंह, अमित सिंह, अभिषेक यादव, जीवेन्द्र सिंह, प्रमोद यादव, वीरेश शर्मा सहित तमाम मिल अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# फायरिंग का आरोप लगाकर महिला ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। महिला ने दो लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद थाना पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव मंसूरपुर गोटिया निवासी गीता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे वह गुरुगवां कॉलोनी स्थित अपने दूसरे मकान की ओर जा रही थीं।आरोप है कि रास्ते में इलाहाबाद बैंक के पास पुराने विवाद को लेकर दो लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी।महिला का कहना है कि उसी रात करीब 11 बजे दोनों आरोपी बाइक से उसके घर पहुंचे। उस समय वह झोपड़ी में सो रही थी। आरोप है कि आरोपियों ने उस पर फायरिंग की, जिससे वह बाल-बाल बच गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

पीड़िता का आरोप है कि घटना के संबंध में उसने थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि महिला की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।वहीं पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि थाना स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग करेगी।

# ...बसर कर जिंदगी ऐसी, सभी रोएं तू हंसता जा

**अनुज यादव**

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** जहां में जब तू आया था सभी हंसते तू रोता था, बसर कर जिंदगी ऐसी सभी रोएं तू हंसता जा।

किसी शायर की ये पंक्तिया बसपा नेता मरहूम अब्दुल मोईद खां साहब के जीवन को चरितार्थ करती हैं जनपद शाहजहापुर तिलहर तहसील के एक छोटे से गांव (मिल्कीपुर 1) खैरपूर उनका पैतृक गाँव था। मरहूम अब्दुल मोईद ख़ां साहब ने महापुरुषों की विचारधाराओं से प्रभावित हो?कर कम उम्र में ही राजनीति का सफर इसी गांव से तय किया। जमीन से जुड़े इस नेता ने सियासत के तमाम उतार चढ़ाव के वावजूद उस बुलन्दी को छुआ जो अक्सर दूसरो के लिए ख़्वाब होता है। हालांकि नई सदी में उनके सियासी सफर का सबसे ज्यादा बुरा दौर रहा वावजूद इसके इनकी जीवटता, ल?ने के माद्दे और आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आई हमेशा खेत खलियान से जुड़े लोगों के बीच रहकर सियासत करने वाले मरहूम अब्दुल मोईद ख़ां किसी परिचय के मौहताज नहीं हैं वह एक ऐसे समाज से जुड़े थे जिसे बहुजन समाज या बहुजन समाज पार्टी कहा जाता है। अपने पैतृक गांव खैरपुर (मिल्कीपुर में रहकर रोजी रोटी कमाने से ज्यादा शोषित, पिछड़े मजलूमों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा संघर्षशील रहे। हालांकि रुकावटें आती रहीं वह रुकावटों का सामना करते रहे माननीय काशीराम साहब के विचारों से काफी प्रेरित रहे और वर्ष 1984 में माननीय काशीराम साहब से पहली मुलाकात में ही काफी नजदीकियां बढ़? गईं और शोषित पिछड़े दलितों के न्याय के लिए लखन?ऊ से दिल्ली तक प्रदर्शनों में एक दूसरे के साथ चलते रहे। तत्पश्चात वर्ष 1989 - व 1991 में तिलहर विधान सभा से बहुजन समाज पार्टी के टिकट से चुनाव भी लड़े यह दुर्भाग्य रहा कि कम अन्तराल से पराजय का सामना करना प?ा। इस सियासी दुनिया में सियासत का मशहूर उपासक का निर्जिव शव मानों किन्ही मधुर रोमांटिक कल्पनाओं में डूबता, उभरता प्रतीत होता रहा। और इस महान विभूति ने 20 मई वर्ष 2010 को हमेशा के लिए दुनिया से अलविदा कह दिया। मरहूम अब्दुल मोईद खां साहब के गुजर जाने के बाद उनके चाहने वालों ने सियासी सफर को बरकरार रखने के लिए उनके ज्येष्ठ पुत्र अब्दुल शोईद खां साहब को मजबूर किया क्यूंकि ज्येष्ठ पुत्र शिक्षित पेशे से वकील पिता के आदर्शों का अनुपालन करते हैं और समाज सेवा करते हुए पिता के बताए हुए मार्ग पर चलकर समय समय पर बेबस मजलूमों की आवाज बुलंद करते रहते हैं ।





मरहूम अब्दुल मोईद खां साहब के बाद उनके चश्मे चिराग एडवोकेट अब्दुल शोईद खां बहुजन समाज पार्टी में उनकी सक्रियता बढ़ती गई जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर रहते हुए पार्टी की जिम्मेदारियों को ईमानदारी व निष्पक्षता से निर्वाहन करते चले आ रहे हैं हालांकि उनकी सक्रियता से पार्टी को बल मिल रहा है?। मुमकिन है आगामी चुनाव में पार्टी टिकट देकर जिम्मेदारी सौप सकती है

# मानव श्रृंखला बनाकर अधिवक्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर किया प्रदर्शन

## मौके पर पहुंचे एसडीएम को सौंपा ज्ञापन व शीघ्र मांग पूरी करने की मांग की

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)** उत्तर प्रदेश सरकार से खफा अधिवक्ताओं ने आज छठे दिन भी धरना एवं प्रदर्शन जारी रखा इस दौरान धरना स्थल पर अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तत्पश्चात अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंचे जहां मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया इस दौरान कुछ देर के लिए नगर के मुख्य चौराहे पर आवागमन ठप्प हो गया मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी प्रभात राय को अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा व नारेबाजी करते हुए यथा स्थान लौट आए और धरना स्थल पर बैठ गए बतादें कि महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए आदेश जिसमें ई-पंजीकरण माड्यूल के क्रियान्वयन हेतु आदेशित किया गया है जिसमें बैनामा से लेकर रजिस्ट्री दफ्तर से संबंधित सारे लेखा-जोखा का पंजीकरण के आधार पर नामित संस्था द्वारा किया जाएगा अधिवक्ताओं को महा निरीक्षक का यह आदेश स्वीकार नहीं है इससे लाखों लोग उत्तर प्रदेश में बेरोजगार हो जाएंगे 4 जून 2026 को किए गए इस आदेश के खिलाफ अधिवक्ताओं ने अपनी आवाज बुलंद करना शुरू कर दिया है आज छ्- दिन बीतने के बाद भी तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल जारी रखी हुई है और प्रदर्शन किया जा रहा है शासन और प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंगी है प्रतिदिन मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित प्रशासनिक अधिकारियों को देकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की लगातार कवायद की जा रही है बावजूद इसके आज 6 दिन का समय बीतने के बाद भी सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगी, आक्रोशित अधिवक्ताओं ने आंदोलन की प्रक्रिया को आज और तीव्र कर दिया सर्वप्रथम तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया उसके बाद हाथों में तख्तियां लेकर नगर के मुख्य चौराहे की तरफ कूच किया व उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व पारित काले कानून को वापस लेने की मांग की इस दौरान तहसील के सैकड़ों अधिवक्ताओं के साथ-साथ नगर के आम लोग भी यात्रा में शामिल हुए सरकार के अड़ियल रवैया पर रोष व्यक्त करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक ने निबंधन कार्यालय के पंजीकरण के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की एवं उपस्थित अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखक, स्टांप विक्रेताओं एवं टाइपिस्टों के अधिकारों की लड़ाई आखरी सांस तक लड़ने का संकल्प लिया उन्होंने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक उत्तर प्रदेश सरकार निजीकरण संबंधी आदेश को वापस नहीं ले लेती, उन्होंने कहा आज के बाद आगामी रणनीति एवं आंदोलन की रूपरेखा सर्वसम्मति से तय किए जाने के बाद आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा धरना एवं प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को चेत जाना चाहिए नहीं तो आगे की लड़ाई आर पार की होगी कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के महासचिव अमित कुमार सिंह परमार ने किया इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अध्यक्ष श्रीवास्तव, विनोद चंद शर्मा, सादिक अली खान, प्रशांत सक्सेना उर्फ बंटी, राजकुमार कश्यप, मुनेंद्र पाल सिंह, अरुण कुमार शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, सुशील कुमार कुशवाहा, राजीव चंद्र सक्सेना, गिरजेश कटियार, संदीप मिश्रा, सुरेंद्र रघुवंशी, राकेश श्रीवास्तव, राजेश पाठक, मनोज द्विवेदी, अनंगपाल सिंह यादव, श्याम बाबू सिंह, शकील अहमद खान, अब्दुल अरशद खान, सत्येंद्र सिंह, आबिद अली खान, जितेंद्र मिश्रा, सौरभ गुप्ता, नवीन चंद्र गुप्ता, सत्तार खान, धीरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह राणा आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे



# सक्षम शर्मा ने नैनीताल में वाद विवाद से जीते 5 हजार रुपये दान किए

स्वतंत्र भारत,पुवायाँ, शाहजहांपुर। नैनीताल के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय के 12वीं के छात्र सक्षम शर्मा ने अपनी प्रतिभा के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक दायित्व का भी परिचय दिया है। उन्होंने नैनीताल में अंतर जनपद स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 5 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। यह राशि उन्होंने पुवायां के समुलिया में निर्माणाधीन जय माई बंगलामुखी दसों महाविद्या मंदिर ट्रस्ट के निर्माण कार्य के लिए समर्पित कर दी। मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक रोहित मुनि महाराज ने छात्र के इस प्रेरणादायी योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति ऐसी भावना वास्तव में अनुकरणीय है। यह युवाओं में संस्कार और सेवा भाव का एक प्रेरणादायी उदाहरण है। रोहित मुनि महाराज ने बताया कि समुलिया गांव में निर्माणाधीन मां बगलामुखी एवं दसों महाविद्याओं का यह मंदिर अपने स्वरूप में अत्यंत विशिष्ट होगा। मंदिर का नींव पूजन 24 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ था, जबकि दसों महाविद्याओं के खंभ का पूजन 7 मई2026 को किया गया। इसी दिन से मंदिर निर्माण कार्य औपचारिक रूप से प्रारंभ हुआ और वर्तमान में यह तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में मां बगलामुखी के प्रसिद्ध मंदिर स्थापित हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस स्वरूप का कोई भव्य मंदिर नहीं है। ऐसे में समुलिया गांव में बन रहा यह मंदिर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। दसों महाविद्याओं को समर्पित यह मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। मंदिर निर्माण का कार्य रोहित मुनि महाराज के शिष्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा दिए जा रहे दान और सहयोग से संचालित हो रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं तथा निर्माण कार्य में सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं। सक्षम शर्मा सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव रेहरिया निवासी विनय शर्मा और नीरज देवी के पुत्र हैं। उनके इस सराहनीय कदम पर क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशंसा की है।



# झोपड़ी से युवती को जंगली जानवर के उठा ले जाने की आशंका

## भट्ठा पर बनी झुग्गी में रात में सोते समय युवती हुई लापता, वन विभाग की टीम व पुलिस ने की कांबिंग

**स्वतंत्र भारत खुटार।** ईट भट्ठा पर बनी झुग्गी में परिवार के साथ सोते समय लापता हुई युवती को जंगली जानवर के उठा ले जाने की आशंका जताई गई है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम व पुलिस ने भट्ठा व उसके आसपास खेतों में कांबिंग की। लेकिन किसी जंगली जानवर के पगचिह्न ट्रेस नहीं हुए और न ही युवती का कुछ पता चल सका।



लखीमपुर खीरी जनपद के थाना मोहम्मदी के गांव मुकंदापुर निवासी मोहम्माद अजीम गोला रोड स्थित पारस ब्रिक फील्ड पर ईंट पथाई का काम करते है और अपनी मां शमां बेगम, पत्नी परवीन, पुत्री चांद बी पुत्र फैयाज, फाजिल, रहीस व रहमान के साथ भट्ठा पर बनी झुग्गी में रहते है। भट्ठा पर ईंट पथाई का काम खत्म हो गया है। गुरुवार को अजीम अपने परिवार के साथ घर वापस जाने वाले थे। उससे पहले ही यह घटना घट गई। बुधवार रात 8 बजे सभी परिजनों ने एक साथ खाना खाया। गर्मी होने के कारण झुग्गी के बाहर सभी करीब 10 बजे सो गए। सुबह 4 बजे युवती की दादी शमां बेगम की आंख खुल गई। उन्होंने उठकर देखा, तो चांद बी अपने विस्तर पर नहीं थी। विस्तर से कुछ दूरी पर उसका दुपट्टा व चप्पल पड़ी हुई थी। शमां बेगम ने अपने परिजनों को जगाया और घटना की जानकारी दी। परिजनों ने आसपास के लोगों के साथ खोजबीन की। लेकिन चांद बी का कुछ पता नहीं चल सका। सूचना पर वन दरोगा रोहित पाण्डेय के साथ वन विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी ने मिलकर भट्ठा व आसपास के खेतों में कांबिंग की। लेकिन मौके पर किसी जंगली जानवर के पगचिह्न ट्रेस नहीं हुए और युवती का भी कुछ पता नहीं चल सका। भट्ठा पर काम कर रहे मजदूरों का कहना है कि भट्ठा के आसपास कई दिनों से तेंदुआ की चहलकदमी देखी जा रही थी। जिसकी जानकारी ईंट भट्ठा स्वामी को दी गई थी। भट्ठा स्वामी ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम व पुलिस कांबिंग में लगी हुई है। वन क्षेत्राधिकारी दिनेश बडोला ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर भेजी गई थी। टीम लगातार कांबिंग कर रही है। भट्ठा व आसपास किसी जंगली जानवर के पगचिह्न नहीं मिले है। किसी जंगली जानवर के युवती उठा ले जाने के संकेत नहीं मिले है। फिर भी वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार कांबिंग करेगी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि भट्ठा से लापता युवती को जंगली जानवर के उठा ले जाने के संकेत नहीं मिले है। पुलिस युवती के लापता होने के अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में लैब के लिंटर की हालत जर्जर

## रात में गिरी सीमेंट की मोटी पपड़ियां, दिन में होता हादसा तो जा सकती थीं जानें

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनी सीबी-नेट लैब की छत का लिंटर जर्जर हालत में पहुंच गया है। बुधवार रात अचानक लिंटर से सीमेंट की मोटी-मोटी पपड़ियां भरभराकर नीचे गिर पड़ीं, जिससे लैब में रखी महंगी मशीनें क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद स्वास्थ्य कर्मियों में दहशत फैल गई। राहत की बात यह रही कि हादसा रात में हुआ, उस समय लैब में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। यदि यही घटना दिन के समय होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।जानकारी के अनुसार, सीएचसी परिसर में संचालित सीबी-नेट लैब में बुधवार रात छत के लिंटर का हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया। सीमेंट और प्लास्टर के बड़े-बड़े टुकड़े सीधे मशीनों और उपकरणों पर गिरे, जिससे उन्हें नुकसान पहुंचा। गुरुवार सुबह जब कर्मचारी लैब पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। सीबी-नेट लैब के इंचार्ज सचिन गुप्ता और कर्मचारी प्रमोद वर्मा ने बताया कि छत से भारी मात्रा में मलबा गिरा है। यदि उस समय कोई कर्मचारी या मरीज लैब में मौजूद होता तो गंभीर चोट लग सकती थी। घटना के बाद कर्मचारियों में भय का माहौल है और वे भवन की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।मामले की जानकारी मिलने पर सीएचसी प्रशासन हरकत में आया। सीएचसी प्रभारी डॉ. ओमेंद्र राठौर ने बताया कि संबंधित भवन ओपीडी भवन के बाद निर्मित कराया गया था। इसके बावजूद लिंटर से पपड़ियां गिरने की घटना गंभीर है। मामले की जांच के लिए इंजीनियरों की टीम बुलाई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सीबी-नेट लैब को दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोगों का कहना है कि अपेक्षाकृत नई इमारत में इस तरह लिंटर का टूटना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों ने भवन की तकनीकी जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जांच के बाद खुल सकती है निर्माण की गुणवत्ता की परतें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इंजीनियरों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि लिंटर से सीमेंट की परतें गिरने का कारण निर्माण संबंधी खामी है या अन्य कोई तकनीकी वजह। फिलहाल सुरक्षा को देखते हुए भवन के प्रभावित हिस्से को खाली कराने की तैयारी की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### जैनब बनी मीडिया प्रभारी



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। मुस्लिम समाज महासभा का विस्तार करते हुए जैनब को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है मीडिया प्रभारी बनने पर महासभा एवम समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। नगर के मोहल्ला मरहैया निवासी मुस्लिम समाज महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब बानो के निर्देशन में महिला बिंग की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने से प्रभावित होकर समाज की महिलाओं और बेटियों की आवाज को मजबूती प्रदान करने एवं अपनी लेखनी के माध्यम से महिलाओं समस्याओं को प्रभावी प्रयास किए जाने को लेकर जैनब बी को मुस्लिम समाज महासभा की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बनाया गया है उनके मनो नयन पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**स्वतंत्र भारत,पुवायाँ, शाहजहांपुर।** भाजपा नेताओं और नगर पालिका प्रशासन ने संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान के तहत हरेराम पक्का तालाब स्थित मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन संजय गुप्ता और अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, मुनेश मिश्र, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी लोगों से अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

### राहगीरों को पिलाया शरबत

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने शरबत वितरण किया अमित भागवत मिश्रा ने बताया अपने माता-पिता की आज पुण्यतिथि थी उसी के अवसर पर उनकी याद में रोजा जंक्शन पावर के पास सुबह से ही शरबत वितरण किया गया आने जाने वाले लोगों को रोक के शरबत पिलाया गया रेल कर्मचारियों के परिवारों ने रेल कर्मचारियों ने सरवत ग्रहण किया सुबह 10:00 से शरबत वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और देर शाम 5:00 बजे तक शरबत वितरण का प्रोग्राम जारी रहा इस अवसर पर अमित भागवत मिश्रा सहित तमाम नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन कर्मचारी के सदस्य उपस्थित थे।

# खुटार और निगोही पुलिस की शिकायत की वित्त मंत्री से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** खुटार और निगोही थाना पुलिस की लापरवाही और जनहितों से खिलवाड़ की शिकायत प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को सौंप कर कठोर कार्यवाही की मांग विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी नरेश पांचाल ने उनके लखनऊ स्थित आवास पर जा कर की। नरेश पांचाल ने बताया कि विगत नौ जून को खुटार थाने की पुलिस ने झूंठी वाहवाही लूटने और गुडवर्क दिखाने के लिए हरनहाई गाँव के गुड्डू शर्मा को झूंठी रिपोर्ट पर घर से ले जा कर रात्रि में फर्जी मुठभेड़ दिखा कर दोनों टांगों में गोली मारकर एनकाउंटर कर दिया। इस झूंठी रिपोर्ट और फर्जी मुठभेड़ व एनकाउंटर के खिलाफ जब ग्रामीणों ने पुलिस ने विरोध प्रदर्शन किया तो पुलिस ने निहत्थे ग्रामीणों,



महिलाओं, बच्चों पर लाठियां बरसायीं और घरों में तोड़ फोड़ कर तीन ग्रामीणों को जेल भेज दिया। इस घटना से पूरे विश्वकर्मा समाज में आक्रोश है और हरनहाई गाँव विश्वकर्मा बहुल है। पक्ष- विपक्ष सभी इस घटना की निंदा कर रहे हैं। इसके अलावा निगोही थाना क्षेत्र के गाँव परसौना खलील पुर के गजेन्द्र को गाँव के ही कुछ लोग मजदूरी कराने के लिए अप्रैल -2024 में बुला कर अपने साथ ले गए और गायब कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाना निगोही ने दर्ज न कर गुमशुदगी 12/2024 दर्ज कर ली और तब से हाथ पर हाथ धरे बैठी है। गजेन्द्र के वृद्ध माता पिता शांति देवी और राम नाथ थाना और पुलिस अधिकारियों के दरवाजे पर चक्कर काटते काटते थक गए और बेटे के इंतजार में आंखों के आंसू तक सूख गए लेकिन पुलिस नहीं पसीजी। इन दोनों मामलों में पुलिस की मनमानी और तानाशाही से विश्वकर्मा समाज में रोष है।

# सड़कों पर खुलेआम घूम रहे गौवंश

स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर। नगर पंचायत निगोही कस्बा में आवारा गौवंश का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है !नगर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक गायों और बैलों के झुंड दिन दहाड़े घूमते नजर आ रहे हैं!

मुख्य सड़क पर हालात इतने बिगड़ चुके हैं !कि राहगीरों को पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है !दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी दावा करते हैं !कि सभी आवारा गौवंश गौशाला में सुरक्षित हैं !और उनकी नियमित देखभाल की जा रही है !लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है! नगर की गलियों में रोजाना आवारा गौवंश के झुंड कूड़े के ढेर में मुंह मारते दिखाई देते हैं! जहां पर पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा निगल रहे हैं !यह न केवल पशुओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है बल्कि नगर की स्वच्छता और लोगों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है !नगर पंचायत प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद न तो आवारा गौवंशी को पकड़ने की कोई ठोस व्यवस्था की गई है! और ना ही गौशाला में उनकी पर्याप्त संख्या में देखभाल हो रही है !मुख्य मार्ग पर स्थिति और भी भैयावह है! यहां सड़कों पर दिन के उजाले में ही गायों और सांणों के झुंड भूखे प्यासे लड़खड़ाते घूमते दिखाई देते हैं !कई बार इन पशुओं में झगड़ा और भिड़ंत से वाहन सवार बा पैदल चलते लोग घायल भी हो चुके हैं !बावजूद इसके नगर पंचायत प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं! स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वह कई बार पंचायत अधिकारियों को सिखायतें दे चुके हैं !लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती नगर में फैले इन झुंडों से दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है! और यातायात व्यवस्था भी चरमराई हुई है लोगों का कहना है की जिम्मेदार सिर्फ कागजों पर गौवंश की देखभाल का दावा करते हैं !जबकि सच्चाई सड़कों पर साफ दिखाई देती है! नगर वासियों ने जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि तत्काल कार्रवाई करते हुए आवारा गौवंश को सड़कों से हटाया जाए उन्हें गौशाला में सुरक्षित रखा जाए और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए।

### किशोरी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 वर्षीय उसकी मौसेरी साली 15 जून को गायब हो गई। जानकारी होने पर काफी तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। बृहस्पतिवार को उन्होंने थाने पहुंच कर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने किशोरी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि किशोरी की तलाश कराई जा रही है। जल्द बरामद किया जाएगा।

# घरेलू विवाद में पत्नी पर तेजाब डालने का आरोप

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया आरोप है कि पति ने कहासुनी के दौरान पत्नी पर तेजाब डाल दिया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई।महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाद में हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे उपचार के लिए लखनऊ ले गए। थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव चाहपुर निवासी सत्यबीर का बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी मंजू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। परिजनों के अनुसार दोनों के बीच काफी देर तक कहासुनी होती रही। इसी दौरान गुस्से में आकर सत्यबीर ने मंजू के सिर के ऊपर तेजाब डाल दिया। तेजाब पड़ते ही मंजू चीखने-चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंच गए।घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में मंजू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर ले जाया गया।डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी महिला की हालत चिंताजनक बनी रही।महिला के पति के भतीजे उदित ने बताया कि चाची की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिसके चलते डॉक्टरों की सलाह पर परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ ले गए। वहां विशेषज्ञ डाक्टर की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

### थाना गेट के सामने रखे खोखे से चोरी

**खुटार।** कस्बे के मोहल्ला बजरिया निवासी विदुर कुमार गुप्ता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने थाने के सामने एक खोखा लगा रखा है। जिसमें वह पान, पुड़िया, सिगरेट आदि का सामान रखकर बेचते हैं। रोज की भांति वह मंगलवार की शाम लगभग 8:30 बजे वह खोखा बंद कर घर चले गए। सुबह जब वह खोखा खोलने के लिए पहुंचे तो देखा कि खोखे की खिड़की खुली हुई थी। खोखे के अंदर रखा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जिस पर उन्होंने खोखे का डाला खोला और खोखे में रखे सामान को देखा तो खोखे में रखी रोकड़ वाली बक्सिया भी गायब थी। उन्होंने बताया कि बक्सिया में?2500 की नगदी रखी हुई थी। व खोखे में गुटखा पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट की डिब्बी भी गायब थी। जिस पर उन्होंने इधर-उधर सामान को तलाश किया। जिस पर खोखे के पीछे बनी दुकानों के पास उन्हें खाली बक्सिया रोकड़ वाली मिल गई। उन्होंने बताया कि?2500 की नगदी व तीन हजार का सामान खोखे की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं मोहर्रम का त्यौहार

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न एसडीएम, सीओ, कोतवाल ने किया संबोधित



**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** थाना कोतवाली जलालाबाद में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें बैठक की अध्यक्षता एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने की मुहर्रम त्यौहार को लेकर सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की किसी भी समस्या के लिए तत्काल सूचित करने के लिए कहा व ताजिए की ऊंचाई को कम रखने की बात कही पीस कमेटी को संबोधित करते हुए एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मेलजोल के साथ मनाया जाना चाहिए और विशेष कर ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा ढोल ताशा में किसी प्रकार की लड़ाई झगड़ा को टालना ही बेहतर होगा त्योहार पर झगड़ा हुआ तो नजीर बनेगी हम भले यहां ना रहे लेकिन त्योहार रजिस्टर में नजीर लिखी जाएगी उन्होंने डीजे के ऊपर किसी को न बैठने की हिदायत दी किसी भी समस्या के लिए तत्काल संपर्क करने की बात कही बैठक के बाद उन्होंने नगर में मय दल बल के पैदल मार्च किया एसडीएम प्रभात राय ने नगर में ताजियों वाले रूट पर सफाई व्यवस्था को ठीक करने के लिए नगर पालिका एवं विकासखंड जलालाबाद को निर्देशित किया क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने हुड़दंग और गड़बड़ी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त न करने की बात कही, कोतवाल अरविंद सिंह चौहान ने नगर व आसपास के बैठक में उपस्थित ताजियेदारों को जरूरी निर्देश बताए और कहा त्योहार गम का है जिसको गमगीन माहौल में पूरे अदम एतमाद के साथ मनाया जाना चाहिए पुलिस की जहां आवश्यकता पड़ेगी पुलिस वहां उपलब्ध मिलेगी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना हमारी ड्यूटी है आप सभी लोग भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए त्योहार को मनाएं बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शकील अहमद खान, बदले, शारिक अली खान, गुलाम गौस, मुशर्रफ अली, डॉक्टर मशकूर खान, गुड्डे खान, नन्हेंलाल शर्मा, प्रधान राम अवतार, मुन्ने, मोहम्मद फैसल,

### मो.आसिफ हुए सम्मानित

**सिंधौली।** बिलंदपुर गद्दीपुर में संपन्न हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में एम ए पब्लिक स्कूल के क्रिकेट टीम के स्पॉन्सर मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी को कमेटी के सदस्य सर्वेश सिंह ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया उन्होंने बताया प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष होती है जिसमें आकशन द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों को पूर्ण मौका दिया जाता है कि वह अपने क्रिकेट को निखार कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अपना भविष्य उज्जवल कर सकें। इस मौके पर कृष्ण पाल रोहित कुमार मोहम्मद जैद इरम बानो निजामुद्दीन उर्फ पन्ना राशिद अंसारी मौजूद रहे।

# शैक्षिक महासंघ ने टीईटी प्रकरण में सेवा सुरक्षा को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। अखिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा तथा मुख्यमंत्री, को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों तथा उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा हितों की रक्षा हेतु विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि देशभर के लाखों शिक्षक उस समय प्रचलित नियमों एवं निर्धारित योग्यताओं के आधार पर नियुक्त हुए थे तथा वर्षों से राष्ट्र निर्माण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे शिक्षकों पर बाद में निर्धारित पात्रता मानकों को लागू करना न्याय एवं विधिक निश्चितता की भावना के अनुरूप नहीं है। सरकार को उनके सेवा अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक विधायी एवं नीतिगत



समाधान उपलब्ध कराना सरकार और संसद का अधिकार एवं दायित्व है। उन्होंने कहा कि लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों को अनिश्चितता की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी %विमुक्त% ने कहा कि शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करते हुए उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य वैधानिक लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। महासंघ ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि आवश्यकता पड़ने पर संसद अथवा सक्षम स्तर पर आवश्यक विधायी संशोधन कर प्रभावित शिक्षकों को स्थायी राहत प्रदान की जाए तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का शीघ्र निराकरण किया जाए।आज के कार्यक्रम में वीर बहादुर गंगवार,श्रेयश चन्द्र सक्सेना, देवेश शुक्ला,उपेंद्र गुप्ता,अवनि दीक्षित,कुलदीप गुप्ता, रामदयाल तिवारी, अरविन्द शर्मा,वीर पाल सिंह,नवनीत सक्सेना,सुशील रस्तोगी,हिमांशु,हेमन्त सक्सेना,रेखा राजपूत,आशा सक्सेना, शम्पा चकवर्ती,पल्लवी गुप्ता,गुलशन जहाँ आरा,यास्मीन,नीरज सागर,रमित कौर, शशि प्रभा आदित्य सिंह,अमित भटनागर, अवनीश पाल, रजनीश,अवधेश कुमार, आजम खान, कर्मवीर,संजीव पाल,नरोत्तम,राघवेंद्र सिंह, वारिश अली,विकास मिश्रा समेत सैंक?ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# योग का जीवन में है विशेष महत्व : उपेंद्र पाल

स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर। योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है योग जीवन को पूर्णता प्रदान करता है। वैदिक धर्म ग्रंथो में योग की माता पर तमाम ऋषि मुनियों ने प्रकाश डाला है पतंजलि जैसे महान योग गुरु ने योग का प्रचार प्रसार कर दुनिया को नई दिशा प्रदान की। उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह ने पुवायां इंटर कॉलेज पुवाया के राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल में चल रहे अमृत योग सप्ताह की योग कार्यशाला में कहीं। साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में सभी को योग को अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रमुख नरेंद्र शुक्ला ने कहा



कि संघ की शुरुआत भी 1925 में नागपुर से योग क्रियो के माध्यम से ही हुई थी। माधव राव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने कुछ स्वयंसेवक एकत्र कर नागपुर में 1925 में तमाम योग क्रियाओ और खेलकूद के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शुरुआत की थी। और आज संघ का वह बट वृक्ष संपूर्ण वृक्ष विश्व में फैल चुका है। उन्होंने कहा कि सभी को संघ को करीब से देखने के लिए प्रतिदिन की लगने वाली 1 घंटे की शाखा में जाकर अपने शरीर और मस्तिष्क को बलिष्ठ बनाना चाहिए। जिससे देश पुनः विश्वगुरु बन सके। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि द्वय सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता सुबोध कुमार कनौजिया ने कहा कि योगमय जीवन सदैव निरोगी रहता है। योग का मतलब जोड़ना होता है इस आधुनिक भागमभाग भरी जिंदगी में यदि शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करनी है तो जीवन में योग की महता को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। योग आंतरिक ऊर्जा का एक सशक्त माध्यम है। योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस योगाचार्य कमल प्रकाश द्विवेदी ने सभी को विधिवत योग कराया। जिसमें तमाम युवाओं को बैज लगाकर और गले में तिरंगा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संजय मिश्रा ने कहा कि आजकल बालक युवा और बुजुर्ग स्मार्टफोन का आधिकारिक प्रयोग करते हैं जिससे उनकी आंखों पर बहुत बुरा असर पड़ता है छोटे-छोटे बच्चों के भी रोशनी अभी से खत्म हो रही है और वह दृष्टिहीन बनते जा रहे हैं। आलम यहां है कि तीन और चार साल के बच्चे भी 40 वर्ष की उम्र के बच्चों जैसी दृष्टि कर चुके हैं। इसलिए स्मार्टफोन का कम से कम,संतुलित और सुरक्षित उपयोग कर अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर डॉ मेधा शर्मा श्रद्धा गुप्ता, आभा गुप्ता, मीना गुप्ता,राजीव शर्मा, एआरपी वीरपाल,सुबोध कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता,डॉ बीके गुप्ता डॉक्टर प्रदीप कटियार डॉक्टर रविंद्र बाजपेई,स्नेहा गुप्ता,दिनेश कुमार, प्रमोद चंद्रगुप्त ,राकेश चंद्र गुप्ता,रामसेवक राठौर, मधु सिंह, मदनपाल, प्रदीप शर्मा, सोम प्रकाश त्रिवेदी, जगदीश शर्मा, जेपी शास्त्री, ओम प्रकाश त्रिवेदी,अभय मिश्रा,कवि डॉ प्रदीप वैरागी,सहित तमाम प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर बाइक सवार दो तस्कर दबोचे, 379 ग्राम अफीम बरामद

## एक लाख रुपये में खरीदकर तिलहर में बेचने आ रहे थे,पूछताछ में तस्करी नेटवर्क के सुराग

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलहर पुलिस को बृहस्पतिवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हाईवे स्थित एक राइस मिल के पास बाइक सवार दो युवकों को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 379 ग्राम अफीम बरामद की है बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है।जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार। दोपहर करीब तीन बजे दरोगा गौरव कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बाइक से मादक पदार्थ लेकर तिलहर की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने हाईवे स्थित एक राइस मिल के पास घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया।मामले की सूचना मिलने पर सीओ इशिका सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों की पहचान जनपद बदायूं के थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कूड़ा सहायपुर निवासी चंद्रभान तथा गांव मेहरा निवासी सुखबीर के रूप में हुई।तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 379 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बदायूं निवासी मुनिंदर तथा मीरगंज क्षेत्र के एक युवक से करीब एक लाख रुपये में अफीम खरीदी थी। इसके बाद वे उसे बाइक से तिलहर क्षेत्र में बेचने के लिए ला रहे थे। आरोपियों के अनुसार अफीम की बिक्री करीब एक लाख बीस हजार रुपये में हो जाती, जिससे दोनों को लगभग दस-दस हजार रुपये का लाभ मिलता।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि अफीम की आपूर्ति कहां से की जाती थी और किन क्षेत्रों में इसकी बिक्री की जाती थी।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जगह के विवाद को लेकर मारपीट

## रिटायर्ड दरोगा ने छत पर चढ़कर किए हवाई फायर

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर - शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम जूही निवासी अक्षय कुमार का गांव के ही रिटायर्ड दरोगा हरपाल सिंह, संदीप सिंह, रजनीश देवी पत्नी संदीप सिंह, प्रियांशी पुत्री संदीप सिंह से जगह को लेकर विवाद चल रहा था। उपरोक्त लोग अक्षय कुमार की जगह पर अपना कुछ सामान रखे हुए थे। इसी को लेकर के दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर उपरोक्त लोगों ने अक्षय कुमार व अक्षय कुमार की माता नन्ही देवी व भाई अजय प्रताप की पत्नी खुशबू को मारा पीटा। थाने पर दी तहरीर में पीड़ति ने आरोप लगाया है कि उसकी वहीं पर खड़ी इको गाड़ी यू पी27बीसी5436 को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। तथा रिटायर्ड दरोगा हरपाल सिंह ने दो फायर किए फायर की आवाज सुनकर हम सभी पीड़ति भाग गए। पीड़ति अक्षय कुमार ने थाना परौर पुलिस को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। थाना परौर पुलिस मौके पर ग्राम जूही पहुंची तथा दोनों पक्षों को थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ था।

# दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के समर्थन में आया भारतीय किसान मजदूर कल्याण संघ

**स्वतंत्र भारत खुटार।** भारतीय किसान मजदूर कल्याण संघ ने थाने पहुंचकर कथित एक वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के समर्थन में थाना प्रभारी से मिलकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। गुरुवार को भारतीय किसान मजदूर कल्याण संघ के राजीव कुमार, रामदत्त मिश्रा, अशोक कुमार, अनूप वर्मा, रामकुमार, सत्यप्रकाश करीब पचास कार्यकर्ताओं सहित दुष्कर्म पीड़िता के माता पिता को लेकर थाने पहुंचे। सगंठन के लोगों ने थाना प्रभारी अरविंद कुमार से मिलकर दुष्कर्म के आरोपी गुड्डू शर्मा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। सगंठन के लोगों ने कहा कि भारतीय किसान मजदूर कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना लाल मिश्र ने हरनाई प्रकरण में पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है। संगठन आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करता है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि भारतीय किसान मजदूर कल्याण संघ के कार्यकर्ताओं ने दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में मुलाकात की है। सगंठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है।

# प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शाहजहांपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश नौ वर्षों पूर्ण होने के उपलक्ष में जनपद में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन गन्ना शोध परिषद, सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अरविन्द सिंह विधायक ददरौल, वीर विक्रम सिंह विधायक कटरा, के0सी0 मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती शिल्पी गुप्ता महानगर अध्यक्ष भाजपा, दिनेश अवस्थी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, डा0 पी0के0 कपिल, गन्ना किसान प्रशि0 संस्थान, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभार के0 वी0 के0 नियामतपुर, डा0 महेश गुप्ता एवं डा0 विमल कुमार सिंह वैज्ञानिक, के0वी0के0 नियामतपुर उपस्थित रहें। राजीव सिंह प्रगतिशील कृषक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने ओर इससे क्या-क्या लाभ है, के बारे में बताया गया। ज्ञानेश तिवारी प्रगतिशील कृषक द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के बारे में बताया गया। अंशुल मिश्र कृषक द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया। श्रीमती रिंकी देवी एवं शशी देवी कृषि सखी द्वारा प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित तरीकों के बारे में अपना अनुभव एवं व्यवहारिक समस्याओं और उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया।डा0 महेश गुप्ता एवं विमल कुमार सिंह वैज्ञानिकों द्वारा कृषको एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए गौ-आधारित खेती (प्राकृतिक खेती) को बढावा देने के लिए किसानों को उत्साहित किया गया एवं प्राकृतिक खेती करने के लिए जीवामृत, बीजामृत एवं घनजीवामृत कैसे बनता के बारे में कृषकों विस्तार से बताया गया।श्रीमती शिल्पी गुप्ता महानगर अध्यक्ष भाजपा शाहजहाँपुर द्वारा प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए कृषकों से कहा आर कहा कि की खेती एवं अपने खाने में प्रयोग करें, जिससे आप स्वस्थ रहें वीर विक्रम सिंह ने योजनाओं के बारे में बताया गया एवं पशुपालन योजना के बारे में बताया। अरविन्द सिंह विधायक ददरौल द्वारा कहा गया कि सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु कृषको को उत्साहित किया गया।

# छप्पर में लगी भीषण आग, दो मवेशियों की जलकर मौत

**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर बुजुर्ग में बीती रात अचानक एक छप्पर में भीषण आग लग जाने से दो मवेशियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। इस अग्निकांड में पीड़ति पशुपालक को करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद से पीड़ति परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रसूलपुर बुजुर्ग निवासी सर्वेश के छप्पर में रात करीब 10~30 बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में बंधे पशुओं को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत और साहस दिखाते हुए छप्पर में बंधी एक गाय और उसके बछड़े को किसी तरह आग के बीच से बाहर निकाला, हालांकि तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। वहीं, आग की भीषणता के कारण एक भैंस और उसका पाड़ा (बच्चा) अंदर ही फंस गए, जिनकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई ।ग्रामीणों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। पीड़ति पशुपालक के अनुसार, इस हादसे में मवेशियों और सामान को मिलाकर करीब डेढ़ लाख रुपये से ऊपर की संपत्ति जलकर राख हो गई है। घटना से बदहवास परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर पीड़ति परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता व मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पुवायां, शाहजहांपुर। 13 दिसंबर 2024 को पुवायां निवासी कमलदीप शुक्ला ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रामहरि यादव सहित पांच लोगों ने उन्हें वी.के. सिंह पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज में मैनेजर पद पर नियुक्ति दिलाने तथा विद्यार्थियों के फर्जी प्रवेश कराने के नाम पर धोखाधड़ी की। इस संबंध में थाना पुवायां में मुकदमा संख्या 862/2024 दर्ज किया गया था। मामले में नामजद अन्य अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि मुख्य वांछित अभियुक्त रामहरि यादव पुत्र रामकवल यादव निवासी एलडीए कॉलोनी, आशियाना, लखनऊ एवं मूल निवासी सिकरीगंज, गोरखपुर फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना पुवायां पुलिस टीम ने गुरुवार सुबह लगभग 9~40 बजे निगोही रोड स्थित एसडीएम मोड़ के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पुवायां में धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना एवं आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार एवं कांस्टेबल पूरनपाल शामिल रहे।

# भूमि पूजन कर बालाजी के मंदिर का किया गया श्री गणेश



**पुवायां शाहजहांपुर।** खुटार रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार और एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता और जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा ने संयुक्त रूप से बाला जी के भव्य मन्दिर का ईंट रखकर और भूमि पूजन और नींव पूजन कर श्री गणेश किया। बता दे की महावीर स्वामी विराजमान सेवा समिति की और से रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने बाग में बालाजी के भव्य मंदिर के स्थापना का विदेश शुभारंभ किया गया।
सेवादार जेपी गुप्ता ने बताया कि समिति की ओर से मंदिर निर्माण लगभग 2 वर्ष में पूर्ण कराने का संकल्प लिया गया है और यह सब बालाजी की कृपा है कि कब तक भव्य मंदिर को पूर्णता प्राप्त होती है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विनायक अग्रवाल, अरुण सक्सेना एडवोकेट, विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विश्व हिंदू परिषद का जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता,डॉ राकेश चंद्र मिश्रा,महेश चंद्र गुप्ता , पुष्पेंद्र लकी गुप्ता, प्रदीप, कुलदीप, विकास गुप्ता, सुमित, मोहित, नरेश टेलर्स, मनीष गुप्ता ,अभिषेक , मनोज सराफ, राजीव, नीलेश गुप्ता, आशीष आदि तमाम श्रद्धालु और पुजारी अशोक पांडे उपस्थित रहे।

# खुटार की महिला की खीरी में सड़क हादसे में मौत

**खुटार।** कस्बा के मोहल्ला बजरिया निवासी स्वर्गीय मोती लाल की पत्नी सोनी देवी 37 वर्ष अपनी ननिहाल जिला लखीमपुर खीरी के थाना मझगाई के गांव बेला गई थी। बुधवार को वह ऑटो से बेला से पलिया मोबाइल की सिम लेने जा रही थी। मझगई पलिया रोड पर बेला गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने सोनी देवी को सीएचसी पलिया में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायल को सीएचसी में खीरी के मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोनी देवी ने दम तोड़ दिया। खीरी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। सोनी देवी की मौत से घर में कोहराम मच गया। मृतक की पुत्री रोशनी देवी व पुत्र सूरज का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# सक्षम न्यायालय आदेश को नहीं मानने वाले दबंग पांच पर रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर। सक्षम न्यायालय एवं न्यायिक/ प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश की कंप्लायंस यदि ना हो तो लोगों को न्याय मिलना मुश्किल हो जाएगा। न्यायालय से जारी यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश अक्सर धूल फांकते रहते हैं और दबंग अपनी मनमानी कर लेते हैं बाद में कुछ नहीं होता कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जिसमें न्यायालय के यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश के बावजूद पक्षकार जो ताकतवर प?ता है अपनी मनमानी कर लेता है। जलालाबाद क्षेत्र के गांव बझेड़ा महुआ डांडी में भी ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया जिसमें आदेश की धज्जियां उ?ाई गई हैं।जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव बझे?ा महुआ डांडी निवासी बृजकिशोर पुत्र वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गाटा संख्या 670 कृषि भूमि है। जिसका विवाद उप जिलाधिकारी जलालाबाद के न्यायालय में विचाराधीन रहा है। वर्तमान में यह विवाद अपील में अपर आयुक्त न्यायिक बरेली मंडल के समक्ष विचाराधीन है। पी?ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है बतादें कि उप जिलाधिकारी के ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बावजूद विवादित कृषि भूमि पर कब्जे का प्रयास किया गया जिसका विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लेने की बात कही जा रही है इस मामले में पुलिस न्यायालय की अवहेलना में कार्यवाही भी कर सकती है।

## भट्ठा से लापता युवती की गुमशुदगी दर्ज

**खुटार।** गोला रोड के पारस ब्रिक फील्ड से रात में सोते समय लापता हुई युवती के संबंध में पिता अजीम की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। परिजनों ने जंगली जानवर के युवती उठा ले जाने का आरोप लगाया था। वन विभाग की टीम व पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कांबिंग की थी। लेकिन मौके पर किसी जानवर के पगचिह्न नहीं मिले थे। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# किशोरी को भगाने का आरोपी थाने से रिहा

स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने गांव के ही पिता पुत्र के विरुद्ध अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसकी पुत्री को भी बरामद कर लिया। किंतु पुलिस दो दिन से थाने में बैठाए किशोरी का बिना खर्च किए डाक्टरी परीक्षण करवाने को तैयार नहीं है। नाबालिग पीड़िता के पिता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि मिर्ज़ापुर पुलिस ने नामजद आरोपी सचिन को दिन भर थाने में बैठाने के बाद शाम को छोड़ दिया है। जबकि उसकी नाबालिग पुत्री को अभी भी थाने में रोके हुए है। आरोप है कि थाने के एक पुलिसकर्मी ने अपने मोबाइल नंबर से उसके मोबाइल नंबर पर काल करके कहा कि किशोरी का मेडिकल करवाने में 12 हजार रुपए खर्च होंगे। पुलिस को रुपए देने से मना करने पर उसका मेडिकल परीक्षण भी नहीं करवाया जा रहा है। नाबालिग पीड़िता के पिता का आरोप है कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी बलवंत और उसके पुत्र सचिन ने बारी बारी से दुराचार किया। जिसकी जानकारी उसकी बेटी ने अपनी मां के साथ थाने जाकर लिखित तहरीर देकर पुलिस को दी। किंतु पुलिस ने उसकी दी हुई तहरीर को पुलिसकर्मियों से बदलवाकर अपने मनमुताबिक तहरीर लिखकर उसका निशानी अंगूठा लगवा लिया है। पीड़िता के पिता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में रेप पीड़िता नाबालिग किशोरी का डाक्टरी परीक्षण करवाए जाने तथा आरोपी पिता - पुत्र को विवेचना के आधार पर सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है।

# थाने में पीस कमेटी बैठक का हुआ आयोजन

**खुटार।** गुरुवार को आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने की। उन्होंने ताजिए दारो को बताया कि मोहर्रम को पूर्व की परंपरा के अनुसार ही मनाया जाए। ताजियादारों से कहा कि वे अपने रूट की समस्याओं से पहले ही अवगत करा दें। ताजिया की ऊंचाई 10 फीट तक ही रखने का निर्देश दिया गया है। जुलूस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हर ताजिया के साथ एक हेड और पांच वॉलंटियर्स की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही निजी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने सभी ताजियादारों, वॉलंटियर्स और हेड की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाता है या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में खुटार, नरौठा देवीदास, मुरादपुर, बरकलीगंज, जादौपुर, नवदिया नवाजपुर, टाह, कैहमरिया, औरंगाबाद, सौफरी, रूजहा खुर्द, नगरा,आदि गांव में ताजिया जुलूस निकाला जाता है। बैठक में तमाम प्रधान एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान बने पवन सिंह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जनपद में भारतीय योग संस्थान के पदाधिकारियों चुनाव शहीद उद्यान में संपन्न हुआ। क्षेत्रीय प्रधान पद हेतु सदर क्षेत्र से अवधेश प्रजापति, कैंट क्षेत्र से मदन मोहन त्रिपाठी, चौक क्षेत्र से सत्य प्रकाश तिवारी, दक्षिणी क्षेत्र से बृजेश कुमार मिश्रा, तथा रोजा क्षेत्र से महेंद्र कुमार को चुना गया। सर्वसम्मति से जिला प्रधान पद हेतु पवन सिंह का चयन किया गया। यह चुनाव केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉक्टर मयंक भूषण पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ। नव नियुक्त जिला प्रधान पवन सिंह ने केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ.मयंक भूषण पांडे सहित सभी क्षेत्रों के नव नियुक्त क्षेत्रीय प्रधानों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। उन्होंने जिला प्रधान हेतु चयनित होने पर सभी को धन्यवाद देते हुए आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। सभी क्षेत्र के साधकों ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी। सभी अतिथियों और साधकों का आभार प्रदर्शन शहीद उद्यान केंद्र के केंद्र प्रमुख सूर्यभान शुक्ला ने किया।

# श्री गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी दिवस पर हुआ विशेष गुरमत समागम

**शाहजहांपुर।** श्री गुरु अर्जुन देव महाराज जी के शहीदी दिवस को समर्पित विशेष गुरमत दीवान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा शाहजहांपुर में सजाए गए, जिसमें परसों रोज से डाक्टर वी पी सिंह की ओर से रखवाए गए श्री अखंडपाठ साहिब की समाप्ति हुई, इससे पूर्व पिछले 40 दिन से स्त्री सुखमनी सेवा समिति की ओर से चल रही श्री सुखमनी साहिब के पाठों की लड़ी की सम्पूर्णताई हुई। सुबह 9 बजे से श्री सुखमनी साहिब के पाठ हुए। उपरांत श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद आरती, सरदार जसपाल सिंह,सदजाप सिंह, तुमशरण कौर,हजूरी रागी भाई गुरधयान सिंह ने गुरु अर्जुन देव जी की याद में शब्द गायन किए। बरेली से विशेष तौर से आए हुए भाई सतवंत सिंघ देहरादून वालों ने श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। दीवान का संचालन करते हुए धार्मिक सचिव सरदार जगजीत सिंह ने बताया लाहौर में उस वक्त के बादशाह जहांगीर के आदेश से श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज को दीन न मानने के कारण गर्म तवे पर बिठाकर, देग में उबालकर गर्म रेता शीश पर डालकर शहीद किया गया, इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से सजाया गया था। स्त्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी द्वारा पिछले 40 दिनों से चल रही श्री सुखमनी साहिब जी के पाठों की लड़ी का समापन हुआ जिसमें सेवादारों को श्रीमती कमलेश कौर माटा संस्थाध्यक्ष,हरभजन सिंघ दुआ, जगजीत सिंघ, जुझार सिंह मोंगा ने सिरोपा भेंट किये। डॉ वी पी सिंह को भी श्री अखंडपाठ के भोग पर सिरोपा भेंट किए।इनके परिवार की ओर से लंगर का भी आयोजन किया गया था। श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा साहिब के बाहर कमेटी की ओर से ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई, जहां सिख संगत एवं आते जाते राहगीरों को जल पिलाया गया ।इस भीषण गर्मी में जल पीकर सब ने राहत की सांस ली तथा गुरु जी को याद किया। इस अवसर पर संस्थाअध्यक्ष बीबी कमलेश कौर,सीनियर मीतप्रधान जुझार सिंह मोंगा, महासचिव हरभजन सिंह दुआने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया,इस अवसर पर रानी ढींगरा, जसबीर कौर, शरणजीत कौर मोंगा, श रणजीत कौर खालसा, कीरत माटा ,गुरमीत कौर, जैस्मीन कौर ,राजेंद्र कौर, हरजीत कौर, गुरबचन सिंह माटा ,जसपाल सिंह, मनजीत सिंह ढींगरा, हरमीत सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह बग्गा, गुरमीत सिंह गांधी, अरविंदर कौर, जितेंद्र सिंह छाबड़ा, राजेंद्र सिंह,मनमोहन कौर,सतवंत कौर, जगजीत सिंह माटा,दलजीत सिंह माटा, सुरेंदर सिंह,मनमीत सिंह सोढ़ी, मनी बग्गा, राजू बग्गा, जगमोहन सिंह, मनमोहन कौर इत्यादि का सहयोग रहा।

# पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का समापन



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल, में आयोजित पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का समापन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शिराज अहमद रहे। विशिष्ट अतिथियों में मृदुल गुप्ता (योग प्रभारी अधिकारी, आयुष विभाग, डॉ. मधुर कश्यप नेत्र सर्जन एवं डॉ. रविन्द्र कश्यप ऑर्थो सर्जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान श् पवन सिंह, जिला उपप्रधान डॉ. मयंक भूषण पाण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद बिहारी पाण्डेय, डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी एवं श्री राजीव मिश्रा उपस्थित रहे। रोजा क्षेत्र की ओर से प्रधान डॉ. संजय सिंह एवं उपप्रधान महेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. आशुतोष शुक्ला, मंत्री रविन्द्र भारती, केंद्र प्रमुख के. के. सिंह, राम प्रकाश वर्मा, श्रीमती सपना गौतम, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, सुश्री गरिमा सरोज, श्रीमती पूर्णिमा तथा अन्य साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं संतुलित आहार के माध्यम से मोटापे से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी

# सरप्लस शिक्षकों की सूची में त्रुटियों पर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में समायोजन हेतु जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची में व्याप्त विसंगतियों एवं त्रुटियों के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक सुधार की मांग की। संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की सरप्लस शिक्षकों की सूची प्रकाशित की गई है, किंतु सूची में कई स्थानों पर गंभीर त्रुटियां परिलक्षित हो रही हैं। ज्ञापन में कंपोजिट विद्यालयों में कार्यरत प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को समायोजन प्रक्रिया से बाहर रखा जाये, विषयवार शिक्षकों के चिन्हांकन की त्रुटियां दूर की जाये , पेयर विद्यालयों की स्थिति, महिला शिक्षकों सहित सभी समायोजित शिक्षकों की सुविधा तथा समायोजित शिक्षकों से दो गुने रिक्त पदों पर विकल्प प्रदान किए जाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शासनादेशों एवं विभागीय आदेशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए तथा जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार समस्त आपत्तियों एवं त्रुटियों का परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यथासंभव सभी शिक्षकों की समस्याओं एवं व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष एवं संतुलित समायोजन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र, जिला मंत्री देवेश कुमार बाजपेयी, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, मंत्री राकेश रोशन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कमियां दूर कर जल्द हैंडओवर करो हॉस्पिटल

- मेडिकल कॉलेज निर्माण में खामियों पर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता
- मुख्यमंत्री की मंशा और प्रभारी मंत्री की गंभीरता का भी दिया हवाला
- निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को चेतावनी, कमियां तुरंत दूर करने को कहा

स्वतंत्र भारत



जल्द निर्माण न हुआ पूरा तो की जाएगी कार्रवाई की संस्तुति

**लखीमपुर-खीरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न खामियां मिलने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को तत्काल उन्हें दूर करने के निर्देश दिए और अस्पताल को जल्द से जल्द हैंडओवर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल परियोजना पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल भी इसे लेकर गंभीर हैं। उनका स्पष्ट निर्देश है कि अस्पताल शीघ्र हस्तांतरित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

निरीक्षण के दौरान अरविंद गुप्ता ने निर्माण कार्य में लगी संस्था जय श्री के अधिकारियों से कहा कि सभी कमियां समयबद्ध तरीके से दूर की जाएं, अन्यथा इसकी पूरी जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिला अस्पताल में अब तक डी ब्लॉक का निर्माण पूरा नहीं हो सका है, जबकि यह अत्यंत आवश्यक हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण पूरा नहीं किया गया तो कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

जिलाध्यक्ष ने आईसीयू वार्ड में मॉनिटरिंग व्यवस्था शीघ्र स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता से कहा कि अस्पताल की सभी कमियां दूर कर जल्द हस्तांतरण सुनिश्चित कराया जाए ताकि मरीजों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही कार्यदायी संस्था के प्रबंधक को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और अस्पताल संचालन योग्य बनाने के लिए चेताया।

अरविंद गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि लखीमपुर मेडिकल कॉलेज जल्द पूर्ण रूप से शुरू हो और क्षेत्र के लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। उन्होंने छोटी-मोटी कमियों को तत्काल दूर कर अस्पताल में मरीजों के उपचार की व्यवस्था प्रारंभ करने पर बल दिया।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र, जिला उपाध्यक्ष जितेन साहनी, नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा, सर्जन डॉ. ए.के. गुप्ता, हर्षित गुप्ता तथा रवि गुप्ता भी मौजूद रहे।

# जिले की नई जिला पूर्ति अधिकारी बनी सीमा त्रिपाठी

- कार्यभार किया ग्रहण
- पात्र लाभार्थियों के प्रति पूरा ध्यान देंगी नई डीएसओ

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद के खाद्य एवं रसद विभाग में जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) के पद पर सीमा त्रिपाठी की नियुक्ति की गई है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), राशन वितरण व्यवस्था की निगरानी तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी के रूप में सीमा त्रिपाठी पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न पहुंचाने पर विशेष ध्यान देंगी। इसके साथ ही उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) की कार्यप्रणाली की निगरानी, विभागीय शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा खाद्य सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी उनके पास होगी।

लखीमपुर-खीरी जैसे बड़े जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुदृढ़ बनाना उनके सामने प्रमुख चुनौती माना जा रहा है। राशन वितरण की गुणवत्ता में सुधार, पात्रता संबंधी शिकायतों का समाधान और लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

प्रशासनिक और विभागीय हलकों में इस नई तैनाती को लेकर चर्चा का माहौल है। अधिकारियों और कर्मचारियों को उम्मीद है कि सीमा त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य एवं रसद विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनेगी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बेहतर ढंग से पहुंच सकेगा। जिले की राशन व्यवस्था को मजबूत करने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में उनके कार्यकाल से सकारात्मक परिणामों की अपेक्षा की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलरिया चीनी मिल कॉलोनी में 11 हजार वोल्ट का तार गिरा

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बिजुआ विकास खंड स्थित गुलरिया चीनी मिल कॉलोनी के पास बृहस्पतिवार को 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान मौके पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। तार गिरने से तेज धमाका हुआ और आसपास की सूखी घास में आग लग गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दी। चीनी मिल के कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए घास में लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया, जिससे आग फैलने से बच गई। विद्युत विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त तार की मरम्मत कर लाइन को दुरुस्त किया। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों को बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुराने तारों को बदलना आवश्यक है।



### फाइनल में पहुंचे एचटीसी और गोला मेडिकल

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम स्थित पीआईसी मैदान में आयोजित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे। बुधवार देर रात दूधिया रोशनी में खेले गए दोनों मुकाबलों में एचटीसी और गोला मेडिकल ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेमीफाइनल में एचटीसी ने भसीन स्वीट्स क्रिकेट क्लब को 28 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एचटीसी ने रतनेश के शानदार 43 रन की बदौलत 105 रन बनाए। जवाब में भसीन स्वीट्स की टीम हफीज (19) और सद्दाम (16) के संघर्षपूर्ण प्रयासों के बावजूद 77 रन पर सिमट गई। दूसरे सेमीफाइनल में गोला मेडिकल ने दानिश (20) और शमशाद (14) की पारियों की मदद से 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गट्टानी क्रिकेट क्लब की टीम सूरज के 30 रन के बावजूद निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और 21 रन से मुकाबला हार गई। पहले मैच में 43 रन की शानदार पारी खेलने वाले रतनेश तथा दूसरे मुकाबले में दो विकेट लेने वाले वासिद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इस अवसर पर जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, धर्मेंद्र गिरि, केके शुक्ला, संदीप शुक्ला सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने कोंधवा रेलवे क्रॉसिंग से कोंधवा जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अभिषेक शुक्ला निवासी कुम्हारन टोला, थाना गोला के रूप में बताई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करते हुए चालान भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ गोला समेत विभिन्न थानों में मारपीट, धमकी, एससी-एसटी एक्ट, आईटी एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

### अपना दल ने गांव-गांव पहुंचाया संदेश

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** संगठन विस्तार अभियान के तहत अपना दल (एस) के नेताओं ने गोला विधानसभा क्षेत्र के अलीगंज जोन में कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान चौपाल बैठकों का आयोजन कर लोगों को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई तथा नए समर्थकों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया गया। रामपुर जंगल, महमदपुर, अलीगंज, अलीगंज तिकुनिया, रसूलपनाह, इब्राहिमपुर, पिपरा, रामुआपुर और भैठिया सहित विभिन्न गांवों में आयोजित बैठकों में पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव पटेल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पिछड़े, दलित, शोषित और वंचित वर्गों के हितों के लिए लगातार संघर्ष किया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और नीट परीक्षा में आरक्षण संबंधी प्रयासों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। जिला संरक्षक अजय कुमार वर्मा ने कहा कि पार्टी सामाजिक न्याय और समान अवसर के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। वहीं जिला महासचिव पटेल कपिल वर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की पहचान को मजबूत बनाने के लिए अपने घरों पर अपना दल (एस) का झंडा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत कर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। बैठकों के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ठाकुर रामनरेश सिंह, भूपेंद्र वर्मा, मदन वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष विकास वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# खमरिया सीएचसी में योग सप्ताह का शुभारंभ, कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया में तैयारियां शुरू हो गई हैं। अधीक्षक डॉ. अमित सिंह की अध्यक्षता में योग दिवस से पूर्व योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक विजय कुमार ने अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।



इस दौरान प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, धनुरासन, भुजंगासन, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक तनाव, मोटापा, जोड़ों के दर्द सहित कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नियमित योग और प्राणायाम अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सकता है। वही कार्यक्रम में डॉ. आरबी गुप्ता, डॉ. इश्तियाक अहमद, डॉ. सत्यक वर्मा, फार्मासिस्ट फरहान, अजय कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

# श्री विष्णु महायज्ञ की वेदी रचना संपन्न

स्वतंत्र भारत

**पड़रियातुला-खीरी।** विकास खण्ड बिजुआ के ग्राम पड़रिया तुला स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ के तहत गुरुवार को वेदी रचना का कार्य वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से संपन्न हो गया। अब शुक्रवार को मंडप प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और महिलाओं ने भाग लिया। गुरुवार को यज्ञ स्थल पर आचार्यों द्वारा वेदी रचना की गई, जिससे पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। आयोजन समिति के अनुसार, शुक्रवार को यज्ञाचार्य विकास ललित मिश्र (नैमिषारण्य) के सानिध्य में मंडप प्रवेश और अग्नि प्राकट्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, धार्मिक अनुष्ठान और प्रवचन होंगे। महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक, प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

**लखीमपुर-खीरी।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना खीरी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम सदर ने क्षेत्र के नागरिकों, ताजियादारों और गणमान्य लोगों के साथ चर्चा करते हुए शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। बैठक में नवागत थानाध्यक्ष अवनीश सिंह ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साजिश की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान कस्बा खीरी में निकलने वाले पांच, सात और आठ मोहर्रम के जुलूसों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वहीं नौ मोहर्रम की रात होने वाली ताजियेदारी एवं शब्बेदारी से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। दस मोहर्रम को अशरा के अवसर पर स्थानीय कर्बलाओं तक जाने वाले ताजिया जुलूसों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# विरोध के चलते बढ़वारी ऊधौ में फिर रुका खड़ंजा निर्माण कार्य

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी-खीरी।** ग्राम पंचायत बढ़वारी ऊधौ में सार्वजनिक मार्ग पर प्रस्तावित खड़ंजा निर्माण कार्य एक बार फिर विवाद के कारण शुरू नहीं हो सका। ग्राम पंचायत द्वारा करीब 20 मीटर खड़ंजा निर्माण के लिए सामग्री मौके पर पहुंचाई गई थी, लेकिन कुछ ग्रामीणों के विरोध के चलते काम रुक गया। बताया जाता है कि इस मार्ग को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। मामले में उपजिलाधिकारी मोहम्मदी ने पुलिस, राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। इसके बावजूद निर्माण स्थल पर राजस्व टीम नहीं पहुंची। केवल दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन निर्माण कार्य शुरू न हो पाने के कारण वापस लौट गए। ग्राम विकास अधिकारी सौरभ चौधरी ने बताया कि सार्वजनिक मार्ग के निर्माण में लगातार बाधा डाली जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए थाना पुलिस को लिखित सूचना दी गई है, ताकि निर्माण कार्य शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा सके। ग्रामीण अवधेश कुमार ने बताया कि यह वर्षों पुराना सार्वजनिक मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन होता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के बावजूद वह लंबे समय से मार्ग निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग निर्माण रुकने से लोगों को परेशानी हो रही है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

# एनएनपीएल का खिताब समीर इलेवन नानपारा के नाम

- प्रवीण की तूफानी बल्लेबाजी और विशाल की हैट्रिक बनी जीत की कुंजी

स्वतंत्र भारत



**निघासन-खीरी।** ढखेरवा रोड स्थित खेल मैदान पर आयोजित निघासन नाइट प्रीमियर लीग (एनएनपीएल) का फाइनल मुकाबला बुधवार रात चंदन इलेवन निघासन और समीर इलेवन नानपारा के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में समीर इलेवन ने छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टीम की जीत में प्रवीण गेल की विस्फोटक बल्लेबाजी और विशाल सुल्तानपुरी की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई।

फाइनल मैच का उद्घाटन समाजसेवी विकास अग्रवाल तथा चीनी मिल के पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नवीन अग्रवाल, पिंटू कनौजिया, रजनीश कनौजिया, निर्मल चतुर्वेदी, संतोष बाथम, रवि वर्मा, आफताब आलम, मानू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

टॉस जीतकर समीर इलेवन ने पहले गेंदबाजी चुनी। बल्लेबाजी करते हुए चंदन इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 103 रन बनाए। टीम की ओर से शिवम ने 38 और राजा ने 28 रन का योगदान दिया। समीर इलेवन के गेंदबाज विशाल सुल्तानपुरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक समेत चार विकेट झटके।

104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समीर इलेवन की शुरुआत खराब रही, लेकिन प्रवीण गेल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 48 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उनकी पारी में छह शानदार छक्के शामिल रहे। उनकी बदौलत टीम ने लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से जीत दर्ज कर ली।

बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विशाल सुल्तानपुरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। खिताबी जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। मैच का आंखों देखा हाल धीरू और जय ने सुनाया। आयोजकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**एक करोड़ के जेवर गायब होने का मामला**

# मृतकों पर डाल दी जेवर गायब होने की जिम्मेदारी

- पुलिस रिकॉर्ड और कोर्ट रिकॉर्ड में बड़ा खेल?
- पुलिस और कोर्ट के दस्तावेज आमने-सामने

स्वतंत्र भारत




**लखीमपुर खीरी।** सदर मालखाने से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात गायब होने का मामला अब रहस्य और विवाद का रूप लेता जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में अंतिम रिपोर्ट लगाकर प्रकरण बंद कर दिया है, लेकिन जिस आधार पर यह कार्रवाई की गई है, उसने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि करोड़ों रुपये के जेवरात गायब होने की जिम्मेदारी ऐसे पुलिसकर्मियों पर डाल दी गई है, जिनका वर्षों पहले निधन हो चुका है।

पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में दावा किया गया है कि वर्ष 2007 के एक मुकदमे से संबंधित जेवरात तत्कालीन हेड मोहर्रिर चंद्रिका प्रसाद और बाद में तैनात रामबक्श पाल के कार्यकाल के दौरान मालखाने से गायब हुए। दोनों कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई संभव नहीं है। इसी आधार पर पुलिस ने न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। मामले में तब नया मोड़ आ गया जब न्यायालयी अभिलेखों में दर्ज तथ्यों और पुलिस के प्रेस नोट में बड़ा विरोधाभास सामने आया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों में तत्कालीन हेड मोहर्रिर रमाकांत तिवारी, मोल्हेराम, मेवाराम और ईश्वर दीन जैसे नामों का उल्लेख मिलता है, जबकि पुलिस के प्रेस नोट में चंद्रिका प्रसाद और रामबक्श पाल का जिक्र किया गया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर मालखाने का वास्तविक चार्ज किस-किस कर्मचारी के पास था? यदि न्यायालयी रिकॉर्ड कुछ और कह रहे हैं और पुलिस का प्रेस नोट कुछ और, तो सही तथ्य कौन से हैं? क्या जांच के दौरान नए साक्ष्य मिले या फिर कहीं न कहीं रिकॉर्ड में गंभीर विसंगति है?

मामले का दूसरा और अधिक गंभीर पहलू यह है कि यदि जेवरात वर्ष 2007 के आसपास गायब हुए थे, तो लगभग 18 से 20 वर्षों तक इसकी भनक किसी को क्यों नहीं लगी? मालखाने में जमा मुकदमाती संपत्ति की नियमित जांच, सत्यापन और ऑडिट की व्यवस्था आखिर क्या कर रही थी? क्या इस दौरान किसी अधिकारी ने भौतिक सत्यापन नहीं किया? यदि किया तो करोड़ों रुपये के जेवर गायब होने का तथ्य सामने क्यों नहीं आया?

कानून के जानकारों का मानना है कि मालखाने की जिम्मेदारी केवल किसी एक कर्मचारी तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह पूरी प्रशासनिक और संस्थागत व्यवस्था से जुड़ा विषय है। ऐसे में केवल मृतक कर्मचारियों पर जिम्मेदारी तय कर मामले को बंद कर देना कई आशंकाओं को जन्म देता है।

अब जनमानस में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या करोड़ों रुपये के जेवरात गायब होने के मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच हुई भी थी या नहीं। प्रेस नोट और न्यायालयी अभिलेखों में सामने आए विरोधाभास ने पूरे प्रकरण को और रहस्यमय बना दिया है।

फिलहाल मामला भले ही अंतिम रिपोर्ट के साथ बंद कर दिया गया हो, लेकिन जवाबदेही, रिकॉर्ड की सच्चाई और जांच की पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। यही कारण है कि सदर मालखाना प्रकरण अब जिले में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है।

# दलित पैंथर पार्टी के जिला संयोजक को जमानत देने से कोर्ट का इंकार

- आपराधिक इतिहास और मामले की गंभीरता के आधार पर अर्जी खारिज

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान में दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपी दलित पैंथर पार्टी के जिला संयोजक मनोज कुमार भारती पुत्र मोहन लाल को अदालत से राहत नहीं मिल सकी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय संख्या-3 तथा जिला न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे निरस्त कर दिया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की गंभीरता का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया। अभियोजन की ओर से कहा गया कि मनोज कुमार भारती के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनका उल्लेख पुलिस अभिलेखों में मौजूद है। साथ ही प्रकरण की विवेचना अभी जारी है, ऐसे में आरोपी को रिहा किए जाने पर जांच प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी। अभियोजन ने यह भी तर्क दिया कि जमानत मिलने की स्थिति में आरोपी गवाहों और साक्ष्यों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकता है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले की प्रकृति, आरोपी के आपराधिक इतिहास तथा जांच की वर्तमान स्थिति को देखते हुए जमानत दिए जाने के लिए पर्याप्त आधार उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने अपने आदेश में हाल के न्यायिक निर्णयों का भी उल्लेख किया और कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराएं संज्ञेय और गैर-जमानती अपराधों की श्रेणी में आती हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि मनोज कुमार भारती का पूर्व में पलिया क्षेत्र के विधायक के साथ विवाद भी चर्चा में रहा था। उस प्रकरण के दौरान सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर भी काफी विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके बाद मामला सार्वजनिक चर्चा का विषय बना था।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अशांत पीओके

वैसे तो पाकिस्तान की फौज के अफसरों और राजनीतिज्ञों को छोड़कर वहां की अंदरूनी हालत कोई अच्छी नहीं है लेकिन अपने कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके को वह लगातार और भी बुरी हालत में डालता चला आ रहा है। वहां के लोग जरूरी नागरिक सुविधाओं से भी महरूम हैं। स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और इन जैसी अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की जगह सरकार लगातार वहां के लोगों का दमन कर रही है। इसकी अगुवा वहां की फौज है जो खौफ का राज कायम करने का सबसे बड़ा जरिया बनी हुई है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सामने आया जब स्थानीय लोग मुजफ्फराबाद में अपने मूलभूत अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे लेकिन उनकी बात सुनने की जगह उनपर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी गईं जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ताज्जुब की बात यह है कि एक तरफ तो पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के कश्मीर का मुद्दा लगातार उठाकर सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करता है लेकिन उसके अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों की दयनीय हालत कभी वैश्विक चिंता का विषय नहीं बन पाती। हालत यह है कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और मानवाधिकार आयोग तथा मुस्लिम रहनुमा पीओके में हो रहे जुल्म पर इस तरह चुप्पी साध लेते हैं मानो वहां कुछ अमानवीय हो ही न रहा हो। पाकिस्तान के झूठे प्रचार पर तो उन्हें चर्चा करने की जरूरत महसूस होती है लेकिन पीओके में भयंकर जुल्म की हकीकत की ओर वे देखना भी गवारा नहीं करते। अफरातफरी का माहौल बनाए रखने के बीच पाक सरकार अब पीओके को आतंकवाद का अड्डा बनाए हुए है। शायद वह चाहती है कि दुनिया पीओके को आतंकवादी क्षेत्र के रूप में जाने। इसीलिए उसने तमाम आतंकी संगठनों को वहां अपने ठिकाने बनाने के लिए शह दे रखी है। भारत ने इसीलिए वहां एयरस्ट्राइक भी की थी। इन आतंकी अड्डों के बारे में समाचार माध्यमों में भी खबरें बराबर आती रहती हैं। आम लोगों का मनोबल तोड़ने के लिए पाक सरकार मुजफ्फराबाद में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या भी करवा रही है। इस तरह पाक अधिकृत कश्मीर एक तरफ तो आतंकवादियों का 'सेफ हेवन' बनता जा रहा है, वहीं स्थानीय लोगों के लिए यह नरक बन चुका है। इस पृष्ठभूमि में स्वाभाविक ही है कि भारत ने वहां हो रही ज्यादतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई है और आज भी ऐसा कर रहा है। पीओके के लोग आजादी मांग रहे हैं तो यह गलत नहीं है।

## नई चुनौती

लखनऊ में पहले के मुकाबले अपराध की काफी हद तक कमर तोड़ दी गई है जिससे खासतौर पर खाने-कमाने में व्यस्त रहने वाला गरीब तथा मध्यम वर्ग काफी राहत महसूस कर रहा है। माफिया के आतंक से छुटकारा मिला और व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों में कमी आई है। लेकिन अब हत्या और हत्या के प्रयास के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आमतौर पर अकेले ही वारदातों को अंजाम देते हैं जिनमें पिस्तौल-रिवॉल्वर का ही खासतौर पर इस्तेमाल होता है। भीड़भाड़ वाली बाजारों, व्यावसायिक परिसरों से लेकर स्कूल कैम्पस और हाईवे तक पर दुश्मनी निकालने के लिए इन हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले छह महीनों में ऐसी आठ घटनाएं हुईं जिनमें तीन लोगों की जानें गईं और दहशत का माहौल कायम हो गया। खास बात यह भी है कि ऐसी वारदातें किसी खास इलाके तक सीमित नहीं रहीं बल्कि हजरतगंज से लेकर बख्शी का तालाब और पीजीआई क्षेत्रों तक इन्हें अंजाम दिया गया। इन सबमें अपराधियों को अपने शिकार की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी थी और पूरे इत्मीनान के साथ एकाएक हमले किए गए ताकि बचाव के मौके न मिल सकें। यह भी सामने आया है कि हमलावर भले ही बाहरी रहे हों लेकिन उन्हें वारदात के बाद भागने के लिए रास्तों के बारे में पूरी जानकारी थी। यह लखनऊ के लिए एक नया 'गन कल्चर' है जिसका प्रतीक कभी श्रीप्रकाश शुक्ला हुआ करता था। यह शहर की कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। ठीक है कि सीसीटीवी जैसे साधनों की मदद से इनमें कुछ लोगों के बारे में जानकारियां हासिल हो सकी हैं लेकिन संमस्या की गंभीरता से इंकार नहीं किया जा सकता। इस नए चैलेंज से निपटने के लिए पुलिस को अपना क्विक रेस्पांस एवं मुखबिरी तंत्र व्यापक रूप से सक्रिय करना होगा। साथ ही व्यवसायियों एवं ठेकेदारों जैसे नागरिकों को अपनी सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी।

# श्रद्धा और रोमांच का नया मेल

भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का चेहरा तेजी से बदल रहा है। यह अब केवल धार्मिक यात्रा नहींए बल्कि अनुभवए रोमांच और बदलती जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। इसमें संस्कृतिए साहसिक अनुभवए डिजिटल दुनियाए स्थानीय



– डॉ. शिवम भारद्वाज

अर्थव्यवस्था और आत्मिक संतुलन की तलाश एक साथ दिखाई देती है। यही बदलाव इसे देश के सबसे रोचक सामाजिक परिवर्तनों में से एक बना रहा है। भारत की पहचान केवल उसके शहरोंए भाषाओं और भौगोलिक विस्तार से नहीं बल्कि उन यात्राओं से भी जुड़ी है जो सदियों से लोगों को नदियोंए पर्वतोंए मंदिरोंए दरगाहोंए गुरुद्वारों और मठों तक ले जाती रही हैं। इन यात्राओं में गंतव्य जितना महत्वपूर्ण थाए उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव था जो व्यक्ति अपने साथ लेकर लौटता था।

समय बदला और उसके साथ यात्रा का अर्थ भी बदल गया। पहले तीर्थयात्रा को मुख्यतः धार्मिक दायित्व के रूप में देखा जाता था। लोग दर्शन करते थे और लौट आते थे। आज यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं है। लोग किसी स्थान को देखना ही नहींए उसे समझना भी चाहते हैं। उसकी संस्कृतिए इतिहासए लोकजीवन और वातावरण को अपने अनुभव का हिस्सा बनाना चाहते हैं।

इस बदलाव की सबसे स्पष्ट झलक यात्रियों में दिखाई देती है। एक समय था जब आध्यात्मिक यात्राओं को जीवन के उत्तरार्ध से जोड़कर देखा जाता था। माना जाता था कि जिम्मेदारियाँ पूरी करने के बाद व्यक्ति तीर्थयात्रा करता है। इसलिए ऐसे स्थलों पर बुजुर्गों की संख्या अधिक दिखाई देती थी। आज तस्वीर अलग है। चारधामए केदारनाथए अमरनाथए हेमकुंड साहिब और वैष्णो देवी जैसे स्थलों पर बड़ी संख्या में युवा दिखाई देते हैं। वे केवल दर्शन के लिए नहीं आते। वे यात्रा को एक अनुभव की तरह जीना चाहते हैं। उनके लिए रास्ता भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मंदिर।

युवाओं की यह बढ़ती भागीदारी आध्यात्मिक पर्यटन की प्रकृति को भी बदल रही है। यहीं से श्रद्धा और रोमांच के नए मेल की कहानी शुरू होती है। पिछले कुछ वर्षों में स्पिरिचुअल टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म के बीच की दूरी तेजी से कम हुई है। हिमालयी तीर्थस्थल इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। केदारनाथ तक की चढ़ाईए हेमकुंड साहिब का कठिन मार्ग या अमरनाथ की यात्रा अब केवल धार्मिक यात्राएँ नहीं रह गई हैं। इनमें श्रद्धा के साथ रोमांच भी शामिल है।

दरअसलए रोमांच और आध्यात्मिकता के बीच एक स्वाभाविक रिश्ता है। दोनों व्यक्ति को उसकी सुविधा.परिधि से बाहर निकालते हैं। दोनों उसे अपने भीतर झाँकने का अवसर देते हैं। पहाड़ों की कठिन चढ़ाईए लंबी पैदल यात्राएँ और प्रकृति का विराट विस्तार कई बार व्यक्ति को ऐसे मौन से परिचित कराते हैं जो रोजमर्रा के जीवन में दुर्लभ होता है। शायद यही कारण है कि अनेक यात्रियों के लिए ऐसी यात्राएँ केवल बाहरी नहीं भीतर की यात्रा भी बन जाती हैं।

नई पीढ़ी यात्रा को अलग.अलग खाँचों में नहीं बाँटती। उसके लिए पहाड़ों की चढ़ाई और भीतर की तलाश एक ही अनुभव का हिस्सा हो सकती है। वह सूर्योदय को भी याद रखती है और मंदिर की घंटियों को भी। वह रास्ते में मिलने वाली स्थानीय संस्कृति को भी महत्व देती है और मुख्य दर्शन को भी। आस्था अब केवल मंजिल में नहींए यात्रा के अनुभव में भी दिखाई देती है। यह परिवर्तन केवल यात्राओं तक सीमित नहीं है। इसके पीछे आधुनिक जीवन की बदलती प्राथमिकताएँ भी काम कर रही हैं। आज का जीवन पहले से अधिक तेजए व्यस्त और डिजिटल हो चुका है। उपलब्धियाँ बढ़ी हैंए लेकिन ठहराव कम हुआ है। कोविड महामारी के बाद यह एहसास और गहरा हुआ कि जीवन केवल दौड़ का नाम नहीं है। शायद यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग फिर उन स्थानों की ओर लौटेए जहाँ कुछ समय के लिए रफ्तार धीमी पड़ जाती है और मन को अपने साथ रहने का अवसर मिलता है।

इस बदलती मानसिकता को डिजिटल दुनिया ने और गति दी है। कभी यात्राएँ लोगों के अनुभवों से प्रेरित होती थींए अब वे अक्सर स्क्रीन से शुरू होती हैं। केदारनाथ की बर्फीली चोटियाँए काशी की आरतीए महाकाल लोक की भव्यताए अयोध्या का दीपोत्सव या किसी गुरुद्वारे का लंगरकृइनकी झलक कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुँच जाती है।

सोशल मीडिया ने आध्यात्मिक स्थलों को नई दृश्यता दी है। जो स्थान कभी सीमित क्षेत्र तक जाने जाते थेए वे आज राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा हैं। यूट्यूब व्लॉगए ट्रैवल कंटेंट और इंस्टाग्राम रीलों ने धार्मिक यात्राओं को नई पीढ़ी की बातचीत में ला खड़ा किया है। पहले लोग तीर्थों तक पहुँचते थेए अब तीर्थ भी मोबाइल स्क्रीन के रास्ते लोगों तक पहुँच रहे हैं।

इस बदलाव का असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। किसी तीर्थस्थल तक पहुँचने वाला यात्री केवल दर्शन नहीं करता। वह होटल में ठहरता हैए स्थानीय परिवहन का उपयोग करता हैए भोजन करता हैए हस्तशिल्प खरीदता है और अनेक सेवाओं का हिस्सा बनता है। इससे हजारों छोटे व्यापारियोंए कारीगरोंए गाइडों और सेवा प्रदाताओं की आजीविका जुड़ती है। अनेक छोटे शहरों और अर्ध.ग्रामीण क्षेत्रों में आध्यात्मिक पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी बन चुका है।

लेकिन लोकप्रियता अपने साथ चुनौतियाँ भी लेकर आती है। सोशल मीडिया के दौर में किसी स्थान की प्रसिद्धि बहुत तेजी से बढ़ सकती है। कभी.कभी कुछ वायरल वीडियो ऐसे स्थलों तक भी भारी भीड़ पहुँचा देते हैं जो अभी उस दबाव के लिए तैयार नहीं होते। नतीजा ट्रैफिकए कचराए पर्यावरणीय दबाव और बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ते बोझ के रूप में सामने आता है। यहीं यह समझना जरूरी है कि किसी तीर्थस्थल की सफलता केवल आगंतुकों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण वह अनुभव है जो लोग अपने साथ लेकर लौटते हैं। यदि यात्रा सहज और व्यवस्थित होए तो वह स्मृति बन जाती है। यदि अव्यवस्था हावी हो जाएए तो लोकप्रियता भी लंबे समय तक आकर्षण बनाए नहीं रख पाती।

फिर भी इन चुनौतियों के बावजूद आध्यात्मिक पर्यटन का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इसका कारण केवल आस्था नहीं है। इसके पीछे अनुभव की वह तलाश भी है जो आधुनिक जीवन में धीरे.धीरे दुर्लभ होती जा रही है।

आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे दिलचस्प बात यही है कि इसे किसी एक परिभाषा में नहीं बाँधा जा सकता। यह धर्म हैए लेकिन केवल धर्म नहीं। यह पर्यटन हैए लेकिन केवल पर्यटन नहीं। इसमें संस्कृति हैए विरासत हैए स्थानीय समाज हैए डिजिटल प्रभाव हैए रोमांच है और व्यक्तिगत अनुभव भी है।

आज जब दुनिया का बड़ा हिस्सा स्क्रीन पर सिमटता जा रहा हैए तब यह दिलचस्प है कि लाखों लोग अब भी हजारों किलोमीटर की यात्राएँ कर रहे हैं। वे वह सब देखने निकलते हैंए जिसे वे पहले ही अपने मोबाइल पर देख चुके होते हैं। शायद इसका कारण यही है कि स्क्रीन दृश्य दिखा सकती हैए अनुभव नहीं दे सकती।

सदियों पुराने तीर्थ वही हैं। रास्ते भी लगभग वही हैं। लेकिन यात्री बदल गया है। उसके हाथ में अब प्रार्थना के साथ मोबाइल भी हैए श्रद्धा के साथ कैमरा भी और दर्शन के साथ अनुभव की तलाश भी। शायद इसी में आध्यात्मिक पर्यटन की सबसे बड़ी कहानी छिपी है। यह केवल लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं ले जाता। यह परंपरा को वर्तमान सेए आस्था को अनुभव सेए रोमांच को आत्मचिंतन से और भीतर की तलाश को बाहरी यात्रा से जोड़ देता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

मन और बुद्धि भी न लगा सके, तब ? (अर्जुन ने पीछे कहा भी है कि मन को रोकना तो मैं वायु की तरह दुष्कर समझता हूँ) इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् । अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनञ्जय ।।9।। यदि तू मन को मुझमें अचल स्थापित करने में समर्थ नहीं है, तो हे अर्जुन ! योग के अभ्यास द्वारा मुझे प्राप्त होने की इच्छा कर। (जहाँ भी चित्त जाय, वहाँ से घसीटकर उसे आराधना, चिन्तन-क्रिया में लगाने का नाम अभ्यास है) यदि यह भी न कर पाये तो?-

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव। मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि ।।10।।

यदि तू अभ्यास में भी असमर्थ है तो केवल मेरे लिये कर्म कर अर्थात् आराधना करने में तत्पर हो जा। इस प्रकार मेरी प्राप्ति के लिये कर्मों को करता हुआ तू मेरी प्राप्तिरूपी सिद्धि को ही प्राप्त होगा। अर्थात् अभ्यास भी पार न लगे तो साधना-पथ में लगे भर रहो।

अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः। सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतात्मवान् ।।11।।

यदि इसे भी करने में असमर्थ है तो सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्याग कर अर्थात् लाभ-हानि की चिन्ता छोड़कर 'मद्योग' के आश्रित होकर अर्थात् समर्पण के साथ आत्मवान् महापुरुष की शरण में जा। उनसे प्रेरित होकर कर्म स्वतः होने लगेगा। समर्पण के साथ कर्मफल के त्याग का महत्त्व बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं-

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते । ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।।12।।

केवल चित्त को रोकने के अभ्यास से ज्ञानमार्ग से कर्म में प्रवृत्त होना श्रेष्ठ है। ज्ञान-माध्यम से कर्म को कार्यरूप देने की अपेक्षा ध्यान श्रेष्ठ है; क्योंकि ध्यान में इष्ट रहता ही है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने भूमि बहाली के क्षेत्र में एक ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है जिसने पूरी दुनिया के सामने



– महेन्द्र तिवारी

सफलता का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने अपने निरंतर और सुनियोजित प्रयासों से 21०76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा.भरा और उपजाऊ बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस विशाल आंकड़े की गंभीरता और इसके भौगोलिक विस्तार को इस तरह समझा जा सकता है कि यह क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम अर्थात ब्रिटेन के कुल भौगोलिक आकार के बराबर है। इतने बड़े पैमाने पर सूखीए ऊसर और जीवनहीन हो चुकी ज़मीन को पुनर्जीवित करना केवल एक प्रशासनिक सफलता नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति देश की गहरी प्रतिबद्धता और दूरगामी नीतियों का जीवंत परिणाम है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति देश की साख को बहुत ऊंचा किया है। भूमि का इस तरह से पुनरुद्धार करना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखने जैसा है जो सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। इस पूरी मुहिम की वैश्विक कड़ियों को जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि भारत के ये प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बड़े अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। इसी संदर्भ में बॉन चुनौती का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आता है। बॉन चुनौती वास्तव में वनों की कटाई को रोकने और मरुस्थलीकरण के कारण बंजर हो चुकी भूमि को फिर से उपजाऊ और हरा.भरा बनाने का एक बहुत बड़ा वैश्विक संकल्प है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत वर्ष 2011 में जर्मनी की सरकार और इंटरनेशनल यूनियन फॉर ब्वदेमतअंजपवद ऑफ नेचर द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। जब इसे वैश्विक स्तर पर शुरू किया गया था तब इसका प्राथमिक लक्ष्य रखा गया था कि वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि को बहाल किया जाएगा। इसके बाद इस लक्ष्य को और अधिक विस्तारित करते हुए वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया। भारत ने इस वैश्विक चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इसके साथ इस तरह जोड़ा कि आज देश इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। भारत की इस पर्यावरणीय यात्रा में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक विस्तार देने का निर्णय लिया। वर्ष 2019 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के चौदहवें सत्र का आयोजन किया गया था जिसे कॉप 14 के नाम से भी जाना जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के पर्यावरणविदों और नीति निर्माताओं की उपस्थिति में भारत ने अपने पुराने लक्ष्यों में बड़ा संशोधन किया। भारत ने वैश्विक मंच पर यह संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और निम्नीकृत भूमि को पूरी तरह से बहाल करेगा। वर्तमान समय में हासिल किया गया 21०76 मिलियन हेक्टेयर का यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और वह इस अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही प्राप्त करने की मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। इस विशाल भूभाग को दोबारा जीवन देने और उसे हरा.भरा बनाने के लिए देश में बहुआयामी रणनीतियों को अपनाया गया जिसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वनरोपण की रही है। देश के विभिन्न राज्यों में जो जमीनें पूरी तरह से खाली थीं या जहां औद्योगिक गतिविधियों और खनन कार्यों के बाद खदानों को बंजर छोड़ दिया गया था वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। इस प्रक्रिया में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि केवल पेड़ न लगाए जाएं बल्कि उन स्थानीय प्रजातियों के पौधों को चुना जाए जो वहां की मिट्टी और जलवायु के अनुकूल हों। इससे बंजर पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में एक बार फिर से सघन हरित आवरण लौटने लगा जिसने भूमि के क्षरण को रोक दिया और मिट्टी की खोई हुई पोषक क्षमता को वापस लाने में मदद की। वनरोपण के साथ.साथ जल और मिट्टी के संरक्षण के लिए जलागम प्रबंधन तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया जो इस सफलता की रीढ़ साबित हुई। इसके अंतर्गत पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धतियों से छोटे.छोटे बांधों का निर्माण किया गया जिन्हें चेक डैम कहा जाता है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा के तेजी से बहते हुए पानी को रोका गया जिससे न केवल उपजाऊ मिट्टी का बहाव थमा बल्कि ज़मीन के भीतर पानी का स्तर भी तेजी से ऊपर उठा। भूजल स्तर में सुधार होने के कारण आसपास की सूखी और प्यासी ज़मीन को पर्याप्त नमी मिली जिससे वहां प्राकृतिक रूप से वनस्पतियों का उगना दोबारा शुरू हो गया और कई सूखी नदियां तथा जलस्रोत पुनर्जीवित हो उठे। इस अभियान की एक और बड़ी विशेषता कृषि वानिकी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना रही है जिसने पारंपरिक खेती के तौर.तरीकों को सकारात्मक रूप से बदल दिया। परंपरागत रूप से किसान केवल अपनी फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करते थे लेकिन नई नीतियों के तहत उन्हें खेतों की मेड़ों पर और फसलों के बीच के खाली स्थानों में आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इससे किसानों को न केवल ईंधन और चारे के रूप में अतिरिक्त संसाधन मिले बल्कि खेतों की मिट्टी की नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता और सामान्य उर्वरता में भी भारी सुधार हुआ। कृषि वानिकी ने देश के ग्रामीण अंचलों में एक नए प्रकार के लाभदायक और टिकाऊ हरित तंत्र को जन्म दिया जिसने पर्यावरण के साथ.साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी संबल प्रदान किया। इन सभी सरकारी और तकनीकी प्रयासों को वास्तविक शक्ति और गति तब मिली जब इसमें आम जनता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को अनिवार्य बनाया गया। संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वनों के आसपास रहने वाले स्थानीय ग्रामीण निवासियों और विशेषकर आदिवासी समुदायों को जंगलों की रक्षा करने और नए पौधे लगाने की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई। जब इन समुदायों को यह अहसास हुआ कि जंगलों का विकास सीधे तौर पर उनके अपने जीवनए संस्कृति और आजीविका से जुड़ा हुआ है तो उन्होंने इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। लोगों के इस सामूहिक जुड़ाव के कारण ही नए लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई और सामुदायिक वनों का दायरा तेजी से बढ़ने लगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**भारत पर हमला हुआ तो हम मदद करेंगे-ट्रंप**
न्यू इंडिया की सुरक्षा अब अमेरिका के भरोसे है!

**उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट,छह सांसद बागी**
टुकड़ा टुकड़ा गैंग बहुत मेहनत कर रहा है!

**बृजभूषण शरण सिंह और बेटे को मिली धमकी**
कलियुग में यही सब उल्टे काम होंगे,राम राम..

**मानसिक बीमारियां आत्महत्या की बड़ी वजह**
सरकारें दारू के नये ठेके खोलती जा रही है!

**लोकतंत्र को बर्बाद कर रहे हैं अमित शाह-कांग्रेस**
सांसद बिकने को तैयार हैं,आप खरीद लीजिये!

**मानसून कमजोर,बारिश में चालीस प्रतिशत कमी**
राममंदिर में घोटाले से भगवान नाराज़ तो नहीं..

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

### चार बातें

एक बड़े बुद्धिमान साधु थे। उनसे शिक्षा लेने के लिए बहुत-से स्त्री- पुरुष आते थे। साधु उन्हें बड़ी, उपयोगी बातें बताया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, तुम लोग चार बातें याद रखोगे तो जीवन में बहुत ही आनंद से रहोगे।

लोगों ने पूछा, स्वामीजी, वे चार बातें क्या है ?

स्वामीजी बोले, पहली बात यह है कि तुम जहां भी रहो, अपने को आवश्यक बना दो। इतना काम करो कि लोग समझें कि अगर तुम चले गये तो उनका काम रुक जायगा। कहने का अर्थ यह है कि तुम किसी पर बोझ मत बनो, दूसरों के बोझ को हल्का करो।

लोगों ने कहा, दूसरी बात बताइये।

साधु बोले, अपने को खूब स्वस्थ रखो। काम करने के लिए शरीर को तन्दुरुस्त रखना आवश्यक है।

और तीसरी बात क्या है? लोगों ने उत्सुकता से पूछा।

साधु ने कहा, आलस को अपने पास कभी मत फटकने दो। जो आदमी प्रमाद करता है, वह निकम्मा हो जाता है।

आखिरी बात ? लोगों ने बड़ी जिज्ञासा से उनकी ओर देखा।

साधु बोले, एक-एक पैसे का उपयोग करो। मौज-शौक पर एक कौड़ी भी खर्च मत करो। याद रखो, तुम्हें जो पैसा मिला है, वह भगवान का दिया हुआ है, और भगवान की दी हुई चीज का किसी को दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे

वर्तमान समय में अनेक क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण बढ़ती अवसरवादी राजनीति, विचारधारा का अभाव, परिवारवाद और सत्ता प्राप्ति की अंधी दौड़ है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती अस्थिरता तथा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसदों के शिंदे गुट में जाने की तैयारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों की जड़ें कमजोर होती जा रही हैं। सत्ता प्राप्ति के लिए वैचारिक विरोधियों से गठबंधन करने के कारण शिवसेना का पारंपरिक जनाधार कमजोर हुआ और पार्टी लगातार टूट का सामना कर रही है। इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस भी सत्ता केंद्रित राजनीति का उदाहरण रही है। किसी मजबूत वैचारिक आधार के अभाव में ऐसे दल सत्ता में रहते हुए तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन जैसे ही राजनीतिक परिस्थितियां बदलती हैं, उनका संगठन बिखरने लगता है। पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया है कि केवल व्यक्तित्व आधारित राजनीति लंबे समय तक स्थायी नहीं रह सकती।आज देश में अनेक छोटे-छोटे क्षेत्रीय दल कुकुरमुत्तों की तरह उभर रहे हैं। इन दलों का उद्देश्य अक्सर जनसेवा से अधिक राजनीतिक सौदेबाजी दिखाई देता है। कुछ सीटें जीतकर वे सरकार गठन में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हैं और मंत्री पद या अन्य राजनीतिक लाभ प्राप्त करते हैं। क्षेत्रीय दलों की एक बड़ी समस्या उनका अलोकतांत्रिक ढांचा भी है। भारतीय लोकतंत्र के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक है कि क्षेत्रीय दल आत्ममंथन करें। उन्हें स्पष्ट विचारधारा, आंतरिक लोकतंत्र, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा सत्ता की राजनीति में अल्पकालिक लाभ भले मिल जाए, लेकिन जनता का विश्वास खोने वाले दलों का भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। लोकतंत्र में अंततः वही दल टिकते हैं जो सिद्धांत, संगठन और जनता के विश्वास पर खरे उतरते हैं।

-विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# स्वस्थ रहने में मददगार है योग

क्या आपको दिनभर थका हुआ महसूस होता है या शरीर काफी अकड़ा हुआ लगता है, जिसकी वजह से कंधों, कमर आदि में दर्द रहता है? अगर हां, तो जरूरी है कि आप एक हेल्दी मॉर्निंग रुटीन फॉलो करें। आप सोच रहे होंगे कि इन सभी का इससे क्या लेना देना है, तो आपको बता दें कि आपकी सुबह की दिनचर्या आपके पूरे दिन को प्रभावित करती है। इससे आपके मूड, प्रोडक्टिविटी और सेहत तीनों पर काफी असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताने वाले हैं, जिसे अपने मॉर्निंग रुटीन में शामिल करके बेहतर फोकस, अच्छा मूड और ज्यादा प्रोडक्टिविटी का एहसास कर पाएंगे।

हम बात कर रहे हैं योग की। रोजाना सुबह योग करने से आप दिनभर एक्टिव महसूस करते हैं और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहती है। तो अगर आप भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो आइए जानते हैं सुबह के समय आप किन योगासनों को आसानी से कर सकते हैं।

ये योगासन करने में आसान हैं और इनके फायदे लाजवाब हैं। इसलिए अगर आपने पहले कभी योग नहीं भी किया है, तो भी आसानी -से इन आसनों को कर पाएंगे। आइए जानते हैं कैसे करें ये योगासन।

### बालासन

सुबह के समय इस आसान को करने से आपकी कमर और हिप्स की मांसपेशियां खुलती हैं। साथ ही, इस आसन से गर्दन और सिर का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। ये पाचन को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

#### कैसे करें?

सबसे पहले जमीन पर चटाई बिछाएं और उस पर अपने दोनों हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों के अंगूठे को आपस में चिपकाएं और अपने घुटनों को दूर करें। अब अपने हाथों को आगे की तरफ फैलाएं और गहरी लंबी सांस लेते हुए नीचे की ओर झुकें। 60 सेकंड तक इस आसन में रहें और इसके बाद धीरे-धीरे सामान्य पोजीशन में आ जाएं।



### भुजंगासन

इस आसन से आपकी छाती, कंधे, हाथ और पेट की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही, इस आसन से रीढ़ की हड्डी भी लचीली बनती है और ये आसान मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद है।



#### कैसे करें?

इस आसन को करने के लिए जमीन पर चटाई बिछाएं और पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को कंधों को बराबरी में रखें और पैरों के बीच भी इतनी ही दूरी लाएं। अब गहरी सांस भरते हुए, अपने हाथों पर बल देकर ऊपर की ओर उठें। इस दौरान अपने सीने को जमीन से ऊपर उठाएं और कंधों को पीछे की ओर धकेलें।

इस आसन में 30 सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य पोजीशन में लौट आएं।

### अधोमुख स्वानासन

इस आसन को करने से पीठ की मांसपेशियां, हाथ और पैरों को मजबूती मिलती है। साथ ही, ये ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है और तनाव कम करने में मदद करता है।

#### कैसे करें?

इस आसन को करने के लिए चटाई पर अपने हाथों और घुटनों के बल खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लेते हुए अपने घुटनों को जमीन से ऊपर उठाएं और अपनी पीठ को सीधी करने की कोशिश करें। इस दौरान अपने सिर को हाथों के बीच रखें। 30 सेकंड तक इस आसन में रहें और फिर रिलैक्स हो जाएं।



### मार्जरी आसन

इस आसन से रीढ़ की हड्डी फ्लेक्सीबल बनती है और बॉडी पोश्चर में सुधार होता है। साथ ही, ये आसन पाचन को बेहतर बनाता है और स्ट्रेस कम करने में भी मददगार है।

#### कैसे करें?

इस आसन को करने के लिए अपने हाथों और घुटनों के बल जमीन पर खड़े हो जाएं।

अब सांस छोड़ते हुए अपनी पीठ को ऊपर की तरफ ले जाएं और सिर को छाती की तरफ झुकाएं। इसके बाद सांस लेते हुए अपनी पीठ को नीचे की तरफ लाएं और पेट को जमीन की तरफ झुकाएं।

30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं और फिर रिलैक्स हो जाएं।



# इन घरेलू उपायों से जोड़ों के दर्द से मिलेगा जल्द आराम



आर्थराइटिस, जिसे जोड़ों का दर्द या गठिया भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जो जोड़ों में सूजन और दर्द का कारण बनती है। यह समस्या खासकर अधिक उम्र के लोगों और कभी-कभी युवाओं में भी देखी जाती है। आर्थराइटिस होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण की बात की जाए तो जोड़ों पर अत्यधिक दबाव, चोट, ऑटोइम्यून विकार, और खराब जीवनशैली शामिल हैं। आर्थराइटिस की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कुछ लक्षण की अगर बात की जाए तो जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, और गतिशीलता में कमी हो सकती है। कई बार जोड़ों में दर्द और अकड़न के कारण उठने-बैठने, चलने-फिरने में परेशानी होती है। वैसे तो डॉक्टर से संपर्क करके सही उपचार करना जरूरी है, लेकिन लेकिन कुछ घरेलू उपाय आर्थराइटिस के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें कुछ प्रभावी घरेलू उपाय जो जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकते हैं।

**1. हल्दी और दूध**

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन में एंटी इंफ्लेमेटरी और दर्द निवारक गुण होता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रात को सोने से पहले पिएं। यह जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करता है। नियमित सेवन से आर्थराइटिस के लक्षणों में सुधार हो सकता है।

**2. गर्म और ठंडी सिकाई**

जोड़ों के दर्द में गर्म और ठंडी सिकाई बहुत प्रभावी है। गर्म सिकाई मांसपेशियों को आराम देती है और अकड़न कम करती है, जबकि ठंडी सिकाई सूजन को नियंत्रित करती है। 15 मिनट तक गर्म पानी की बोतल से सिकाई करें, फिर 10 मिनट तक बर्फ की थैली का उपयोग करें। इसे दिन में दो बार करें। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

**3. नियमित व्यायाम और मालिश**

हल्का व्यायाम, जैसे योग, तैराकी या पैदल चलना, जोड़ों को लचीला बनाता है। ताड़ासन और भुजंगासन जैसे योगासन विशेष रूप से लाभकारी हैं। साथ ही, नारियल या सरसों के तेल से जोड़ों की मालिश करें। तेल में लहसुन या अदरक का रस मिलाने से और लाभ मिलता है। मालिश रक्त संचार को बढ़ाती है और दर्द से राहत देती है।

**4. ओमेगा-3 युक्त आहार**

अलसी के बीज, अखरोट और मछली जैसे ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ जोड़ों की सूजन को कम करते हैं। शाकाहारी लोग अलसी का तेल या बीज अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियां और फल भी पोषण प्रदान करते हैं।

# बुढ़ापे तक लीवर को जवां रखने का काम करती हैं ये चीजें

हमारे शरीर में कई अंग दिन-रात काम करते हैं लेकिन लीवर (यकृत) वह मौन योद्धा है जो बिना शोर किए, हर पल हमें स्वस्थ रखने में लगा रहता है। यह न सिर्फ पाचन में मदद करता है बल्कि खून को साफ करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने, दवाओं को प्रोसेस करने और शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने जैसे सैकड़ों जरूरी काम करता है। जीवनशैली की छोटी-छोटी लापरवाहियां इस नाज़ुक अंग को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं और जब तक इसके लक्षण सामने आते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है इसलिए ज़रूरी है कि हम लिवर की देखभाल को गंभीरता से लें। सही खानपान, फिजिकल एक्टिविटी और समय-समय पर जांच से ही इस जरूरी अंग को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सकता है।

भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति लिवर की समस्या से ग्रस्त है। लिवर से होने वाली मौतों का आकंड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। फैटी लिवर, लिवर में पानी भरना जैसे कई समस्या अब आम है लेकिन अगर आप हैल्दी खाते हैं तो ना तो लिवर में किसी तरह की सूजन आएगी और ना ही फैट।

**खान-पान का सबसे अहम रोल- बुढ़ापे तक जवां रहेगा लिवर**

लिवर को हैल्दी रखने का अहम काम आपका खान-पान ही करता है। आप जो खाते हैं, वहीं आपके शरीर पर असर दिखाता है। कुछ चीजें ऐसी हैं जो आपके लिवर के लिए जहर हैं जैसे प्रोसेस्ड-तला भुना खाना, मैदा चीनी और ज्यादा नमक लेकिन कुछ फूड्स आपके लिवर के लिए वरदान भी हैं जो सालों साल आपके लिवर को ज्वां बनाए रखते हैं। इसे अपनी डाइट में आप रैगुलर शामिल करते रहे तो लिवर डिटॉक्स होता रहेगा।

**चुकंदर:** चुकंदर आपके लिवर के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। चुंकदर का जूस, सलाद जरूर खाएं।

**ब्रोकोली:** ब्रोकोली इतनी फायदेमंद है कि ये आपके लिवर को डेमेज होने से बचाती है। फैटी लिवर से बचाती है। इसके अलावा आप केल,पालक और साग भी जरूर खाएं क्योंकि हरी पत्तेदार सब्जियां लिवर को डिटॉक्स करती है। चुकंदर और ब्रोकोली, ये दो चीजें तो रूटीन में अपनी डाइट में शामिल रखें।

**3. हरी पत्तेदार सब्ज़ियां-** जैसे पालक, मेथी, ब्रोकोली, सरसों का साग - ये लिवर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करती हैं। इनमें क्लोरोफिल होता है जो लिवर की सफाई करता है।

**5. अखरोट-** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और ग्लूटाथियोन से भरपूर - लिवर की सफाई में सहायक। खासकर फैटी लिवर की स्थिति में लाभदायक।

**6. ग्रीन टी-** इसमें एंटीऑक्सीडेंट (कैटेचिन) होता है जो लिवर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। लिवर फैट कम करने में मदद करता है।

**7. सिट्रस फल -** जैसे नींबू, संतरा, मौसंबी - विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर। शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक।

**8. सेब-** इसमें पेक्टिन होता है जो पाचन को बेहतर करता है और लिवर पर बोझ कम करता है। कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित करता है।

**लिवर हेल्दी रखने के लिए ये टिप्स जरूर अपनाएं**

शराब और तली चीजों से दूरी रखें।
धूम्रपान न करें।
रोज़ाना 8 से 10 गिलास पर्याप्त पानी पिएं।

# ऑफिस में गलत पॉस्चर में बैठने से शरीर में बढ़ जाता है इन बीमारियों का खतरा



आज के डिजिटल दौर में ऑफिस में घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। इस दौरान हममें से ज्यादातर लोग अक्सर गलत तरीके से बैठते हैं, कभी कमर झुकाकर, तो कभी कंधे आगे करके या गर्दन को स्क्रीन की ओर झुकाकर। शुरुआत में यह बस थोड़ा-बहुत पीठ दर्द या गर्दन में अकड़न जैसा लग सकता है। लेकिन, अगर हम इस खराब पोस्चर को नजरअंदाज करते रहें, तो यह सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहता। लंबे समय तक ऐसे बैठने से हमारा शरीर कई गंभीर बीमारियों के घेरे में आ सकता है, जिनके बारे में शायद आपने सोचा भी न हो। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने से कौन-सी तीन बड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और कैसे आप खुद को इनसे बचा सकते हैं।

**पीठ और गर्दन का दर्द**

गलत पोस्चर में लगातार बैठने से आपकी रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। जब आप झुककर या कंधे झुकाकर बैठते हैं, तो रीढ़ की डिस्क और आसपास की मांसपेशियों पर असामान्य खिंचाव पड़ता है। यह धीरे-धीरे मांसपेशियों में खिंचाव, लिगामेंट्स पर तनाव और डिस्क के घिसाव का कारण बनता है। इसका सीधा परिणाम लगातार पीठ दर्द होता है, जो कमर से लेकर गर्दन और कंधों तक फैल सकता है। यह दर्द इतना बढ़ सकता है कि रोजमर्रा का सामान्य काम करना भी मुश्किल हो जाता है। कुछ मामलों में, यह साइटिका जैसी नसों से जुड़ी समस्याओं का भी कारण बन सकता है, जहां दर्द पैर तक फैल जाता है।

**खराब पाचन और मेटाबॉलिक समस्याएं**

गलत पोस्चर सिर्फ रीढ़ की हड्डी को ही नहीं, बल्कि आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करते हैं। जब आप कमर झुकाकर या आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो पेट और आंतों जैसे महत्वपूर्ण पाचन अंगों पर दबाव पड़ता है। यह दबाव पाचन प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स, अपच, पेट फूलना और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, गलत पोस्चर के साथ लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम होती है, जो आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है। धीमा मेटाबॉलिज्म वजन बढ़ने, इंसुलिन रेजिस्टेंस और अंततः टाइप 2 डायबिटीज जैसी मेटाबॉलिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**हृदय रोग का जोखिम बढ़ता है**

यह सुनकर शायद आपको आश्चर्य लगे, लेकिन गलत पोस्चर और अत्यधिक देर तक बैठे रहना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है। इससे वैरिकोज वेंस और डीप वेन थ्रोम्बोसिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें पैरों की नसों में खून के थक्के बन सकते हैं। इससे भी बढ़कर, गलत पोस्चर के साथ जुड़ा गतिहीन जीवनशैली हाई ब्लड प्रेशर, हाई कॉलेस्ट्रॉल और मोटापे को बढ़ावा देती है, ये सभी हृदय रोग और स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

**क्या करें?**

ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने के गंभीर परिणामों को देखते हुए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी बात यह है कि इन सभी खतरों से बचा जा सकता है। इसके लिए, सही एर्गोनोमिक सेटअप अपनाएं, अपनी कुर्सी, मॉनिटर और कीबोर्ड को ऐसे सेट करें कि आपकी पीठ सीधी रहे और आंखें स्क्रीन के लेवल पर हों। हर 30-60 मिनट में नियमित ब्रेक लें, खड़े हों, थोड़ा टहलें और स्ट्रेचिंग करें। बैठते समय सचेत होकर अपनी मुद्रा को सही रखें; पीठ सीधी, कंधे ढीले और पैर फर्श पर सपाट हों। अपनी कोर मसल्स को मजबूत करने के लिए नियमित व्यायाम करें, क्योंकि ये सही पोस्चर बनाए रखने में मदद करती हैं। यदि आपको लगातार दर्द या उपरोक्त में से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

# शरीर में है विटामिन बी-12 की कमी? डाइट में शामिल करें ये चीजें



विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें। **विटामिन बी-12 का महत्व-** विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। **1. केला-** केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है। **2. चना-** चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है। **3. अंडे-** अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0.6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

# स्किन और बालों के लिए तो वरदान हैं आंवला

आंवला पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है क्योंकि इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते है। आंवला का सेवन आप किसी भी रूप में कर सकते हैं। जैसे- आंवला का जूस, अचार, कैंडी और मुरब्बा। बहुत से लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है वह जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे लोगों को आंवला जरूर खाना चाहिए क्योंकि आंवले में विटामिन सी भरपूर होता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इससे आप वायरल इंफेक्शंस जैसे बुखार, सर्दी जुकाम आदि से बचे रहेंगे। अगर आपको खाया पिया नहीं पचता तो आंवला खाना शुरू करें। रोजाना कच्चा आंवला या फिर आंवले का मुरब्बा खाया जाए तो पेट की दिक्कतों राहत मिलती हैं। आंवले में फाइबर होता है जो हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ाता है, पाचन अच्छा रखता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है उन्हें भी आंवला जरूर खाना चाहिए। विटामिन सी से भरपूर होने के चलते आंवला मेटाबॉलिज्म को फायदे देता है। जिन लोगों को ब्लड शुगर की समस्या है उन्हें भी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए। आंवला इसे कंट्रोल रखने में मददगार है। कच्चा आंवला, जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए सही रहता है। आंवले में विटामिन ए रहता है जो आपकी आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। आंखों में रोशनी कम होने से बचाता है। छोटे बच्चे हो या बड़े लोग, सबको हफ्ते में 1 से 2 बार आंवला तो जरूर लेना चाहिए। मार्कीट में आपके सुना होगा कई तरह के आंवला ऑयल मौजूद है। आंवले की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मी के मौसम में बालों पर इसका तेल लगाना फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंवला आपकी स्किन को खूबसूरत रखता है और बालों को घना बनाने का काम करता है। आंवला हेयर फॉलिकल्स को फायदा देने में भी असरदार है। आंवले का सेवन रैगुलर करने से आपके बाल झड़ने-टूटने बंद हो जाएंगे।बाल मुलायम हो जाएंगे। आंवला का सेवन आप डायरेक्ट बालों में भी कर सकते हैं जैसे सूखे आंवले को हरी मेहंदी में भिगोकर लगा सकते हैं। शरीर जब अंदर से स्वस्थ रहता है तो उसका असर त्वचा पर बाहरी रूप से भी दिखने लगता है। एजिंग साइंस कम करने से लेकर कोलाजन बेहतर करने तक में आंवले का असर दिखता है। आपकी स्किन बेदाग चमकदार और झुर्रियों रहित हो जाएगी।





**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 19 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पंचमी तिथौ शुक्र वासरे 17/01/ आश्लेषा नक्षत्रे 10/07/ हर्षण योग 14/54/ बव करणे 05/55/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- ----

**मेष :** श्रम संघर्ष प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होगा। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्राओं की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** अच्छी दशा वालों को मित्र मिलाप एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। घरेलू कार्य का बोझ तनाव दे सकता है।

**मीन :** अधूरे कार्यों का निपटारा करना आपको तनाव दे सकता है। अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना पड़ेगा।

## जिलाधिकारी ने नगर पंचायत महोली का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

# किसी भी आवेदनकर्ता के प्रमाण-पत्र अधिक समय तक लम्बित न रखे जायें-जिलाधिकारी

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। नगर पंचायत महोली का जिलाधिकारी डा. राजागणपति



आर.ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक लिया। आई.जी.आर.एस. पोर्टल को देखते हुये लम्बित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुये शिकायतों का ससमय एवं गुणत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोली से वार्डों एवं कूड़ा उठान करने वाले वाहनों की संख्या की जानकारी ली। जल-कल पटल पहुंचकर वाहन की लाकबुक का अवलोकन करते हुये पटल बाबू से हाउस टैक्स के बारे में जानकारी जिलाधिकारी ने प्राप्त की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र पटल का अवलोकन करते हुये पटल बाबू को निर्देशित किया कि किसी भी आवेदनकर्ता के प्रमाण-पत्र अधिक समय तक लम्बित न रखे जायें, जल्द से जल्द आवेदनकर्ता के प्रमाण-पत्र जारी किये जायें। दाखिल खारिज पटल पहुंचकर रजिस्टर एवं महत्वपूर्ण पत्रावलियों का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। लेखा निर्माण पटल पहुंचकर बंधन योजना के अन्तर्गत पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों की पत्रावलियों जैसे गौशाला, आर०सी०सी० रोड आदि का अवलोकन किया। अधिशासी अधिकारी से वार्डों में होने वाली साफ-सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। बंधन योजना के तहत बनायी गयी सड़क का मौके पर पहुंचकर अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोली उपस्थित रहे।

## नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है-डा. सुखरंजन समददार

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित टीकाकरण के अंतर्गत जीरो डोज कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं ब्लाक स्तरीय पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल नारायण में किया गया। सीतापुर में नियमित टीकाकरण से छूटे एवं वंचित बच्चों को टीका सुरक्षा चक्र में शामिल करने के उद्देश्य से 'जीरो डोज' कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुखरंजन समददार ने दीप प्रज्वलित करके किया।



उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। सीएमओ ने कहा कि जीरो डोज कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों तक पहुंचना है, जो किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रणनीति के तहत अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. इमरान ने बताया कि दूसरे चरण में ऐसे बच्चों की पहचान, ट्रैकिंग और उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। संचार गतिविधि के माध्यम से वैब (इनकार) बच्चों को टीका के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से जनपद में टीकाकरण कवरेज में उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यशाला में महेंद्र उपाध्याय (प्रोजेक्ट आफिसर, एडरा इंडिया), गौरव दीक्षित (मंडलीय स्वास्थ्य समन्वयक, यूनिसेफ), मोहित मेहरोत्रा जिला समन्वयक (गावी जीरो डोज कार्यक्रम), ज़िला स्वास्थ्य शिक्षा एवम सूचना अधिकारी राज कुमार सहित सभी ब्लाकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लाक समन्वयक इमरान शाहनवाज़, रीना,मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने जीरो डोज कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत कर टीकाकरण से वंचित बच्चों तक पहुंचने की रणनीति पर जोर दिया।

# टीईटी अनिवार्यता से मुक्ति हेतु जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। अगस्त २०१० से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अनिवार्य टेट



संबंधी स्थायी राहत देने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश वर्मा व जिला संयुक्त मंत्री राजेश सिंह ने कहा कोई भी कानून पूर्व से नहीं लागू होता यदि सुप्रीम कोर्ट में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो सरकार विधायी संशोधन अथवा अध्यादेश लाकर शिक्षकों को राहत प्रदान करे। लखनऊ मंडल के अध्यक्ष महेश मिश्र ने कहा कि मात्र इस आदेश से लाखों शिक्षकों को मानसिक तनाव है एवं वो असुरक्षित महसूस कर रहे है। विनायक मिश्र ने कहा राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन शिक्षकों की लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेगा एवं किसी भी शिक्षक की आजीविका सुरक्षा एवं सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। उक्त अवसर संदीप वर्मा एवं जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी शिक्षकों को उनके साथ लड़ाई लडने् का आश्वासन दिया । उक्त अवसर पर कोषाध्यक्ष इंद्रसेन गौतम जिलामंत्री पंकज शुक्ला ,पुनीत वर्मा, आशीष कुमार, कमलशुक्ला रमन पांडे, हरिशंकर, मनोज कुमारी , मौसिम अली ,आनंद प्रकाश सिंह नागेंद्र देव विपिन कुमार , अभिलाष मिश्र ,सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रधान ने अपने पिता के नाम पर नहीं बनवाया मंझिगवां गांव में द्वार

# महापुरूषों का अपमान करने वाली सरकार की कुर्सी तोड़ देंगे-चंद्रशेखर आजाद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के मंझिगवां गांव में एक द्वार बना दिया गया है। ये द्वार प्रधान ने अपने पिता के नाम पर नहीं बनवाया। बल्कि अखंड भारत के निर्माता सम्राट अशोक



के नाम पर बनवाया है। जिसका उद्घाटन एक बहुजन बेटे को करना था। अब बहुजन महापुरूष के नाम पर गेट है तो सरकार के पेट में दर्द हो गया। आज गेट कपड़े से ढकवा दिया गया। सरकार महापुरुषों का अपमान करता चाहती है। महापुरूषों का अपमान करने वाली सरकार की कुर्सी तोड़ देंगे। यह बात भीम आर्मी चीफ सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ग्राम मंझिगवां में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। चंद्रशेखर दोपहर करीब दो बजे मंझिगवां पहुंचे। वहां उन्होंने मंच से कहा कि सीतापुर में बहुजन महापुरुषों का अपमान हुआ है। मुझे इस बात का दुख है। सरकार को चुभ गया कि चंद्रशेखर इस गेट का लोकार्पण कर रहा है। मै कहता हूं कि मुख्यमंत्री, डीएम, एसपी, आईजी आकर लोकार्पण कर दें लेकिन अगर गेट टूटा तो ये याद रखे कि लखनऊ में बैठे लोग चौन से सो नहीं पाएंगे। सरकार के पास रोजगार नहीं है। नीट का पेपर नहीं करा पा रहे हैं। हम ३३ बिंदुओं का घोषणा पत्र लेकर आए हैं। महिलाओं को रोजगार और व्यापार शुरू करने के अवसर, पक्के आवास की सुविधा देंगे। सांसद ने कहा कि प्रधान पर मुकदमा हुआ है। हम लोग झूठे मुकदमे से डरने वाले लोग नहीं है। ऐसा गेट हर गांव के बाहर होना चाहिए। अगर प्रधान जेल गए तो चंद्रशेखर आजाद भी जेल जाएंगे। चंद्रशेखर आजाद का काफिला सबसे पहले मंझिगवां गांव के बाहर बने सम्राट अशोक स्मृति द्वार पर रुका। गाड़ी से उतरकर चंद्रशेखर ने गेट की स्थिति देखी। ग्राम प्रधान को बुलाकर पूरे प्रकरण की जानकारी ली। चंद्रशेखर के गेट पर रुकते ही प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने महमूदाबाद के नई बाजार उत्तरी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पहुंचकर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हेमू वाल्मीकि के घर पहुंच कर परिजनों का हाल-चाल जाना व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। यहां कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल-नगाड़े के साथ पुष्पवर्षा कर भीम आर्मी चीफ सांसद चंद्रशेखर आजाद का स्वागत किया। चंद्रशेखर आजाद के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर मंझिगवां गांव छावनी में तब्दील रहा। नवनिर्मित गेट सहित कार्यक्रम स्थल तक दस थानों की फोर्स लगाई गई थी। प्रशासन ने ड्रोन से भी पूरे कार्यक्रम पर नजर रखी। एसडीएम डा.अंजलि सिंह, सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सीओ बिसवां हर्षित चौहान, तहसीलदार उमा शंकर, नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी, राकेश पाल, प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, सकरन, सिधौली, सदरपुर, थानगांव, रामपुरकलां, अटरिया, रेउसा, मानपुर, लहरपुर पुलिसबल के साथ मौजूद रहे।

# अजय को मिली बड़ी जिम्मेदारी, अमन शांडिल्य पुनः बने सीतापुर विभाग संयोजक

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के रायबरेली मे



आयोजित अभ्यास वर्ग में प्रांत अध्यक्ष नीतू सिंह ने कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों की घोषणा की। यह अभ्यास वर्ग १३ से १६ जून तक आयोजित किया गया था। बीते २८ से ३० मई को उड़ीसा में संपन्न हुए राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में सीतापुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला को खेलो भारत के अखिल भारतीय प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा उनका केंद्र ग्वालियर किया गया, इससे परिषद में उनका कद बढ़ा है। उनके स्थान पर उन्नाव के विभाग संगठन मंत्री विकास त्रिपाठी को विभाग संगठन मंत्री सीतापुर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, हर्षित सिंह को एक बार फिर सीतापुर जिला का संगठन मंत्री बनाया गया है, वही बिसवाँ जिले के जिला संगठन मंत्री रहे अभिषेक कोझा को लखीमपुर विभाग का विभाग संगठन मंत्री बनाया गया । आरएमपी इंटर कालेज के शिक्षक मनु शर्मा को एक बार फिर से विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है।अमन शांडिल्य को फिर से विभाग संयोजक, महक शुक्ला को विभाग छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही सीतापुर जिला में आर एम पी पीजी कालेज के प्रवक्ता डा. सुमित सिंह को जिला प्रमुख, दिव्यांशी गुप्ता का जिला संयोजक को फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई, वहीं नेहा मिश्रा को जिला छात्रा प्रमुख एवं रवि सिंह राठौर को विकासार्थ विद्यार्थी का प्रांत सह संयोजक बनाया गया सीतापुर तहसील प्रमुख अरविंद प्रकाश एवं तहसील संयोजक अनुराग मिश्रा लहरपुर तहसील प्रमुख मीनाक्षी एवं संयोजक विकास वर्मा महोली तहसील प्रमुख अभिषेक पांडेय व संयोजक देवांस सिंह मिश्रिख तहसील प्रमुख समीर गौतम व संयोजक की आयुष त्रिवेदी जिम्मदारी दी गई । संगठनत्मक दृष्टि से बिसवां जिले में अमन दीक्षित को फिर से जिला संयोजक, डाक्टर शैलेंद्र सिंह को जिला प्रमुख, कुमारी किरण को जिला छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। अभ्यास वर्ग में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र सोलंकी, क्षेत्रीय संगठन घनश्याम शाही, अखिल भारतीय प्रमुख अंशुल विद्यार्थी, प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष , प्रांत सह संगठन मंत्री ज्ञानेन्द्र सहित अवध प्रांत के २७ जिलो से ३५० कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# मार्ग दुर्घटना में पांच लोग घायल

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक को ट्रमा सेंटर रेफर किया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। सदरपुर के करनापुर के सुमित कुमार (३०) पुत्र रिक्खीलाल अपने बहनोई चकपुरवा के मनोज कुमार (३२) के साथ लखनऊ से लौट रहे अपने बड़े भाई प्रमोद कुमार को बाइक से बुलाने आ रहे थे। बुधवार की रात करीब साढ़े ११ बजे इनकी बाइक रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर भिटौरा के सामने महमूदाबाद की तरफसे आ रहे बरदहा के अतीक (३५) पुत्र हसीब, अपने दोस्त रमद्वारी के शहजाद (३९) पुत्र मंजूरे व गैसापुर के मायाराम (५०) पुत्र पूरन वर्षीय बुजुर्ग से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार पांचों लोग गंभीररूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मायाराम को गंभीर हालत में ट्रमा सेंटर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मायाराम की मौत हो गई।

## हिन्दी सभा में काव्य संध्या का आयोजन

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। स्थानीय लालबाग शहीद उद्यान में स्थित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में वरिष्ठ कवि, साहित्यकार स्व. माया प्रकाश अवस्थी एवं स्व. विद्या देवी अवस्थी की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन हिंदी सभा के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। उनके सुपुत्र संयोजक विपिन बिहारी अवस्थी व सुपुत्री श्रीमती रेनू मिश्रा ने सभी उपस्थित कवि व कवित्रियों का माल्यार्पण करके स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ कवि केदारनाथ शुक्ल, अशोक मिश्र, रमाशंकर मिश्र, विनीत तिवारी, रामकिशोर श्रीवास्तव, देवेन्द्र कश्यन निडर, रोहित विश्वकर्मा, गीता किशोर श्रीवास्तव, अभिषेक बाजपेयी, ब्रजेश मिश्र, अर्पित मिश्र तेजस, वेदांश वेद, बलराम दत्त तिवारी, सुधांशु त्रिवेदी, काली प्रकाश मिश्र, डा. सतीश चन्द्र मिश्र, अनुपमा अवस्थी, विपिन अवस्थी, मनोज अवस्थी, पंकज अवस्थी, रेनू मिश्रा व रेखा जी ने विभिन्न रसों से ओत प्रोत रचनायें प्रस्तुत कर सभी उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। काव्य संध्या की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक वंशीधर शुक्ल तथा संचालन हिंदी सभा के यशस्वी महामंत्री, ओज के वरिष्ठ कवि रजनीश मिश्र ने किया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य प्रेमी, गणमान्य नागरिक, पत्रकारबंधु व छायाकार आदि ने उपस्थित होकर काव्य के विभिन्न रसों का रसास्वादन किया। सूक्ष्य जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में समाजसेवा संघ पुस्तकालय के प्रभारी वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल ने सभी उपस्थित आगस्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी गौवंशों का टीकाकरण समय से सुनिश्चित किया जाये-डा. राजागणपति आर.

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में



विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गोवंश संरक्षण, चारा एवं पानी की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं तथा आश्रय स्थलों के समुचित संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर निराश्रित गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियमित रूप से पशु चिकित्सा टीमों द्वारा निरीक्षण किया जाए तथा बीमार एवं कमजोर गोवंशों का समयबद्ध उपचार कराया जाए। जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थलों की क्षमता, वर्तमान गोवंश संख्या, संरक्षित गोवंशों की देखभाल तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार सभी व्यवस्थाएं गुणवत्ता के साथ संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थलों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी गौवंशों का टीकाकरण समय से सुनिश्चित किया जाये तथा बाढ़ से पहले ही गौवंशों को सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित किया जाये। बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों में संचालित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां भी आधारभूत सुविधाओं के विकास अथवा मरम्मत संबंधी कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आश्रय स्थलों में जलभराव रोकने तथा गोवंशों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। गोवंशों के भरण-पोषण हेतु उपलब्ध कराई जा रही धनराशि, भुगतान की स्थिति तथा अन्य वित्तीय प्रावधानों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है-शिवशंकर

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। ग्रो सेफ फूड अभियान २.० के अन्तर्गत अमानक, अपंजीकृत कीटनाशी रसायनों से सावधानी तथा कृषकों एवं तकनीकी कार्मिकों हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिस दौरान शिवशंकर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी , जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी महोली, तकनीकी/विषय विशेषज्ञ के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र-कटिया, मानपुर, एफ०पी०ओ० के प्रतिनिधि, एग्रो इनपुट डीलर्स, प्रगतिशील कृषकों, एग्रीजंक्शन, इफ्को, सहकारिता, नामित विनिर्माता कम्पनी के प्रतिनिधि तथा जनपद के तकनीकी कर्मचारियों/अधिकारियों सहित लगभग १५० लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कृषकों को कृषि रक्षा सम्बन्धी साहित्य यथा-पोस्टर, पम्पलेट आदि वितरित किया गया तथा कृषकों को कीटनाशकों के संतुलित, सुरक्षित एवं



वैज्ञानिक उपयोग, कृषि रक्षा यंत्र एवं सुरक्षा उपाय, सुरक्षित खाद्यन्न के उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डा० दयाशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके कटिया द्वारा एकीकृत नाशी जीव प्रबन्धन की विभिन्न विधियों यथा- शस्य, यांत्रिक, जैविक तकनीकि से कीट/रोग प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ रसायनमुक्त खाद्यन्न उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कृषि रक्षा रसायनों के छिड़काव के समय कृषकों हेतु सुरक्षात्मक उपाय, (पी.पी.ई. किट) के प्रदर्शन, रसायनों पर अंकित लेवल एवं लीफ्लेट के अनुसार कीटनाशकों के प्रयोग, उनकी प्रतीक्षा अवधि एवं विषाक्तता, अवशेष प्रबन्धन की तकनीकि पर भी विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी वि०/रा० आयुष चौधरी की अध्यक्षता में माह जून २०२६ के किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान भाई व कृषक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक के उपलब्धता एवं आनलाइन उर्वरक खरीद के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा खरीफ सीजन में फसल सुरक्षा हेतु बीज/भूमि शोधन हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया एवं विगत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। किसान दिवस में कृषक बन्धुओं/किसान संगठनों के स्तर से कुल १८ समस्याएं प्राप्त हुयी। समस्याओं को अध्यक्ष द्वारा सुना गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। अतएव सम्बन्धित विभाग समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं उनकी निस्तारण आख्या सम्बन्धित कृषक को उपलब्ध करायें।



# 12 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शनी में दिखाया गया, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने किया उद्घाटन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विकास प्रदर्शनी का गुरुवार को उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, किसान हितैषी कार्यक्रमों तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ी उपलब्धियों को चित्रों और सूचना पटलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का



अवलोकन कर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदर्शनी को जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में मीरगंज विधायक डी.सी. वर्मा, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेन्द्र सिंह, एमएलसी बोहरन लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ एमपी आर्य ,भाजपा मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे। प्रदर्शनी में लोगों ने केंद्र सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

# पांच से ज्यादा मुकदमों वाले अपराधी रडार पर, डीएम ने तलब की हिस्ट्रीशीटरों की सूची

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनपद में चुनाव से पूर्व कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी अपराधियों की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए जिनके खिलाफ पांच या उससे अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि लगातार अपराधों में संलिप्त रहने वाले व्यक्ति समाज की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। ऐसे अपराधियों की वर्तमान स्थिति, गतिविधियों और आपराधिक रिकॉर्ड का विस्तृत सत्यापन कराया जाएगा। प्रशासन यह भी पता लगाएगा कि जिन अपराधियों पर कई मुकदमे दर्ज हैं, वे यदि जेल से बाहर हैं तो किन परिस्थितियों में बाहर हैं और उनकी वर्तमान गतिविधियां क्या हैं।



सूत्रों के अनुसार, पुलिस से थाना स्तर पर ऐसे अपराधियों का ब्यौरा मांगा गया है। सूची मिलने के बाद प्रशासन उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की रणनीति तैयार करेगा। जरूरत पड़ने पर गैंगस्टर एक्ट, जिला बदर और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से अपराध नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी रखेंगे।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूत है भारतीय अर्थव्यवस्था : राधा मोहन दास

स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को विकास, आर्थिक मजबूती और सुशासन का दौर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक चुनौतियों के बावजूद तेज आर्थिक प्रगति कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव तथा रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन का संकेत है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल क्रांति और निवेश प्रोत्साहन



से देश को लाभ मिला है। उनका कहना था कि भारत वर्ष 2031 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्यसभा सांसद ने महंगाई, कर व्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत में महंगाई नियंत्रित है और कर ढांचे में हुए बदलावों से मध्यम वर्ग को राहत मिली है। डिजिटल लेन-देन बढ़ने से पारदर्शिता आई है तथा कर संग्रह में भी वृद्धि हुई है।

राम मंदिर चोरी प्रकरण पर उन्होंने कहा कि एसआईटी जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता विकास और आरोप-प्रत्यारोप के बीच अंतर समझती है।

प्रेस वार्ता में इस दौरान वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आँवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना,मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, डॉ निर्भय गुर्जर, अंकित शुक्ला , अभय चौहान, राजीव साहनी आदि उपस्थित रहे।

# बरेली रेंज में चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान, ऑनलाइन बिक्री भी रडार पर

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** पतंगबाजी में इस्तेमाल होने वाले जानलेवा चाइनीज (सिंथेटिक) मांझे पर शिकंजा कसते हुए बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चाइनीज मांझे के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा है। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि चोरी-छिपे प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और उनके लाइसेंस निरस्त कराने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ई-कॉमर्स वेबसाइटों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसकी खरीद-बिक्री करने वालों पर भी साइबर सेल की निगरानी रहेगी। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की



जाएगी। निर्देशों के अनुसार चाइनीज मांझे की बिक्री या उपयोग में पकड़े जाने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। पूर्व में दर्ज मामलों की न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर भी जोर दिया गया है। डीआईजी ने कहा कि चाइनीज मांझा मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी घातक है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से केवल सूती धागे का उपयोग करने और प्रतिबंधित मांझे की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# जन कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** राजाऊ ग्राम पंचायत में शासन के निर्देशानुसार जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया गया। शिविर में एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और जनसमस्याओं का निस्तारण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों का रक्तचाप, मधुमेह, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार परामर्श एवं दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही आयुष्मान भारत, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संचारी रोग नियंत्रण तथा परिवार कल्याण संबंधी जानकारी भी दी गई । शिविर के सफल संचालन में सीएचओ नीरज यादव, एएनएम शिवानी, बीसीपीएम अनुपम कुमार तथा क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, नियमित दवा लेने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना एवं ग्रामीणों को उनके द्वार पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

# फरियादियों की समस्याओं पर सख्त नजर, लंबित मामलों का होगा शीघ्र निस्तारण : सौम्या पाण्डेय

**तीन साल से पजेशन को भटक रही महिला की उम्मीद की किरण बनी**

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बीडीए की नवागत युवा उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय ने प्राधिकरण के कामकाज को समझने के साथ ही उसकी नियमित मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बीडीए से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में नीता देवी पत्नी पवन सिंह ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से मकान के पजेशन के लिए प्राधिकरण के चक्कर लगा रही है। महिला का आरोप था कि उसने आवास की पूरी धनराशि जमा कर दी है, लेकिन इसके बावजूद उसे अब तक कब्जा नहीं मिला। उसने यह भी शिकायत की कि डिस्पैच विभाग में तैनात बाबू त्रिलोक सिंह हर बार उसे टाल देते थे, जिससे उसकी परेशानी लगातार बढ़ती रही। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय ने संबंधित प्रकरण की जानकारी तलब की और जल्द से जल्द आवास का पजेशन दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। फिलहाल युवा उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण की नई आवासीय एवं विकास योजनाओं को विस्तार देने की दिशा में भी रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिवटीनाथ मंदिर में योगाभ्यास कार्यक्रम एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित



**बरेली।** बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को त्रिवटीनाथ मंदिर में प्रातः 7 बजे क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ अजय पाल सिंह के निर्देशन में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ शालिनी कौशिक एवं डॉ ऋद्धा पाठक के नेतृत्व में योग वेलनेस सेंटर की योग प्रशिक्षका डॉ गरिमा सिंह एवं योग सहायक विजय कुमार के योगाभ्यास द्वारा कराया गया। योग दिवस के इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत योगाभ्यास के साथ ही योग स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों का रामनगर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी



**आंवला।** विकासखण्ड रामनगर में ग्राम रोजगार सेवकों का गुरुवार 18 जून को दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। वे कई महीनों से मानदेय न मिलने से परेशान हैं।रोजगार सेवकों ने एक ज्ञापन में बताया था कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात उन्हें कई महीनों से ब्लॉक स्तर से मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन और अधिकारी उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं, जबकि वे सभी सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा से करते हैं।यह धरना प्रदर्शन 17 जून की सुबह से ब्लॉक कार्यालय पर शुरू हुआ है और गुरुवार को भी जारी रहा। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनका मानदेय जारी नहीं किया गया तो वे कठोर कदम उठाने को विवश होंगे। इस प्रदर्शन में ज्ञान देव,राजू वर्मा, रामनिवास, अतुल सिंह, उदय पाल, आमेर पाल, सहित अन्य सभी ग्राम रोजगार सेवक शामिल हुए।

### 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते संग्रह अमीन गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई



बरेली। एंटी करप्शन संगठन की टीम ने गुरुवार को तहसील सदर में तैनात संग्रह अमीन जोरावर सिंह को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एक आवेदन की रिपोर्ट लगाकर फाइल आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

बारादरी क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर, नवादा जोगिया निवासी सुरेश चंद्र ने एंटी करप्शन विभाग से शिकायत की थी कि एनपीएस खाते से भूखंड खरीदने के लिए धन निकासी संबंधी आवेदन पर कार्रवाई के एवज में संग्रह अमीन जोरावर सिंह 5 हजार रुपये की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एंटी करप्शन टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार दोपहर तहसील सदर परिसर स्थित कैंटीन में जाल बिछाया। शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम लेते ही आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी जोरावर सिंह, थाना भुता क्षेत्र के ग्राम अमलोनीपुर का निवासी है और वर्तमान में तहसील सदर में तैनात था। कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रेम प्रसंग बना मौत की वजह, मुठभेड़ में दबोचा गया अर्जुन हत्याकांड का मुख्य आरोपी



**बरेली।** संजयनगर में डीजे संचालक अर्जुन मौर्य की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अर्पित को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे प्रेम त्रिकोण और आपसी रंजिश की कहानी सामने आई है। गुरुवार तड़के थाना बारादरी पुलिस को सूचना मिली कि नामजद आरोपी अर्पित अपने साथी कुश के साथ बाइक से भागने की फिराक में है। पुलिस ने हरूनगला मोड़ के पास घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अर्पित के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसका साथी कुश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस पूछताछ में अर्पित ने स्वीकार किया कि वारदात वाली रात उसने अर्जुन के माथे में गोली मारी थी। अधिकारियों के अनुसार, प्रेम प्रसंग को लेकर चल रही तनातनी हत्या की मुख्य वजह बनी।

ज्ञात रहे कि बीते सोमवार रात हुई इस सनसनीखेज वारदात में 20 वर्षीय अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अर्जुन दिन में पेंटिंग और रात में डीजे संचालन का काम करता था। वह राष्ट्रीय हिंदू महासभा (भारत) के जिला सचिव राकेश मौर्य का पुत्र था। पुलिस अब फरार आरोपी कुश की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# रामलीला सोसाइटी चुनाव में शिशुपाल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार मंत्री, तरुण बने खजांची

-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी के सात साल बाद हुए चुनाव में शिशुपाल सिंह गंगवार अध्यक्ष निर्वाचित हुए, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप सूरी को 19 मतों से हराया। श्री गंगवार को 19 तो श्री सूरी को मात्र 1 मत ही मिला।

अपराह्न 3 बजे से दशरथ भवन में कार्यकारिणी के सभी 20 सदस्य पहुंचे, जहां चुनाव अधिकारियों रमेश चन्द्र श्रीवास्तव और अरुण कुमार शर्मा ने चुनाव लड़ने वालों से अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा। जिस पर अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार और श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप सूरी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जिस पर हुए चुनाव



में शिशुपाल सिंह गंगवार को 19 तो श्री सूरी को मात्र 1 मत मिला। जिस पर शिशुपाल सिंह गंगवार को अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके साथ कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बोटे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रेमप्रकाश रस्तोगी को हराया। श्री गुप्ता को 14 तो श्री रस्तोगी को मात्र 6 मतों से संतोष करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद पर तरुण मेहरोत्रा को 14 तो अमर सिंह राठौर को मात्र 5 मत तो रामधुन गुप्ता को केवल एक मत मिला। इसके साथ ही दीपक गुप्ता उपाध्यक्ष, उपमंत्री पद पर संजोग गुप्ता और राजेन्द्र कटियार चुने गए।

नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सुधाकर लाल रस्तोगी, सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार, खजांची वीरेन्द्र पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार, पूर्व मेला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व सभासद सन्तोष गुप्ता, मुन्ना गंगवार, सुरेश गुप्ता, महेंद्र सिंह राठौर, अरविन्द शुक्ला आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# एसडीएम की कार्यप्रणाली से आक्रोशित अधिवक्ताओं का धरना जारी, नारेबाजी की

-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** उपजिलाधिकारी की कार्यप्रणाली से आक्रोशित अधिवक्ताओ ने गुरुवार को तीसरे दिन भी उनके कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान माइक लगाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं की उनके गार्डो से तीखी तकरार भी हुई।

एसडीएम उदित पवार और उनके नायब तहसीलदारों की कार्यप्रणाली से नाराज़ तहसील के अधिवक्ता बीती 5 जून से सभी न्यायालयों का वहिष्कार किए हुए हैं। अपने आंदोलन को तेज़ करते हुए अधिवक्ता आज तीसरे दिन भी एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आज तीसरे दिन गुरुवार को धरना स्थल पर एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, संरक्षक सुधाकर लाल रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, सुरेश पटेल, नवी अहमद अंसारी



आदि ने एसडीएम पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जव तक उनका तबादला नहीं हो जाता तव तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने कहा जहां एसडीएम कार्य न करके अधिवक्ताओं के साथ ही लोगों को परेशान करते हैं वहीं उनका अपने अधीनस्थों पर कोई भी नियंत्रण नहीं है, जिसके चलते वह क्षेत्र के लोगों का जमकर शोषण कर रहे हैं। धरने पर संगठन के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और अधिवक्ता पुरुषोत्तम गंगवार, पूर्व सचिव दुष्यन्त गंगवार, संजीव गंगवार, रघुनंदन गंगवार, अनिल दिवाकर, अरशद अनीस, सुरेंद्र गंगवार, मोहम्मद उमर, रामकिशन गंगवार, देवेश गंगवार, सत्यपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

,,धरना स्थल पर माइक लगाए जाने को लेकर हुई तकरार,,

गुरुवार को जैसे ही अधिवक्ता एसडीएम कार्यालय पर धरना देने पहुंचे तो एसडीएम के निर्देशों पर उनके सुरक्षा कर्मी स्थल पर लगाए जा रहे लाउडस्पीकर को हटाने पहुंच गए जिस पर अधिवक्ता भड़क गए और उनकी उनके सुरक्षा कर्मियों से काफी देर तक तकरार होती रही, वाद में एसडीएम के गार्ड वापस लौट गए। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार के मुताबिक कल (आज) अधिवक्ताओं की जनरल हाउस की बैठक बुलाई गई जिसमें आंदोलन को और तेज़ किए जाने पर चर्चा की जाएगी।

# बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर पर औषधि विभाग का छापा, 30 हजार की दवाएं सीज

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** गोपनीय सूचना के आधार पर औषधि विभाग की टीम ने गुरुवार को तहसील आंवला क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई करते हुए करीब 20 हजार रुपये मूल्य की एलोपैथिक दवाएं सीज कर दीं। साथ ही दो संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं।

जिलाधिकारी बरेली एवं सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल के निर्देश पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार और श्रीमती अनामिका अंकुर जैन की संयुक्त टीम ने तहसील आंवला के मोहल्ला खेड़ा नई बस्ती में नितिन साइकिल स्टोर के सामने संचालित एक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि सचिन पाल पुत्र राम किशन पाल बिना औषधि लाइसेंस के मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे थे।

निरीक्षण के दौरान स्टोर में रखी



लगभग 20 हजार रुपये मूल्य की एलोपैथिक दवाओं को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत फॉर्म-16 में सीज कर दिया गया। इसके अलावा दो संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच एवं विश्लेषण के लिए लिए गए हैं, जिन्हें राजकीय औषधि प्रयोगशाला भेजा जाएगा। औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने और मामले की विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# द्वितीय 'उड़ान': निःशुल्क एआई एवं आईसीटी कार्यशाला ने बिचपुरी गांव के बच्चों को कराया डिजिटल तकनीक से परिचित

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ने के उद्देश्य से बिचपुरी गांव में आयोजित द्वितीय उड़ानः निःशुल्क एआई एवं आईसीटी कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। पंद्रह दिवसीय इस विशेष कार्यशाला का आयोजन राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कृत शिक्षक डॉ. अमित शर्मा एवं उनके परिजनों के सहयोग से किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के बच्चों में डिजिटल साक्षरता विकसित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना था। कार्यशाला के दौरान बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी, एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस, पावरपॉइंट, चैट जीपीटी, जैमिनी तथा अन्य आधुनिक डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने स्वयं कंप्यूटर पर विभिन्न



गतिविधियाँ करते हुए दस्तावेज़ तैयार करना, प्रस्तुतियाँ बनाना, डेटा प्रबंधन करना तथा एआई आधारित टूल्स का सुरक्षित एवं रचनात्मक उपयोग करना सीखा। कार्यशाला में डॉ. अमित शर्मा, शुभ्रा शर्मा, डॉ. अजय शर्मा, शिखा, वैष्णवी एवं प्रज्ञान्य ने बच्चों को अत्यंत सरल, रोचक एवं गतिविधि-आधारित तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में ग्रामवासी नरेश, रामकुमार, कृष्णा, शिवम्, अभिषेक, हिमांशु, आदित्य, रोशनी, अजय, विजय, काशवी, मयंक, प्रिंस, ऐश्वर्या, पारुल, प्रियांशु, अंशिका, दीपक, शिवानी, आकाश, विकास सहित अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# ग्राम प्रधान के भाई के घर से डेढ़ लाख रुपए नगद सोने चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चोरी

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम अठाना में पुलिस गस्त से बेखौफ चोरों ने ग्राम प्रधान के भाई मदनलाल गंगवार के घर को निशाना बनाते हुए छत के रास्ते आकर कमरे की विंडो तोड़कर अलमारी में रखे डेढ़ लाख रूपए नकद व सोने चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चोर चुरा ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस चोरों की तलाश में काबिंग करती रही। लेकिन कोई हाथ नहीं आया।

ग्राम प्रधान कमल गंगवार के भाई मदनलाल ने बताया कि बुधवार रात हम सब परिवार के लोग बाहर सो रहे थे। कि रात्रि में पड़ोसियो की छत से चढ़कर घर के कमरे की विंडो का लोहे का जाल तोड़कर कमरे में घुस गये, अलमारी का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए नगद, व तीन सोने की चैन, चार ओम, एक जोड़ी कुंडल, दो नाक के फूल, दो जोड़ी झुमकी, एक मंगलसूत्र, दो अंगूठी यह सभी सोने के व पांच जोड़ी पायल, दस जोड़ी खड्डुआ, 10 कंधनी चांदी आदि सोने चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चोर चुरा ले गये। जब आहट होने पर परिवारजन जागे तो देखा कि कमरे की विंडो टूटी पड़ी है ।अलमारी से सामान सब बिखरा पड़ा है। देखकर चकित रह गए, और शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी आ गये। सूचना सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी चोरों की तलाश में काबिंग की। लेकिन कोई चोर हाथ नहीं आया। इस चोरी की बड़ी घटना से गांव में हड़कंप व दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है गांव के वाहर तिराहे रोड पर रात्रि में कुआडांडा चौकी पुलिस गस्त भी करती है। रात्रि गश्त में लापरवाही के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ति गृह स्वामी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।



# बुनियादी जरूरतों को सरकार ने किया मजबूत : नितिन

## केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर आज गांधी भवन मे भव्य छायाचित्र एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पिछले 12 वर्षों में देश में हुए ऐतिहासिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉलों का आत्मीयता से अवलोकन किया। प्रदर्शनी मे सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन, होर्डिग एवं स्टैण्डी के माध्यम से विगत 12 वर्षो मे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न क्षेत्रों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों मे उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में डिजिटल माध्यमों, आकर्षक तस्वीरों और वृत्तचित्रों के जरिए देश की विकास यात्रा को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। सेवा और गरीब कल्याण आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना और हर घर जल जैसी जमीनी स्तर पर प्रभाव डालने वाली योजनाओं को प्रमुखता से दर्शाया गया है। डिजिटल और बुनियादी ढांचा डिजिटल इंडिया अभियान, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार, मजबूत होते नेशनल हाईवे नेटवर्क और रेलवे के आधुनिकीकरण की प्रगति को तस्वीरों के माध्यम से दिखाया गया। आर्थिक और वैश्विक पहचान भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के सफर और विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर बढ़ते कदमों को रेखांकित किया गया।

प्रदर्शनी में आए स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भी विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की सराहना की और सरकारी योजनाओं के प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे देश की इस गौरवमयी विकास यात्रा के साक्षी बन सकें। राज्य मंत्री ने दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भी वितरित की।

उन्होंने दो किसानों को सब्जिडी योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों



ट्रैक्टर वितरित किये। इसके उपरान्त गांधी भवन सभागार मे आयोजित प्राकृतिक कृषि सम्बन्धी जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम का भी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नितिन अग्रवाल ने शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व मे देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया मे आर्थिक शक्ति के रूप मे उभर रहा है। इसके साथ ही दुनिया मे देश का गौरव निरन्तर बढ रहा है। समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को भी योजनाओं से लाभ मिल रहा है। बिना किसी भ्रष्टाचार के डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों मे धनराशि सीधे पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के सम्मान उनकी आय बढाने तथा उन्हें उचित मूल्य पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाना सरकार की प्राथमिकता है। वैश्विक अशान्ति के दौर मे देश की स्थिर और मजबूत अर्थव्यवस्था होने से बहुत कम प्रभाव दिखायी दिया है, जो युद्ध के समापन के साथ ही समाप्त हो जायेगा।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, उप निदेशक कृषि डॉ0 राजेश यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामप्रकाश सहित सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, किसान व आम जनमानस उपस्थित रहें।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई स्थानीय निकायों की समीक्षा, अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा संचालित विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा जन शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी बनाया जाए तथा नियमित सफाई, कूड़ा उठान और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए।

बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही कर ली जाएं। बैठक में पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्तापूर्ण चेक करने निर्देश दिए तथा अतिक्रमण हटाने, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को बंधन योजना की यूसी अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा प्राप्त जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आमजन से सीधे जुड़े हुए हैं, इसलिए सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व दीपाली भार्गव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, संबंधित उप जिला जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगी फ्लड लाइट्स और जिम में लगा एसी

**हरदोई।** जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने बताया है जनपद हरदोई को जिला प्रशासन की तरफ से एक बड़ा तोहफा जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में खेल मैदान में फ्लड लाइटएस लगाई गई जिससे अब रात्रि में भी खेल मैदान का उपयोग किया जा सकता है अत्याधुनिक जिम में भी वातानुकूलित व्यवस्था कर दी गई है। जिससे खिलाड़ी व अन्य शौकिया जिम करने वाले खिलाड़ियों को अत्यधिक गर्मी में भी वर्जिश करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। जिम हेतु निर्धारित शुल्क एक माह रुपए 750, 2 माह रुपए 1200 तीन माह रुपए 1500 7 रात्रि मैच खेलने हेतु आयोजकों को कुल 5375/- विभागीय खातें में जमा करने होंगे। साथ रात्रि मैच हेतु विद्युत व्यवस्था में जनरेटर पर होने वाला डीजल व्यय आयोजक द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा

# मनरेगा मजदूरी कम और भुगतान में देरी, दूर हुए श्रमिक

स्वतंत्र भारत

**टोंडरपुर/हरदोई।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का प्रमुख साधन मानी जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) इन दिनों श्रमिकों की बेरुखी का सामना कर रही है। कम मजदूरी दर और भुगतान में होने वाली देरी के कारण श्रमिक मनरेगा कार्यों से दूरी बना रहे हैं, जिसका सीधा असर ग्रामीण विकास कार्यों पर पड़ रहा है।



विकासखंड टोंडरपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में मजदूर नहीं मिलने के कारण तालाब खुदाई, नाली निर्माण, खड़ंजा मरम्मत सहित कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार- निजी कार्यों में मजदूरों को प्रतिदिन 350 से 400 रुपये तक की मजदूरी मिल जाती है, जबकि मनरेगा में निर्धारित मजदूरी अपेक्षाकृत कम है। इसके अलावा भुगतान समय से न मिलने की शिकायत भी श्रमिकों द्वारा की जाती रही है। यही कारण है कि अधिकांश श्रमिक निजी कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्राम प्रधानों का कहना है कि यदि मनरेगा मजदूरी दर में वृद्धि की जाए और भुगतान प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए, तो श्रमिकों का रुझान पुनः योजना की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान स्थिति में मजदूरों की कमी के चलते विकास कार्यों में अपेक्षित गति नहीं आ पा रही है, जिससे प्रशासन और संबंधित विभाग के सामने चुनौती खड़ी हो गई है।

# मां का आरोप:बहू ने साजिश रचकर कराई बेटे की हत्या

- **नामजद आरोपियों पर स्थानीय पुलिस मेहरबान**
- **सुलह समझौता हेतु बना रहे दबाव**

स्वतंत्र भारत

**टोंडरपुर/हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के पनयौरा बल्लिया गांव निवासी सुधा पत्नी सुरेंद्र पाल ने अपने पुत्र आशीष की संदिग्ध मौत के मामले में पुत्रवधू सहित उसके मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित मां का दावा है कि उसके बेटे की हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई है, जबकि पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

पीड़ित ( माँ ) सुधा के अनुसार, उनके पुत्र आशीष की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के भदेउना गांव निवासी हरिहर की पुत्री खुशबू से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद रहता था और घर में कलह क्लेश मचा रहता था इस संबंध में कई बार खुशबू के पिता को भी जानकारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी पुत्री का ही पक्ष लिया।

पीड़िता का कहना है कि 23 मई 2026 को दोपहर लगभग 3 बजे आशीष का साला प्रमोद उनके घर आया। कि इसके बाद बहू खुशबू घर में रखे लगभग 10 लाख रुपये और जेवरात लेकर मायके जाने लगी। विरोध करने पर उसने धक्का देकर सामान लेकर मायके चली गई। मां के अनुसार, कुछ देर बाद जब आशीष घर पहुंचा तो उसे पूरी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद वह अपनी ससुराल भदेउना गया। आरोप है कि वहां खुशबू के भाई प्रमोद, श्याम मोहन, प्रमोद की पत्नी शीला तथा सास कमलेशा ने रुपये और जेवरात हड़पने की नीयत से आशीष को कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। पीड़िता का कहना है कि आशीष की हालत बिगड़ने पर उसे हरदोई जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां आशीष ने कथित रूप से बताया कि उसे कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया है। गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सुधा ने बताया कि घटना के संबंध में 2 जून 2026 को स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी गई थी। उनका आरोप है कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने पर उन्हें समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है तथा जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं। परिवार ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कार्रवाई की मांग

**हरदोई।** बेनीगंज क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर निवासी दीपांशु शुक्ला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, जब वह गांव में अनिल मिश्रा के घर के सामने से गुजर रहे थे, तभी अनिल मिश्रा ने उन पर बांके से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। दीपांशु शुक्ला ने घटना का सीसीटीवी फुटेज होने का दावा करते हुए पुलिस को साक्ष्य उपलब्ध कराया है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस शिकायत और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बांसा में रात्रि चौपाल का आयोजन



स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** आदर्श ग्राम पंचायत बांसा के नवनिर्मित भवन में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे उपजिलाधिकारी एन राम वर्मा के साथ साथ जिला उपाध्यक्ष श्री शिवराज सिंह बाबा मंडल अध्यक्ष श्री रामदास फ़ौजी कृषि विभाग राजस्व विभाग स्वास्थ्य विभाग गन्ना विभाग पंचायती राज विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । चौपाल में किसानों भाइयो को कृषि से संबंधित फार्मर रजिस्ट्री, राशन कार्ड,फैमली आयुष्मान कार्ड,विधवा बृद्धा पेंशन आदि योजनाओं के बारे डिटेल से बताया गया और राजस्व से जुड़ी तमाम समस्याओ का निस्तारण मौके पे किया गया आयोजक सम्पूर्णा नन्द पूनम सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे जानकारी दी, पहले भी ग्रामप्रधान बांसा सम्पूर्णानंद पूनम सिंह को सरकार द्वारा पुरुस्कृत किया जा चुका है, कार्यक्रम की अध्यक्षता सविलयन विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार ने की।

# जमीन कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद, मुकदमा दर्ज

**हरदोई।** सरकार द्वारा अवैध कब्जों और जमीन संबंधी विवादों को रोकने के लाख प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि कब्जे और दबंगई के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला जनपद हरदोई की बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर मजरा सिकन्दरपुर का है, जहां एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर जमीन पर कब्जा करने, सामान चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिनी प्रेमलता पत्नी स्वर्गीय लाल सिंह निवासी मिश्रीपुर मजरा सिकन्दरपुर ने कोतवाली बेनीगंज में शिकायती पत्र देकर बताया कि दिनांक 20 मई 2026 को राजस्व विभाग, पुलिस बल तथा ग्राम प्रधान की मौजूदगी में गाटा संख्या 2155 की निशानदेही कराते हुए उनकी जमीन से 10 फीट चकमार्ग निकाला गया था, ताकि रास्ते का निकास हो सके। इस कार्रवाई के बाद गांव के विपक्षी पक्ष से आपसी सुलह-समझौता भी हो गया था। पीड़िता के अनुसार समझौते के आधार पर उन्होंने 15 जून 2026 को अपने खेत के किनारे जाली, रस्सी, तार और एंगल लगवाकर घेराबंदी कराई थी। आरोप है कि 16 जून की रात गांव के बाबू पुत्र भगवती पासी, राजेन्द्र, गुड्डू, विलास, तोला, लाला, लवकुश और सोहनलाल समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और खेत में लगी घेराबंदी को उखाड़कर सामान चोरी कर ले गए। महिला का कहना है कि इस घटना से लगभग 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी बाबू ने चकमार्ग पर अवैध रूप से मकान बना रखा है तथा शौचालय भी उनकी जमीन पर बना दिया गया है। कई बार हिदायत देने के बावजूद आरोपियों ने न तो शौचालय हटाया और न ही कब्जा छोड़ा। महिला का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो 17 जून की सुबह करीब 7 बजे विपक्षी पक्ष के लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बताया जा रहा है कि मामले की जांच के लिए कई बार बेनीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। आखिरकार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं और उनके परिवार की महिलाएं भी आए दिन विवाद खड़ा करती रहती हैं। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए, चोरी किया गया सामान बरामद कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# माधौगंज में प्रसूता व नवजात की मौत अस्पताल संचालक व डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** प्रसव के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से प्रसूता महिला और नवजात की मौत के मामले पीड़ित परिवार के साथ गांव के लोगो ने अस्पताल के सामने बिल्हौर कटरा मार्ग को जाम कर दिया. एसडीएम व सीओ ने समझा कर मार्ग खुलवाया.पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रुदामऊ निवासी ग्राम प्रधान अनुज कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार को दोपहर करीब 12:30 बजे उपचार के लिए बिलग्राम मार्ग स्थित



रेलवे क्रॉसिंग के पास बंधन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उनकी पत्नी माधुरी और नवजात शिशु की मौत हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बंधन हॉस्पिटल के संचालक प्रिन्स पटेल तथा संबंधित डॉक्टरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर मार्ग बंद कर दिया. सूचना मिलते ही एसडीएम एन राम व सीओ रवि प्रकाश ने परिजनों को समझाकर मार्ग खुलवाया. मार्ग लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक बंद रहा. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाने के आलावा बिलग्राम व मल्लावा की पुलिस मौजूद रही। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आधार पर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. बताते चले जच्चा बच्चा की मौत के मामले मे सीएचसी के डॉ सत्यानन्द ने पुलिस की मौजूदगी मे बंधन हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है पुलिस ने अस्पताल संचालक प्रिन्स पटेल एवं सम्बंधित डाक्टर पर मुकदमा दर्ज़ कर लिया है।

# परियोजना की जांच करने पहुंचे लेखपाल से मारपीट

- **सरकारी अभिलेख फाड़ने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप**

स्वतंत्र भारत

**पाली, हरदोई।** औद्योगिक गलियारा परियोजना फेज-2 के अंतर्गत भूमि परिसंपत्तियों की जांच करने गए एक लेखपाल के साथ मारपीट, अभद्रता और सरकारी दस्तावेज फाड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सवायजपुर तहसील क्षेत्र के सरसई में तैनात लेखपाल गौरव कुमार बीती 16 जून को राजस्व ग्राम दिवनियापुर, सरसई में औद्योगिक गलियारा परियोजना फेज-2 के लिए प्रस्तावित भूमि परिसंपत्तियों की पुनः जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि जांच के दौरान गांव के ही बुजकिशोर उर्फ डीके पुत्र संतराम, जदुनाथ तथा रामरहीस पुत्रगण बाबूराम समेत 10 से 12 अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।

लेखपाल का आरोप है कि आरोपितों ने उनके पास मौजूद परियोजना फेज-2 से संबंधित सूची और नक्शा




छीनकर फाड़ दिया तथा उनके साथ मारपीट की। किसी तरह जान बचाकर मौके से निकलने पर आरोपितों ने दोबारा क्षेत्र में आने पर गोली मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित लेखपाल ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभिलेख नष्ट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पाली थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार का कहना है कि जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुश्कान पहुँची घर

**हरदोई।** प्रताप नगर चौराहे पर अज्ञात अवस्था में मिली युवती को आखिरकार 40 घंटे के भीतर उसके परिवार से मिला दिया गया। कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र की पुलिस चौकी प्रताप नगर इंचार्ज दीपक कुमार की सक्रियता, लगन और कार्य के प्रति निष्ठा ने एक बड़ा उदाहरण पेश किया। पुलिस ने युवती को सुरक्षित संरक्षण में लेकर लगातार उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। युवती ने अपना नाम मुस्कान पुत्री स्व. महेश बताया था, लेकिन वह अपने गांव और परिवार की सही जानकारी नहीं दे पा रही थी। पुलिस की लगातार मेहनत और संवेदनशील कार्यशैली के चलते आखिरकार जनपद सीतापुर के कस्बा मछरेहटा निवासी रामखिलावन तक सूचना पहुंची। प्रक्रिया के बाद मुस्कान को उसके पिता रामखिलावन के सुपुर्द कर दिया गया।

# मिट्टी धंसने से अधेड़ दबा, बचाव कार्य जारी

स्वतंत्र भारत

**पाली, हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, खेत में बने करीब 20 फीट गहरे बोरिंग के गड्ढे से ईंटें निकाल रहे एक अधेड़ के ऊपर अचानक मिट्टी ढह गई, जिससे वह गड्ढे में दब गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। जानकारी के अनुसार दलेलपुर गांव निवासी कुंवर चंद उर्फ छोटे (55) पुत्र श्रीकृष्ण बुधवार शाम करीब पांच बजे अपने खेत पर बने बोरिंग के गड्ढे से ईंटें निकाल रहे थे। इसी दौरान गड्ढे की मिट्टी अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई और देखते ही देखते वह मिट्टी में दब गए। घटना के समय पास में मौजूद उनकी पत्नी ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे



तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू कराया। ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी हटाने का कार्य किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक राहत एवं बचाव कार्य जारी था। ग्रामीणों ने बताया कि कुंवर चंद खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, एक पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। हादसे के बाद परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस और ग्रामीण लगातार राहत कार्य में जुटे हुए हैं तथा सभी की निगाहें बचाव अभियान के परिणाम पर टिकी हुई हैं।

# बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को लूटा

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कासिमपुर थाना के एक गांव के निकट बुधवार को सरेशाम दुकान बंद कर घर जाते समय बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर लाखों रूपये के ज़ेवर लूट लिए। प्राप्त विवरण में बुधवार को समय करीब 7:30 बजे मो नसीम पुत्र नसीर निवासी हसनापुर थाना कासिमपुर जिनकी घुघेरा चौराहे पर सोने-चांदी की दुकान है। शाम करीब 7:00 बजे दुकान बंद करके अपने घर जा रहा थे तभी रास्ते में जमुनिया बाग और रसूलपुर के बीच में दो अज्ञात मोटर साइकिल में सवार 4 व्यक्तियों द्वारा छीनझपटी व मारपीट करते हुए नसीम से एक थैला छीन लिया जिसमें करीब दो किलो चांदी और लगभग 100 ग्राम सोने के आभूषण थे और एक मोबाइल फोन था और छीन कर चले गए है। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने बताया घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है साथ ही साथ अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के नेतृत्व में 04 टीमें इस घटना के अनावरण के लिए लगाई गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हो गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की मौत

टड़ियावां हरदोई। गुरुवार की प्रातःकाल थाना क्षेत्र इटौली गोपामऊ मार्ग पर ज्ञानदीप डिग्री कॉलेज के समीप तेज रफ्तार अज्ञात डंपर चालक ने मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को रौंदा महिला की मौके पर मौत, वही ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची टड़ियावां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डंपर की रफ्तार काफी तेज थी दुर्घटना में मृतका का शरीर करीब 3 दुकड़ों में हो गया था।

# होर्मुज पर केंद्र सरकार की पैनी नजर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही पर लगातार नजर रख रही है। राहत की बात यह है कि देश में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने साफ किया है कि इस तनावपूर्ण माहौल में भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गुरुवार, 18 जून को एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने इस सुरक्षा और आपूर्ति की समीक्षा की।

बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने एक बड़ी कामयाबी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'दिशा' नामक एलएनजी टैंकर सुरक्षित तरीके से ओमान के पास के संवेदनशील होर्मुज को पार कर चुका है। माल्टा के झंडे वाला यह जहाज 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर गुरुवार को ही गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचने

- सुरक्षित लौटे भारतीय नाविक
- देश की ईंधन और उर्वरक आपूर्ति पूरी तरह महफूज

की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि सरकार हर पल की स्थिति पर नजर रख रही है। महानिदेशक जहाजरानी इस मामले में विदेश मंत्रालय, विदेशों में मौजूद भारतीय दूतावासों और शिपिंग कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। नाविकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष ने पिछले 72 घंटों में रिकॉर्ड काम किया है। इस दौरान कंट्रोल रूम को 13,187 फोन कॉल और 29,376 ईमेल मिले हैं। इनमें से 450 कॉल और 1,077 ईमेल सीधे नाविकों और उनके चिंतित परिवारों से मदद के लिए आए थे। सरकार अब तक 3,639 से अधिक भारतीय नाविकों को सुरक्षित स्वदेश वापस ला चुकी है, जिनमें से 47 नाविकों को पिछले तीन दिनों में ही वापस लाया गया है।

दूसरी ओर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने घरेलू मोर्चे पर राहत भरी खबर दी। उन्होंने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह मजबूत है। देश के किसी भी बंदरगाह पर जहाजों की कोई कतार या भीड़ नहीं है। एलपीजी (रसोई गैस) की डिलीवरी का बैकलॉग घटकर अब महज 3.1 दिन रह गया है। पिछले तीन दिनों में कंपनियों ने 1.36 लाख बुकिंग के मुकाबले 1.47 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी कर आपूर्ति को और बेहतर किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के असर पर उन्होंने कहा कि खुदरा कीमतों पर फैसला वैश्विक परिस्थितियों को देखकर ही लिया जाएगा।

भविष्य में तेल की निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने एथेनॉल-ब्लेन्डेड ईंधन कार्यक्रम की प्रगति भी साझा की। मंत्रालय के मुताबिक, वर्तमान में देश के 48 रिटेल आउटलेट्स पर ई-85 (इ-85) ईंधन मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य इस साल के अंत तक ऐसे आउटलेट्स की संख्या को बढ़ाकर 500 और अगले साल के अंत तक इसे 5,000 तक पहुंचाने का है। पश्चिम एशिया के संकट के बीच सरकार की यह तैयारी देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को बेहद मजबूत बनाती है।

# समझौते के बाद होर्मुज जलमार्ग खोल देगा ईरान




**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए होने वाले अंतरिम समझौते की प्रतियां लीक हुई हैं। इससे पता चला है कि समझौते के बाद ईरान तत्काल होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए कदम उठाएगा। इसके बदले उसे बेरोकटोक तेल बेचने की अनुमति मिलेगी। समझौते के तहत तेहरान को कई रियायतें मिलने की संभावना है।अमेरिका और ईरान के बीच सोमवार को इस समझौते पर सहमति बनी और ई-हस्ताक्षर किए गए। शुक्रवार को जिनेवा में इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। इसमें कहा गया है कि युद्ध के बाद ईरान के पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 300 अरब डालर मिलेंगे। अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित अंतिम समझौता होने के बाद तेहरान पर लगाए गए सभी अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को समाप्त करने की दिशा में काम करेगा। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। यह

- बेरोकटोक बेच सकेगा तेल

लड़ाई तेहरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए शुरू की गई थी और सात अप्रैल को युद्धविराम हुआ था। अमेरिका की ओर से ईरान को तत्काल स्वतंत्र रूप से तेल बेचने की अनुमति देने और बाद में प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को उन रियायतों से बड़ा माना जा रहा है, जो ईरान को 2015 के परमाणु समझौते के तहत दी गई थी। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और उसे सबसे खराब समझौता करार दिया था। यह माना जा रहा है कि इस नए समझौते की अमेरिका में कड़ी आलोचना हो सकती है और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए भी बड़ा झटका हो सकता है, जिन्होंने 28 फरवरी को ट्रंप के साथ मिलकर युद्ध शुरू किया था।

## मॉस्को तेल रिफाइनरी पर फिर ड्रोन हमला

**मॉस्को।** मॉस्को में एक ऑयल रिफ़ाइनरी को यूक्रेन द्वारा इस हफ़्ते दूसरी बार निशाना बनाए जाने के बाद वहाँ से काला धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह हमला कीव पर हाल ही में रूस द्वारा किए गए हमलों का उचित जवाब था। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से उचित जवाब है और रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाली सुविधाओं के खिलाफ हमारे योद्धाओं की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला रूस की युद्ध क्षमता और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। क्रेमलिन से सिर्फ़ 15 किलोमीटर दूर स्थित यह रिफाइनरी रूसी राजधानी के ईंधन इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अहम हिस्सा है। यह मॉस्को मेट्रोपॉलिटन इलाके की पेट्रोल की ज़रूरतों का लगभग 40 प्रतिशत और डीज़ल का 50 प्रतिशत हिस्सा सप्लाई करती है, साथ ही सैन्य इस्तेमाल के लिए एविएशन फ्यूल भी देती है। 16 जून 2026 को यूक्रेनी ड्रोनों ने कपोटन्या में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया। इस हमले से ईएलओयू-एवीटी-6 प्राइमरी ऑयल रिफाइनिंग यूनिट को नुकसान पहुँचा, जिसके कारण रिफाइनरी को कुछ समय के लिए अपना कामकाज रोकना पड़ा।

## न्यूयॉर्क : बेकाबू घोड़ागाड़ी से गिरकर भारतीय युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा-गाड़ी दुर्घटना में 18 वर्षीय भारतीय पर्यटक रोमांच महाजन की मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे घोड़ा अचानक बेकाबू होकर दौड़ पड़ा, जिससे गाड़ी पलट गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोमांच महाजन तीन अन्य यात्रियों के साथ घोड़ा-गाड़ी में सवार थे। ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के अनुसार, गाड़ी चालक यात्रियों की तस्वीर लेने के लिए कुछ देर के लिए गाड़ी से दूर गया था। इसी दौरान घोड़ा बेकाबू होकर दौड़ पड़ा। हादसे के दौरान दो यात्रियों ने चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। रोमांच गाड़ी से गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। अन्य यात्रियों ने उपचार लेने से इनकार कर दिया।

## ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव पर लूला की ट्रंप को दो टूक

**'इसमें दखल न दें, यह हमारा अंदरूनी मामला है'**

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा है कि ट्रंप ब्राजील के अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें। उन्होंने यह चेतावनी तब दी, जब ट्रंप ने उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई को लेकर ब्राजील की फिर से आलोचना की। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में दक्षिण अमेरिकी देश पर और टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है और दो ड्रग-तस्करी वाले संगठनों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जिसका लूला विरोध करते हैं। लूला ने कई बार ब्राजील की संप्रभुता का बचाव किया है, खासकर तबसे जब ट्रंप ने पिछले साल ब्राजील पर टैरिफ लगाए थे और अपने सहयोगी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया था। लूला ने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों पर भी आपत्ति जताई। ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि मोरेस ने राजनीति से प्रेरित होकर बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई की, जिन्हें 2022 के चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने की कोशिश के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ब्राजील राजनीतिक रूप से खतरनाक बन गया है। सरकार बोल्सोनारो जूनियर (जेर बोल्सोनारो के बड़े बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो) को गिरफ्तार करना चाहती है, जो चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## ईरान-यूएस जंग : ट्रंप ने जिनपिंग-पुतिन की तटस्थता पर आभार जताया

**पेरिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ की है। उन्होंने ईरान युद्ध

- कहा- मिनाब में स्कूल पर हमला जानबूझकर नहीं हुआ

के दौरान इन दोनों नेताओं के तटस्थ रहने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर रोक लगाने के अमेरिकी प्रयासों में कोई बाधा नहीं डाली। इससे स्थिति को संभालने में अमेरिका को काफी मदद मिली।



ट्रंप ने खास तौर पर शी जिनपिंग का जिक्र करते हुए कहा कि वे बीजिंग दौरे के समय उनके साथ थे। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग पूरी तरह तटस्थ रहे, जिसकी वे सराहना करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्लादिमीर पुतिन का भी आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि ये दोनों नेता चाहते तो अमेरिका की राह को अधिक कठिन बना सकते थे। ट्रंप के अनुसार, शी जिनपिंग ने इस संघर्ष को सुलझाने में सहयोग किया। चीन ने ईरान को बड़े हथियार या कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें नहीं भेजीं। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन चाहता तो अपने तेल के जहाजों की सुरक्षा के लिए कई युद्धपोत वहां भेज सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

इसके साथ ही, ट्रंप ने संघर्ष के दौरान ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर नहीं किया गया था। ट्रंप के अनुसार, युद्ध के दौरान ऐसी गलतियां हो सकती हैं। यह घटना 28 फरवरी को संघर्ष के पहले दिन हुई थी। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 175 से अधिक बच्चों और शिक्षकों की मौत हुई थी। शुरुआत में ट्रंप ने बिना किसी सबूत के दावा किया था कि इस हमले के पीछे ईरान का हाथ है। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की जांच अभी चल रही है और वे जांच के निष्कर्षों को स्वीकार करेंगे। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि किसी ने भी स्कूल को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया था।

## पाकिस्तान : गुरुद्वारे के भीतर सिख सेवादार दंपति की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मर्डन शहर में बुधवार को एक गुरुद्वारे के अंदर सिख सेवादार दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में मर्डन के बाबू मोहल्ला इलाके में हुई। मर्डन के जिला पुलिस अधिकारी मसूद अहमद के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने गुरुद्वारे के अंदर गोलीबारी की, जिसमें सेवादार जगन्नाथ और उनकी पत्नी आसमा वांती की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमले के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल लोगों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के सदस्य सुरेश कुमार ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है और पुलिस को जांच में प्रगति दिखाने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी है। कुमार ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ऐसी घटना हुई। उन्होंने मामले के सभी पहलुओं की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की। कुमार ने अपराध स्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी साक्ष्य के प्रबंधन पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर को अत्यंत लापरवाही से हटाया गया था, जिससे साक्ष्य के संरक्षण और जांच की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

**अमेरिका-ईरान समझौते पर उपराष्ट्रपति वेंस बोले**

## बातों से नहीं, कामों से होगा मूल्यांकन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए नए समझौते (एमओयू) को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। वेंस ने सीबीएन न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं है।



उन्होंने साफ किया कि अब ईरान का मूल्यांकन उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और काम के आधार पर होगा। वेंस ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पूरा प्रशासन ईरान में निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या से बहुत परेशान था। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जो लोग सत्ता में थे, उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया था। वेंस के अनुसार, वे पुराने नेता अब सत्ता से जा चुके हैं। अब अमेरिका यह देखना चाहता है कि क्या ईरान का नया नेतृत्व अपने लोगों के साथ अलग तरह से व्यवहार करता है। उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व सुधार करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका उनके वास्तविक आचरण को देखकर आगे का फैसला करेगा। वेंस ने दोहराया कि यह समझौता केवल कागजी बातों के लिए नहीं है। यह पूरी तरह ईरान के भविष्य के व्यवहार पर टिका है। अमेरिका अब ईरान की गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। जेडी वेंस अब इस समझौते के सबसे बड़े समर्थक और रक्षक बनकर उभरे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के वर्साय महल में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने इस दौरान मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर यह समझौता सफल रहा, तो वे इसका श्रेय लेंगे, लेकिन अगर यह विफल रहा, तो वे इसका सारा दोष जेडी वेंस पर डाल देंगे। व्हाइट हाउस ने वेंस को राष्ट्रपति का दायां हाथ बताया है। प्रशासन का कहना है कि वेंस ने ही स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर इस बातचीत का नेतृत्व किया है।

## अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन आईएसएस पर रहेंगे 240 दिन

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के फिजिशियन और नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अपने जीवन के पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए पूरी तरह

- नासा बोला- मिशन के लिए 14 जुलाई को भरेंगे उड़ान

तैयार हैं। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर लगभग 8 महीने यानी 240 दिन का लंबा समय बिताएंगे। यह मिशन मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 को कजाखस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से लॉन्च किया जाएगा। अनिल मेनन और उनका दल वसंत 2027 तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेगा। इस दौरान वे कई ऐसे वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे जो भविष्य में चंद्रमा और मंगल पर भेजे जाने वाले मानव मिशनों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष का यह सफर अनिल मेनन अकेले तय नहीं कर रहे हैं, क्योंकि आईएसएस के मिशन हमेशा एक टीम के रूप में होते हैं। वह एक अंतरराष्ट्रीय क्रू के सदस्य के रूप में रूसी अंतरिक्ष यात्रियों प्योत्र डुब्रोव और अन्ना किकिना के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। शून्य गुरुत्वाकर्षण में इन्सानी शरीर को ढालने पर होगी खोज मिशन पर 240 दिन बिताने के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रयोगों का हिस्सा बनेंगे। नासा के अनुसार, मेनन का मुख्य काम यह रिसर्च करना होगा कि अंतरिक्ष के वातावरण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में इंसानी शरीर खुद को कैसे ढालता है। बता दें कि मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे अनिल मेनन के माता-पिता भारतीय और यूक्रेनी मूल के अप्रवासी हैं।

## भारत का यूएन में महिला नेतृत्व का समर्थन

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में महिला

- कहा- आधी आबादी के लिए नीति पर सरकार का जोर
- प्रशासन में 10 लाख+ महिलाएं

सशक्तिकरण और शांति स्थापना के क्षेत्र में अपनी बड़ी उपलब्धियों को गर्व से पेश किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने बताया कि भारत में स्थानीय शासन के स्तर पर 10 लाख से अधिक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महिला आरक्षण अधिनियम 2023 के साथ अब यह व्यवस्था भारतीय संसद में भी लागू होगी।

राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि भारत का अनुभव बताता है कि जब महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जाता है, तभी स्थायी परिणाम मिलते हैं। भारत में महिलाओं ने हमेशा ऊंचे पदों की जिम्मेदारी संभाली है। देश में महिला सरकार प्रमुख और संसद की अध्यक्ष रही हैं। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि वर्तमान में भारत की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। भारत सरकार महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है।

बैंक ऑफ इंडिया
Bank of India

**सार्वजनिक सूचना**

सभी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया, आलमबाग शाखा को उसके पूर्व पते 47-सी, श्याम प्लाजा, प्रथम तल, श्रृंगार नगर, आलमबाग, लखनऊ-226005 से उसी भवन के भूतल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिनांक 08.06.2026 से शाखा निम्नलिखित नए पते पर संचालित की जा रही है:

बैंक ऑफ इंडिया, आलमबाग शाखा
47-सी, श्याम प्लाजा, भूतल, श्रृंगार नगर,
आलमबाग, लखनऊ-226005

अतः सभी खाताधारकों से अनुरोध है कि वे अपने खातों के संचालन एवं अन्य बैंकिंग कार्यों हेतु नई शाखा परिसर में संपर्क करें।

आंचलिक प्रबंधक, लखनऊ अंचल

**आलोचना** | ईरान से डील के लिए अमेरिका में ही क्यों घिरे ट्रंप

# 'यह समझौता नहीं, ट्रंप की ओर से दिया गया तोहफा है'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जब ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौते का एलान किया तो पूरी

- विपक्ष से लेकर समर्थक तक कई मुद्दों पर खफा

दुनिया की नजर इस बात पर लगी थीं कि आखिर इस समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें किसको फायदा हो सकता है। शुरुआत में इस समझौते की शर्तों का जो ड्राफ्ट तैयार हुआ, उसे सार्वजनिक नहीं किया गया और कुछ रिपोर्ट्स के हवाले से ही डील को लेकर दावे किए जा रहे थे। हालांकि, जैसे-जैसे इस समझौते की शर्तें साफ हुई हैं, वैसे-वैसे इसे लेकर अमेरिका में ही ट्रंप के विरोध में स्वर उठने लगे। सिर्फ डेमोक्रेटिक पार्टी ही नहीं, बल्कि ट्रंप की अपनी रिपब्लिकन पार्टी में भी ईरान समझौते को लेकर आलोचना झेलनी पड़ी है।

दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जो शर्तें तय हुई हैं, उनमें से अधिकतर शर्तें ऐसी हैं, जिन्हें अमेरिकी नेताओं ने ईरान को ट्रंप की तरफ से दिया गया तोहफा करार दिया है। फिर चाहे ईरान को पुनर्निर्माण के लिए एक बड़ी राशि मुहैया कराने की शर्त हो या होर्मुज जलडमरूमध्य में लगने वाले नए सेवा शुल्क की बात हो या ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते में कोई भी स्पष्टता न होने की बात। इन सभी मुद्दों पर ट्रंप अमेरिका में ही घिरे हैं। इसके बावजूद अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को ट्रंप की तरफ से ईरान के साथ तय 14 बिंदु वाले इस अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।



ईरान समझौते के निम्नलिखित ऐसे मुद्दे हैं जिन पर संशय-मतभेद की स्थिति पैदा हो गई है:

**300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण फंड और आर्थिक रियायतें**

समझौते की सबसे विवादास्पद शर्तों में से एक ईरान के लिए 300 बिलियन डॉलर के संभावित पुनर्निर्माण फंड का प्रावधान है। आलोचक ईरान की ओर जाने वाले किसी भी आर्थिक लाभ से बेहद खफा हैं। इसके अलावा ईरान को तुरंत अपना तेल बेचने की अनुमति और भविष्य की परमाणु वार्ता के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए फंडको जारी करने और प्रतिबंधों में ढील देने के रास्ते पर विवाद की स्थिति बन चुकी है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य और 60 दिन का युद्ध विराम**

समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से नौसैनिक नाकेबांदी हटाने और परमाणु वार्ता के लिए 60 दिनों के युद्धविराम की बात कही गई है। इसे लेकर अमेरिका में यह बहस छिड़ गई है कि ईरान पर हमले से पहले जो स्थिति थी, युद्ध के बाद फिर वही स्थिति हो गई है। इस बात पर भी संशय है कि क्या ईरान भविष्य में भी इस जलमार्ग का उपयोग करने वाले जहाजों से टोल या कोई सर्विस फीस वसूलना जारी रखेगा।

**परमाणु कार्यक्रम पर ठोस प्रतिबद्धताओं की कमी**

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात सामने आई है कि समझौते की भाषा बेहद अस्पष्ट है। आलोचकों का आरोप है कि इस समझौते में ईरान द्वारा अपने परमाणु हथियारों के विकास को छोड़ने को लेकर कोई दृढ़ प्रतिबद्धता, तय मानदंड या पुख्ता क्रम मौजूद नहीं है।

**हिज्बुल्ला, हमास और हूतियों जैसे प्रॉक्सी गुटों पर चुप्पी**

इस्राइल समर्थक रिपब्लिकन नेताओं को इस बात की गहरी चिंता है कि यह समझौता पूरे क्षेत्र में लड़ाई तो रोक सकता है, लेकिन यह ईरान समर्थित हिज्बुल्ला (लेबनान), हमास (गाजा) और हूतियों (यमन) के मिसाइल कार्यक्रमों और खतरों को खत्म करने पर केंद्रित नहीं है। इज़राइल का मानना है कि इन प्रॉक्सी गुटों से निपटे बिना युद्धविराम उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

**बाजार दर्पण**




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089